

कांग्रेस ने देश को खोखला किया : पीएम मोदी 12

जब अचानक मच गई चीख-पुकार 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 188
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
सोमवार | 22 अप्रैल, 2024

योगी आदित्यनाथ ने कोरबा, बिलासपुर और राजनांदगांव में जनसभा को किया संबोधित, कहा, कांग्रेस का नक्सलवाद से सांठगांठ, युवाओं का भविष्य खराब किया

प्रभु श्रीराम की धरती का संदेश लेकर उनके ननिहाल आया हूं: सीएम योगी

हम नक्सलवाद के सामने घुटने नहीं टेकते, नेस्तनाबूद कर देते हैं: सीएम योगी

- लोकसभा चुनाव में रविवार को छत्तीसगढ़ के चुनावी समर में गरजे यूपी के मुखिया
- मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव से भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडेय के लिए की जनसभा
- बुलडोजर बाबा को सिर आंखों पर बैठाया, पूरी रैली 'योगी-योगी' के नारों से गूंजी
- पाकिस्तान की आबादी यूपी से भी कम, लेकिन वहां लोग भूखों मर रहे हैं: सीएम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोरबा, बिलासपुर, राजनांदगांव

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को छत्तीसगढ़ में अपने तेवर में रहे। विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में कमल के फूल के लिए समर्थन मांगने पहुंचे योगी आदित्यनाथ का जनमानस ने जोरदार स्वागत किया। योगी-योगी के नारों से छत्तीसगढ़ की रैली गूंज उठी। यहां बुलडोजर बाबा को जनमानस ने सिर आंखों पर बैठाया। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज का भारत नक्सलवाद के सामने घुटने नहीं टेकता, बल्कि उसे नेस्तनाबूद करने का माद्दा रखता है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि तमाम घोटाला करने वाली कांग्रेस ने यहां गोबर घोटाला भी कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न सुरक्षा दे सकती है, न सुशासन। योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का नक्सलवाद से सांठगांठ किसी से छिपा नहीं है। इन लोगों ने युवाओं के हाथों में टेबलेट देने की जगह तमंचा थमा दिया। योगी आदित्यनाथ रविवार को कोरबा लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय के समर्थन में विशाल रैली को संबोधित कर रहे थे। इधर, बिलासपुर में 21 अप्रैलः सीएम ने कहा कि कांग्रेस का पेट कभी भरने वाला नहीं है। यह गरीबों के हकों पर डकैती डालते हैं। कांग्रेस समस्या और भाजपा समाधान है। विकसित भारत के लिए समस्या नहीं, समाधान का रास्ता अपनाना है। आपके वोट के कारण दस वर्षों में परिवर्तन हुआ है।

भूपेश सरकार ने 18 लाख गरीबों के मकान रोक दिए थे

सीएम योगी ने कहा कि आपने बदलते भारत को देखा है। भावी पीढ़ी को आप बता सकते हैं कि हमने वह दौर देखा है, जो विकसित भारत की आधारशिला बन रहा है। वोट देकर कोई हनुमान, कोई अंगद तो कोई जामवंत बनकर विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में योगदान दिया होगा। बदलते भारत का दुनिया में सम्मान है। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार ने 18 लाख गरीबों के मकान रोक दिए। अब विष्णुदेव साय के नेतृत्व की भाजपा सरकार ने केंद्र को लिखकर दिया है कि हमारा पैसा दीजिए, हम अपना शेयर देंगे। छत्तीसगढ़ के 18 लाख गरीबों को मकान दिया जाएगा।

उप्र में अपराधियों का 'राम नाम सत्य' हो गया

सीएम योगी ने कहा कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में अच्छा कार्य कर रही है। केंद्र व राज्य में एक जैसी सरकार होती है तो विकास कई गुना तेजी से बढ़ता है। 2017 से पहले अयोध्या का नाम सुनने से लोग डरते थे। 75 में से केवल चार जनपदों को बिजली मिलती थी। बेटी-व्यापारी असुरक्षित थे पर केंद्र व राज्य में भाजपा सरकार होने से सात वर्ष से दंगा-कर्फ्यू नहीं लगा। बेटी-व्यापारी सुरक्षित हैं। लगता है अब अयोध्या में त्रेतायुग आ गया है। उप्र के अपराधियों का राम नाम सत्य हो गया है। सुरक्षा, विकास व सुशासन के मॉडल के लिए मोदी आवश्यक हैं। जनसभा में छत्तीसगढ़ के मंत्री लखन लाल देवांगन, दयाल दास बघेल, विधायक सुशांत शुक्ला, श्यामा अग्रवाल, धर्मपाल कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

65 वर्ष तक कांग्रेस के लोग कुछ नहीं कर पाए

सीएम योगी ने कहा कि 65 वर्ष तक कांग्रेस के लोग कुछ नहीं कर पाए। जब मोदी पीएम व अमित शाह गृह मंत्री बने तो धारा-370 समाप्त हुई और जम्मू-कश्मीर लोकतंत्र की मुख्य धारा के साथ एक भारत-श्रेष्ठ भारत से जुड़ा हुआ है। पहले आतंकी विस्फोट करते थे और निर्दोष मारे जाते थे। उस समय कांग्रेस सरकार कुछ नहीं करती थी, सिर्फ कहती थी कि देखेंगे। अब जोर से पटाखा फूटने पर पाकिस्तान कहता है कि हमारा हाथ नहीं है। 1947 में भारत का विभाजन कर पाकिस्तान बना। वहां की आबादी यूपी से भी कम है, लेकिन वहां लोग भूखों मर रहे हैं।

बिलासपुर में क्या बोले सीएम योगी

- सही वोट से बनी सरकार, सही सरकार से हो रहे सही निर्णय: नेतृत्व-मार्गदर्शन मोदी जी का, लेकिन श्रेय आपको है, क्योंकि आपके सही वोट से सही सरकार बनी और सही सरकार बनने से सही निर्णय हो रहे हैं। गलत वोट से गलत सरकार बनती है तो घोटाले पर घोटाले करती है। घोटालों की श्रृंखला कांग्रेस की पहचान बन चुकी है। कांग्रेस सरकार गरीबों को राशन नहीं देती थी, लेकिन आतंकियों को बिरयानी खिलाती थी। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने रविवार को बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू के लिए जनसमर्थन मांगा।
- कांग्रेस के दोहरे चरित्र को समझने की आवश्यकता- सीएम योगी ने कहा कि छत्तीसगढ़िया, सबसे बढ़िया। 500 वर्ष के इंतजार के बाद श्रीराम लला फिर से विराजमान हुए हैं। उत्तर प्रदेश व देशवासियों से अधिक छत्तीसगढ़ में उत्साह था। पहले छत्तीसगढ़ में मंदिर बना, फिर अयोध्या में बना। क्योंकि पहले ननिहाल में बग्चा आता है, फिर अपने धाम में विराजमान होता है। कांग्रेस ने राम-कृष्ण के नाम को ही नकार दिया था। इन लोगों ने भारत की सनातन आस्था का अपमान किया। यहां के कण-कण में राम की स्मृतियां छिपी हैं। जब मंदिर बन गया तो कांग्रेसी कहते हैं कि राम सबके हैं। यह उनका दोहरा चरित्र है। इसे समझने की आवश्यकता है।
- जिम्मेदारियों को अव्यवस्था का शिकार बनाती है कांग्रेस- सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस जिम्मेदारियों को अव्यवस्था व अराजकता का शिकार बना देती है। 1947 में देश आजाद हुआ, सत्ता कांग्रेस को मिली तो उन्होंने देश को आतंकवाद, नक्सलवाद, क्षेत्रवाद, जातिवाद, अराजकता, भ्रष्टाचार की तरफ ढकेल दिया। वे बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर को अपमानित करते थे। 1952 में संविधान संशोधित कर कश्मीर के लिए विशेष प्रावधान किया गया। तब श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आंदोलन चलाते हुए नारा दिया कि एक देश में दो प्रधान, दो निशान, दो विधान नहीं चलेंगे। उन्होंने कश्मीर को भारत का हिस्सा बनाने के लिए खुद का बलिदान दे दिया।

कांग्रेस ने भगवान को भी नहीं छोड़ा

योगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कमीशन खाने की आदी हैं, मगर गरीबों के जनधन अकाउंट खोलकर मोदी जी ने कांग्रेसियों के कमीशन को खत्म करने का काम किया है। कहा कि कांग्रेस राज में गरीब भूख से मरता था, किसान आत्महत्या करता था, नौजवान पलायन करता था और बेटी व व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में देश की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुए हैं। पूरे देश से एक ही आवाज आ रही है, फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भगवान को भी नहीं छोड़ा, उसने महादेव ऐप के नामपर घोटाला कर दिया। जब हम कहते थे कि राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे तब कांग्रेस के लोग सुप्रीम कोर्ट में कहते थे कि राम हुए ही नहीं। अब कहते हैं राम सबके हैं। ये कांग्रेस का दोहरा चरित्र है।

कांग्रेस ने बच्चों के हाथों में थमाया तमंचा: योगी

- सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस घोटाले, आतंकवाद, नक्सलवाद का नाम है। जिस आयु में युवाओं के हाथों में पुस्तक, टैबलेट, दुनिया को आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उस आयु के बग्चों के हाथों में तमंचे पकड़ा दिए। उन्हें भारत के खिलाफ ही लड़ने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद, उग्रवाद के नाम पर उकसाया। कांग्रेस शासन के समय यहां लव जेहाद की घटनाओं को छूट दे दी गई थी। सामान्य नागरिक भुवनेश्वर साहू के साथ हुई घटना कोई भूला नहीं है।
- छत्तीसगढ़ की जनता का अभिवादन करता हूं कि उनके पिता ईश्वर साहू को विधायक बनाकर भुवनेश्वर की स्मृतियों को जीवंत बनाने का कार्य किया है। भुवनेश्वर ने लव जेहाद और कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति का विरोध करते हुए अपना बलिदान दे दिया था।
- सीएम योगी ने कहा कि इस सीट पर कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रत्याशी बनाया है। उनके ऊपर पहले से शराब, कोयला, पब्लिक सर्विस कमीशन, महादेव ऐप आदि के घोटाले का आरोप और एफआईआर हो, वह व्यक्ति ठसक के साथ चुनाव लड़ने का दुस्साहस कर रहा है।
- वह मानकर चलता है कि कितना भी बड़ा अपराध करेंगे और समाज की आंखों में धूल झोंककर सत्ता हथिया लेंगे। वे यह जान लें कि नए भारत में घोटालेबाज नहीं चलेंगे। शराब व कोयला घोटाला कांग्रेस की प्रवृत्ति थी लेकिन भूपेश बघेल ने गोबर घोटाला भी कर डाला। गोमाता को तस्करों-कसाइयों के हवाले कर दिया गया था।
- सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस को जब भी अवसर मिला, उन्होंने छत्तीसगढ़ को लूटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा। गरीबों, पिछड़ों, वनवासियों-आदिवासियों के उत्थान के लिए श्रद्धेय अटल जी व पीएम मोदी के नेतृत्व में बनी योजनाओं को रमन सिंह-विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारों ने लागू किया तो कांग्रेस ने पांच वर्ष के कुशासन में इसे समाप्त करने का प्रयास किया। छत्तीसगढ़ हजारों वर्षों से विरासत का संरक्षण करती आ रही है।
- सरकारों ने उपेक्षा की होगी। लोगों ने तमाम प्रकार के गलत तरीके से छवि को प्रस्तुत करने का प्रयास किया होगा, लेकिन केंद्र में अटल जी-मोदी जी व प्रदेश की भाजपा सरकार मजबूती के साथ छत्तीसगढ़ को पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई देती है।

'छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया'

छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया का नारा देते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं प्रभु श्रीराम की धरती का संदेश लेकर यहां आया हूं। ये माता कौशल्या का मायका और श्रीराम का ननिहाल है। उन्होंने कहा कि 500 साल बाद श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए तो सबसे ज्यादा उत्साह छत्तीसगढ़ में था। जब श्रीराम को वनवास जाना था तो सबसे पहले उन्होंने यहीं शरण ली थी। यहीं पर उन्होंने ऋषि-मुनियों और समाज के सज्जन प्रवृत्ति के लोगों की रक्षा और राक्षसों से मुक्ति का सिंहनाद किया था, जो भारत को रामराज्य की ओर ले जाने का संकल्प था। प्रभु के ननिहाल के लोगों को बताने आया हूं कि निश्चिंत रहिए रामराज्य की स्थापना मोदी जी के नेतृत्व में होने जा रही है।

गरीब कल्याण की योजनाओं का कोई सानी नहीं

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 10 साल में हम सबने बदलते हुए भारत को देखा है। एक ऐसा भारत जो अपने नागरिकों को सुरक्षा और संरक्षण देता है। विकास के बड़े बड़े कार्य हो रहे हैं। हाईवे, एक्सप्रेस, एम्स, आईआईटी बीजेपी सरकारों की पहचान बने हैं। इसके अलावा गरीब कल्याण की योजनाओं का कोई सानी नहीं है। आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या का समाधान हुआ है। पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सबसे पहले सफाई देता है। उसे पता है कि भारत में कोई आतंकवादी घटना होती है तो उसे लेने के देने पड़ जाएंगे।

80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा

योगी आदित्यनाथ ने देश में हुए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि मोदी सरकार में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है, जबकि पाकिस्तान में 23 करोड़ लोग एक जून की रोटी के लिए तरस रहे हैं। पाकिस्तान बड़ी ठसक के साथ भारत से अलग हुआ था, मगर आज वहां लोग बदहाली की जिंदगी जी रहे हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना, फ्री बिजली कनेक्शन, उज्ज्वला योजना, महिला स्वावलंबन सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को भी गिनाया। बताया कि अगले पांच साल में तीन करोड़ नये आवास गरीबों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

दिल्ली के सीएम को अपने उत्तम स्वास्थ्य का मौलिक अधिकार है, उच्चस्तरीय जांच हो: अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को शुगर कंट्रोल करने के लिए जेल में इन्सुलिन नहीं देने दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसकी तत्काल जांच की जानी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को अपने उत्तम स्वास्थ्य का मौलिक अधिकार है। ये समाचार अविश्वसनीय है कि जेल में उनकी बढ़ती शुगर को नियंत्रित करने के लिए इन्सुलिन देने से मना किया जा रहा है। इस समाचार का तत्काल उच्च स्तरीय संज्ञान लिया जाए और पता किया जाए कि इस साज़िश के पीछे किसके निर्देश हैं।

एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा: बरात जा रही कार का टायर फटा, दूल्हे के भाई सहित पांच की मौत, तीन की हालत नाजुक

जन एक्सप्रेस। आगरा

- राहुल और कुलदीप यादव अजय कुमार की हालात नाजुक बताई जा रही

आगरा में कुबेरपुर कट के पास एक्सप्रेसवे पर बरात जा रही तेज रफ्तार कार का टायर फट गया। हादसे में दूल्हे के भाई सहित पांच युवकों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी लोग ग्रेटर नोएडा से देवरिया बरात में जा रहे थे। रास्ते में हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कार्य है। खबर मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। मृतकों में नोएडा निवासी चंदन कुमार (32), बिहार के सुदेश कुमार (28), संजीव शर्मा (30), प्रवीण (30) और पटना निवासी गौतम कुमार (25) शामिल हैं। वहीं नोएडा के राहुल यादव और कुलदीप यादव, गाजियाबाद के अजय कुमार की हालात नाजुक बताई जा रही है।

रिपोर्ट जिला पंचायत की करोड़ों की संपत्ति पर कब्जा करने के लिए स्थानीय नेता और भूमाफिया हुए एक

क्षेत्रीय नेताओं की शह पर भूमाफियाओं ने करोड़ों की सरकारी संपत्ति पर किया कब्जा

लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर बंथरा में स्थित आयुर्वेद चिकित्सालय के नाम है बेस कीमती जिला पंचायत की भूमि

- छह वर्ष पहले तक संचालित होता था आयुर्वेदिक चिकित्सालय
- शिकायत कर्ता पर दबाव बनाने के लिए फर्जी मुकदमा लिखवाने की फिराक में तथाकथित नेता

जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पांडेय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जहां एक ओर शासन की मंशा भूमाफियाओं को जमीजोद करने की रही है वहीं दूसरी ओर बड़े बड़े भूमाफिया सत्ता के सहारे अपनी नैया पार लगाने और अपना काला साम्राज्य स्थापित करने में सफलता हासिल करते नजर आ रहे हैं। ऐसे ही जिला पंचायत लखनऊ में भी अपना प्रतिन्धित्व रखने वाले कुछ रसूखदारों के संरक्षण में जिला पंचायत की ही जमीन पर भूमाफिया किस्म के लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। जानकारों की मानें तो अवैध कब्जेदारों को क्षेत्रीय नेता अपना भरपूर संरक्षण दे रहे हैं।

शिकायतकर्ता भानु प्रताप सिंह की शिकायत के बाद जहां सरकारी अमला उक्त भूमि को खाली कराने की योजना बना रहा है, वहीं जिलापंचायत से संबंधित कुछ सफेदपोश लोगों ने इस मामले को अपनी अवैध वसूली का जरिया बना रखा है। जिस चिकित्सालय की जमीन को स्थानीय नेता कब्जा करवाने में लगे हैं वहां एक विभागीय रिपोर्ट के अनुसार पिछले छः वर्ष पूर्व तक जिला पंचायत द्वारा आयुर्वेद चिकित्सालय संचालित होता रहा है। तत्कालीन चिकित्साधिकारी के सेवा निवृत्त होने के बाद चिकित्सक की अनुपलब्धता के कारण चिकित्सालय का संचालन बाधित हो गया था। जिसके चलते लावारिस पड़ी भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर लिया।

भ्रष्टाचार! दान में मिली भूमि को भूला जिला पंचायत, भूमाफियाओं के कब्जे में आयुर्वेदिक चिकित्सालय की जमीन

राजनैतिक संरक्षण में हो रहा जिला पंचायत की जमीन पर कब्जे का खेल!

दबंगों के आगे नतमस्तक हुआ जिला पंचायत, तन गई बहुमंजिला इमारतें

कभी हजारों लोग चिकित्सालय से होते थे लाभान्वित

जमीनों पर कब्जा कराने तक सीमित होते जनप्रतिनिधि

जिला पंचायत की लापरवाही से करोड़ों की जमीन पर हो चुका है कब्जा

बड़ा सवाल!

- चार्जशीट लगाने का कोई समय नहीं निर्धारित होता, जब साक्ष्य मिलेंगे उस आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। जांच चल रही है जो भी तथ्य सामने आयेंगे जांच अधिकारी उसकी जानकारी देंगे।
  -हेमंत कुमार राघव, थाना प्रभारी बंथरा
- मामले में विवेचना प्रचलित है साक्ष्य संकलन के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।
  -इन्ने हसन, उपनिरीक्षक जांच अधिकारी

हर भ्रष्टाचारी होगा बेनकाब, खुलेगी सबकी पोल, पढ़ते रहिए अपना पसंदीदा अखबार जन एक्सप्रेस राष्ट्रीय हिंदी दैनिक...

शिकायत कर्ता पर फर्जी मुकदमे लिखवाकर शिकायत वापस लेने का बनाया गया दबाव

राजनीति में लगातार पांव जमाने की कोशिश के बाद हर बार असफलता हाथ आने के बाद भी एक तथाकथित नेता जिला पंचायत के अधिकारियों पर धौंस जमाकर शिकायत कर्ता पर फर्जी मुकदमा लिखवाने का दबाव बनाते रहे जबकि कथित नेता चुनावी संग्राम में खुद हर बार मुंह की खाते रहे।

पीपी एक्ट के तहत एक माह में लगी नौ तारीख, अब तक निष्कर्ष रहा सिफर

उग्च न्यायालय के निर्देश के बाद जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लिया और जिलापंचायत द्वारा उप जिलाधिकारी सरोजिनी नगर न्यायालय में पीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। बड़ी बात ये रही कि एक माह में 9 तारीखें पड़ने के बाद भी मामला ज्यों का त्यों बना रहा। वहीं इस मामले में उप जिलाधिकारी सरोजिनी नगर फाल्गुनी सिंह ने भी स्पष्ट किया कि हम चैंबर में बैठ कर नहीं बता सकते, मामला न्यायालय में है, निर्णय के बाद ही जानकारी दी जा सकती है।

फर्जी दस्तावेजों के सहारे चकबंदी अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे अवैध कब्जेदार

जानकारों की माने तो जिला पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जेदारों द्वारा फर्जी व कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर चकबंदी अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चकबंदी ऑफिस में भी अवैध कब्जेदारों के हाथ निराशा ही लगी है।

ज्यों की त्यों रेंग रही स्थानीय पुलिस की जांच, कई माह बीतने के बाद भी नहीं लगी चार्जशीट

जिला पंचायत की बेस कीमती जमीन पर कब्जा करने के संबंध में अधिकारियों के निर्देश पर बंथरा थाना में आईपीसी की धारा 447 व पीपी एक्ट की धारा 2/3 के तहत दश आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था, लेकिन अब तक स्थानीय पुलिस ने भले ही मामले में तीन जांच अधिकारी बदले हों, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा अब तक क्या जांच की गई इसका कुछ अता पता नहीं। बंथरा पुलिस पर यह आरोप भी लग चुके हैं कि जांच करने के बजाय स्थानीय पुलिस समझौते की मीटिंग करने व कराने का रास्ता निकालने का प्रयास कर रही है।

जिला स्तरीय सम्मेलन में बसपा कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

* बसपा मुखिया ने चित्रकूट को दिया था जिले का दर्जा- मयंक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में रविवार को जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के मंडल प्रभारी अभिषेक गौतम ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया।

बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मंडल प्रभारी अधिवक्ता कौशलेंद्र कुमार, अयूब खान व बल्देव प्रसाद वर्मा ने बूथ से जिलास्तरीय तक के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को आगामी एक माह पूरी निष्ठा और मनोयोग के साथ अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी की विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी लोग पूरी ताकत झोंक दें।

बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की मुखिया उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती ने हमेशा सर्व समाज के हित की बात की है। बसपा सरकार में प्रदेश से गुंडे माफियाओं का सफाया किया गया। खासतौर से चित्रकूट जनपद में दद्दुवा और ठोकिया जैसे दुर्दांत बदमाशों का सफाया बसपा सरकार के गठन के कुछ दिन बाद ही कर दिया गया था। जिससे दशकों से पाठा क्षेत्र में कायम भय और आतंक का खात्मा हो गया था। इसके अलावा चित्रकूट को जनपद का दर्जा भी तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं बसपा मुखिया बहन मायावती ने ही दिया था। चित्रकूट समेत पूरे बुंदेलखंड में बसपा सरकार में बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराए गए थे, किंतु बाद की सरकारों ने इन विकास कार्य को रोक दिया। मऊ के महिला घाट का अधूरा पुल इसका उदाहरण है। इस पुल को बसपा सरकार ने वर्ष 2010 में स्वीकृत कराकर कार्य शुरू करिए दिया था, किंतु इसके बाद बनी सपा और भाजपा सरकार की कार्यशैली के चलते लगभग 14 साल में भी यह पुल पूरा नहीं बन सका है। ऐसे सभी विकास कार्यों को पूर्ण कराया जाएगा।

इस मौके पर बसपा नेता अरुणपाल, सुरेश तिवारी, राम अभिलाष पाल, विनय कुमार पाल, जमुना पाल, शिवऔतार त्रिपाठी, बी डी पाल, जगदीश यादव, वीरेंद्र पाण्डेय, नफीस खान, दरबारी लाल, दुर्गा प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद वर्मा, कपिल देव वर्मा, विनोद पाल, सादिक मंसूरी, नगर अध्यक्ष राजेश कुमार रैकवार, शिवबाबू गर्ग, अतुल कुमार द्विवेदी, नत्थू प्रसाद वर्मा, सी एल भारती, मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष रावेंद्र कुमार वर्मा, चित्रकूट विधान सभा सोनपाल वर्मा, राजकुमार विमल, राजेन्द्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

गायपालक ने की जांच की मांग

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिला मुख्यालय में वार्ड नं आठ के निवासी गुरुदीन शुक्ला ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि वह अपनी गायों की सेवा कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। बीती 16 अप्रैल को एक गाय के बीमार होने पर वह जिला कचहरी परिसर स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय पहुंचा। जहां मिले पशु चिकित्सक को उसने अपनी गाय के बीमार होने के सम्बन्ध में जानकारी दी और चिकित्सक ने एक मोबाइल नंबर देकर उसे बात करने को कहा जिसके बाद मोबाइल से हुई बात के आधार पर एक व्यक्ति उसके घर गया और बाहर से दवाएं मंगाने के बाद इलाज की फीस भी मांगी। इसके बाद फीस और दवा की कीमत ज्यादा होने के कारण वह फिर से राजकीय पशु चिकित्सालय पहुंचा, किंतु पशु चिकित्सक गाय के इलाज को लेकर टाल-मटोल करते रहे। गाय की हालत खराब होने पर बीती 18 अप्रैल को एक व्यक्ति को पशु चिकित्सालय से भेजा गया और वह दवा के रूप में एक पाउडर देकर चला आया। इसके बाद बीती 20 अप्रैल को उसकी गाय ने दम तोड़ दिया।

दुष्कर्म के आरोपी का रेलवे पटरी के किनारे मिला शव

जन एक्सप्रेस। कौशांबी

14 अप्रैल को उसने पड़ोसी महिला के घर में घुसकर मुंह दबाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। इसी बीच बुधवार शाम कोखराज के भरवारी और चमंधा गांव के समीप दिल्ली हावड़ा रुट के डाउन लाइन के बाहर संदिग्ध हालत में हंसराज का शव पड़ा मिला।

कोखराज कोतवाली के भरवारी और चमंधा गांव के बीच दिल्ली हावड़ा रुट पर डाउन लाइन के किनारे सरायअकिल के मुस्तफाबाद गांव के हंसराज का शव पड़ा मिला। मौत से एक दिन पहले ही यानि बुधवार को उसके खिलाफ पड़ोसी महिला ने दुष्कर्म के आरोप का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के दूसरे दिन ही हंसराज की संदिग्ध मौत कई सवाल खड़ा कर रही है। घरवालों ने उसके हत्या का आरोप लगाया है वहीं पुलिस आत्महत्या करने की बात कह रही है।

सरायअकिल के मुस्तफाबाद गांव का हंसराज (40) मजदूरी करके किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करता था। आरोप है कि 14 अप्रैल को उसने पड़ोसी महिला के घर में घुसकर मुंह दबाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। इसी बीच बुधवार शाम कोखराज के भरवारी और चमंधा गांव के समीप दिल्ली हावड़ा रुट के डाउन लाइन के बाहर संदिग्ध हालत में हंसराज का शव पड़ा मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोखराज पुलिस ने हंसराज की मौत को आत्महत्या मानकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी तरफ मृतक हंसराज की मां बड़की देवी ने बताया कि 14 अप्रैल को हंसराज ने थोड़ी सी शराब पी ली थी। वह घर के पास ही घूम रहा था। उसके बेटे ने किसी महिला के साथ दुष्कर्म नहीं किया है। उसको फर्जी तरीके से साजिश के तहत फंसाया गया है। बड़की के मुताबिक 16 अप्रैल को शाम चार बजे आरोप लगाने वाली महिला का देवर बेटे को घर से बुलाकर ले गया था।

आरोप है कि वहां हंसराज को आरोप लगाने वाली महिला समेत उसके ससुर देवर और देवरानी ने जमकर मारा-पीटा था। बीच-बचाव करने वह स्वयं मौके पर गई थी। वहां से आने के बाद ही डर वश उनका बेटा घर से सौ रुपया मांगकर बहिन के गांव जवाहरगंज जाने की बात कहकर निकल गया था। बुधवार को वापस घर नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन करना शुरू कर दिया था, लेकिन पता नहीं चला।

उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार शाम हंसराज की मौत की सूचना उन्हें ग्राम प्रधान के जरिए मिली। परिजनों ने हंसराज की हत्या करने का आरोप लगाया है। पत्नी ननकी देवी ने कोखराज कोतवाली में चार लोगों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। प्रकरण में इंस्पेक्टर कोखराज इंद्रदेव का कहना है कि प्रथमदृष्टया मामला खुदकुशी का लग रहा है।

ग्रामीणों के लिए मुसीबत बना आवारा भैंसा, खेतों पर नहीं पहुंच पा रहे किसान

जन एक्सप्रेस। कालपी

काशीरामपुर गांव में ग्रामीणो के लिए मुसीबत बना आवारा भैंसें ने रविवार सुबह हार्वेस्टर संचालक पर हमला कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं इससे पहले भी आवारा भैंसें के कारण मसगाया के एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। कालपी कोतवाली क्षेत्र के काशीरामपुर गांव निवासी अशोक ओमरे ने देवस्थान पर भैंस का बच्चा आवारा छोडा था। जो अब बड़ा हो गया और ग्रामीणो व आसपास के बाशिन्दों के लिए परेशानी का कारण बन गया है।

ग्रामीण नीतू, चन्द्रिका, मनीष, राजेश पटेल, रघुनन्दन मिश्रा के मुताबिक यह आवारा भैंसा दिनो दिन खतरनाक होता जा रहा है। जिसकी शिकायत पशुधन विभाग के साथ साथ एसडीएम से भी कर चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा जनता की इस परेशानी को तवज्जो नही दी गई। आलम यह है कि लोग अपने खेतो की कटाई भी आराम से नही कर पा रहे हैं। बताया गया कि रविवार की सुबह गुलौली गाव निवासी अब्बुल लैस अपने हार्वेस्टर से उनके मौजा में गेहू की फसल कटवा रहे थे। इसी दौरान भैसा ने उनके ऊपर हमला बोल दिया। जिसमें वह घायल हो गए। ग्रामीणो का कहना है इससे पहले भैंसा के हमले में गांव के ही निवासी सागर यादव, काजल यादव सहित कई लोग घायल हो चुके हैं। जबकि इसी के हमले में कुछ माह पहले पडोसी गांव मसगाया में एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीणो ने शासन प्रशासन से खतनाक साबित हो रहे इस आवारा भैसा से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

20 बिंदुओं पर भाजपा जिले के सभी 851 बूथों में करेगी काम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई द्वारा रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बूथ सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता ने आगामी चुनावी कार्यक्रमों की योजना को बताते हुये कहा कि जनपद के सभी 851 बूथो पर 20 काम होने है। जिन पर सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारियों व पालको को मंडल अध्यक्षों के साथ मिलकर काम करना है। बूथों मे टिफिन बैठक करना है। पन्ना प्रमुखों की बैठक करना है और लाभार्थियों से सम्पर्क करना है। इसके अलावा अन्य कामों को क्रियान्वित करना है। कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण विजय के संकल्प के साथ अपना बूथ जीतने के लिए संकल्पित प्रयास करे।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि यह चुनाव भारत को विश्व गुरु बनाने का चुनाव है। आज दुनियां की निगाहे भारत के चुनाव पर हैं। इस पर हम सबको मिलकर पार्टी के निर्देशों को मानते हुए काम करना है। उन्होंने ने कहा कि आगामी बूथ सम्मेलन और 29 अप्रैल को होने वाले नामांकन में सभी 851 बूथो से कार्यकताओं को पंहुचना है।

सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि वह स्वयं सभी की तरह भाजपा के एक छोटे से कार्यकर्ता हैं। यह चुनाव कार्यकर्ताओं के सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। कहा कि सबके साथ मिलकर पीएम मोदी के हांथो को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, मऊ ब्लाक प्रमुख सुशीला वर्मा, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, रजना उपाध्याय, तीरथ तिवारी, बद्री त्रिपाठी, जगदीश गौतम, जयप्रकाश पांडेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, सुरेश अनुरागी, आदित्य, सुखेन्द्र आदि मौजूद रहे।

खेत में हाईटेंशन लाईन टूट कर गिरने से गेहूं की फसल जलकर हुई राख

जन एक्सप्रेस। कालपी

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मैनूपुर रविवार की दोपहर हाईटेंशन लाईन टूट कर गेहूँ के खेत में खड़ी फसल पर गिर गई। जिससे दो बीघा गेहू की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। हालाकि किसानों की सक्रियता से आग आगे नहीं बढ सकी है और मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। गर्मी की शुरुआत होते ही आग ने अपना तांडव दिखाना शुरू कर दिया। जिसके चलते आये दिन कहीं न कहीं कोई न कोई किसान हादसे का शिकार हो रहा है। बताया जा रहा है कि ज्यादातर घटनाओं में आग लगने का कारण फसलों के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाईने ही है। जिसका खामियाजा एक और गरीब किसान को भोगना पड़ा है। बताया गया है कि कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मैनूपुर निवासी कल्लू दीक्षित के खेतो के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाईन निकली हुई हैं। रविवार को अचानक तार टूट कर खेत में गिर गया, और तार के गिरते ही खेत में खडी गेहू की फसल में आग लग गई। मौजूद किसानों में हड़कंप मच गया और उन्होंने सूचना गांव वालों को दी। खबर मिलते ही ग्रामीणों का झुंड मौके पर पहुंच गया और आग बुझाने का प्रयास करते हुए मामले की सूचना दमकल कर्मियों को दी और आग को आगे बढने से रोकने का प्रयास किया। उधर खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

हाईटेंशन तार की चिंगारी से दो दर्जन के लगभग किसानों की फसल में लगी आग

* एसडीएम ने दिया सहायता का आश्वासन

जन एक्सप्रेस। राजापुर, चित्रकूट

हाईटेंशन तार के घर्षण से निकली चिंगारी से 100 बीघे में खड़ी लगभग दो दर्जन किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जल्द ही सर्वे कराकर अग्निपीड़ितों को सहायता का आश्वासन दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजापुर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गड़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के लगभग दो दर्जन किसानों की 100 बीघे में खड़ी गेहूँ की फसल हाईटेंशन विद्युत तार के घर्षण से निकली चिंगारी से जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पाकर उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा, प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी सहित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल मौके पर पहुँचे और दमकल कर्मियों की सहायता से आग को बुझाया। अग्निपीड़ित किसान माताबदल ने बताया कि दोपहर में तेज हवा चलने के कारण हाईटेंशन विद्युत तार आपस में टकरा गईं। जिससे निकली चिंगारी से लगभग दो दर्जन किसानों की 100 बीघे में खड़ी गेहूँ की फसल में आग लग गई। बताया कि अग्नि की चपेट में कुछ ऐसे किसान भी हैं जिनके पास मात्र इतनी ही गेहूँ की फसल थी कि परिवारों के भरण-पोषण में भी संकट आ सकता है। राजापुर उपजिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि ग्राम पंचायत गड़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के लेखपालों को लगाकर जली हुई फसल का सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे पूर्ण होने के बाद अग्निपीड़ित किसानों को आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी। अग्निपीड़ितों में ग्राम पंचायत गढ़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के माताबदल, मातादीन, भोला सिंह, शिवकुमार, शकुन्तला देवी, सुधा पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, अवधनरेश, रमेश, शिवप्रताप, सन्तोष, साधुराम, रामबाबू सहित दो दर्जन के लगभग किसान शामिल है।

पुलिस भर्ती में दूसरे की जगह पेपर दिलाने वाले गैंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा धारा 419, 420, 467, 468 भादवि0 व 6/10 परीक्षा अधिनियम के मुख्य आरोपी दर्पण सरोज उर्फ डीपी निवासी ग्राम ऊकोठी थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि बीती 17 फरवरी को जनपद चित्रकूट में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा में स्वामी रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय सेन्टर पर द्वितीय पाली में संदीप कुमार निवासी ठाकुर का पुरवा मुतर्जापुर तहसील कुण्डा थाना संग्रामगढ़ जिला प्रतापगढ़ के स्थान पर अजय कुमार निवासी तुलापुर मुकुंदपुर तहसील सोरांव थाना होलागढ़ जिला प्रयागराज परीक्षा दे रहा था। पूंछतांछ में अजय कुमार ने बताया कि एक डी पी नाम के व्यक्ति के माध्यम से पांच लाख रुपये में परीक्षा पास कराये जाने की डील हुई थी। प्रकरण के सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी में आरोपी के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468 भादवि0 व 6/10 परीक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

एसओ की हठधर्मिता के कारण सिपाही की पत्नी और नवजात की मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

एसओ की हठधर्मिता के कारण सिपाही की पत्नी व नवजात की मौत हो गई। जिला मैनपुरी के बेला हार थाना क्षेत्र के कुरावली निवासी विकास निर्मल दिवाकर 2018 बैच से है और वर्तमान में थाना रामपुरा में तैनाती है। बताया गया है कि लगभग एक सप्ताह से सिपाही एसओ अर्जुन सिंह से गर्भवती पत्नी का प्रसव कराने का हवाला देते हुए कई बार छुट्टी के लिए मिन्नतें करता रहा।

लेकिन एसओ के हिटलरशाही रवैये को लेकर सिपाही को छुट्टी नहीं दी। जिसके चलते सिपाही की पत्नी को समय पर उचित उपचार न मिलने के कारण गर्भवती महिला व नवजात काल के मुँह में समा गये। सिपाही विकास ने बताया कि वो कई दिनों से एसओ से गर्भवती पत्नी का प्रसव अच्छी जगह कराने के लिए छुट्टी मांग रहा था। लेकिन एसओ साहब ने एक भी बात नहीं सुनी और छुट्टी देने से साफ मना कर दिया। बीते शुक्रवार को पत्नी को प्रसव पीड़ा हुई, जिसके बाद परिजन उसे गांव के अस्पताल ले गये।

जहां पर चिन्ता जनक हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल मैनपुरी भेज दिया गया। जहां पर चिन्ता जनक हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल मैनपुरी भेज दिया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे आगरा के लिए रैफर कर दिया। बताया गया कि आगरा जाते समय रास्ते मे जच्चा व बच्चा दोनों की मौत हो गई। अगर एसओ रामपुरा अर्जुन सिंह छुट्टी दे देते तो गर्भवती पत्नी का प्रसव कराने के लिए पहले ही बड़े शहर ले जाता और जो आज घटना घटी है, शायद नहीं घटती। सिपाही विकास द्वारा एसओ रामपुरा अर्जुन सिंह के हिटलरशाही रवैये की शिकायत पुलिस अधीक्षक ईरज राजा से की जा चुकी हैं।

जांच में दोषी पाए जाने पर एसपी ने दिए विभागीय कार्रवाई के आदेश

उरई। रामपुरा थाना प्रभारी अर्जुन सिंह द्वारा थाने में ही तैनात सिपाही के लाख गिड़गिड़ाने पर भी छुट्टी नहीं दी गई। जिससे वह समय रहते घर नहीं पहुंच सका और समय से उपचार न मिलने के कारण सिपाही की गर्भवती पत्नी व नवजात की मौत हो गई। मामले में पीड़ित सिपाही ने एसपी डॉ ईरज राजा को आप बीती सुनते हुए मामले की पूरी जानकारी दी। एसपी ने मामले को गंभीरता से संज्ञान में लिया और छुट्टी न मिलने की जांच करवाई। बताया गया है कि जांच में दोषी पाए जाने के बाद एसपी ने तानाशाह थानाध्यक्ष पर विभागीय कार्रवाई के आदेश दे दिए हैं।

काली पेट्रोल पंप के पास खेत में लगी सोलर प्लेटें ले गए चोर

जन एक्सप्रेस। उरई

रामपुरा नगर के काली पेट्रोल पम्प से पहले सड़क किनारे खेत मे लगी बड़ी सोलर प्लेटों को आरी से काटकर चोर चुरी कर ले गये।

सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी।

कस्बा रामपुरा निवासी राजेश कुमार शिवहरे के खेत पर बड़ी सोलर प्लेटें लगी हुई थी। जिन्हें शनिवार की रात चोरी चोरी कर ले गए। रविवार की सुबह आसपास के लोगों से खेत से चोरी हुई सोलर प्लेटो की जानकारी किसान को हुई। तो वह अपने खेत पर पंहुचा। जहां सोलर पैनल की दो बड़ी सोलर प्लेटें गायब मिली। जिसके बाद पीड़ित किसान ने थाने पहुचकर लिखित शिकायत पुलिस को दी। जिसमें बताया कि उनके खेत मे से दो सोलह प्लेटें चोरों द्वारा बीती रात काट कर ले गये हैं। पीड़ित राजेश ने बताया कि थाने में शिकायत देने के बाद भी अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई व न ही घटना स्थल का मुआयना किया गया।

श्रीराम राज्याभिषेक यात्रा का भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस। राजापुर, चित्रकूट

चार दिवसीय श्रीराम राज्याभिषेक यात्रा का तुलसी जन्मकुटीर के विशाल प्रांगण में नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यात्रा की अगुआई कर रहे पीठाधीश्वर हनुमानगढ़ी रामचैरा, श्रृंगबेरपुर धाम प्रयागराज के संत कमलदास महाराज ने तुलसी जन्मकुटीर व मानस पीठ का दर्शन किया। यात्रा की अगुआई कर रहे पीठाधीश्वर कमलदास महाराज ने बताया कि 20 अप्रैल से राम राज्याभिषेक यात्रा श्रृंगबेरपुर धाम से चित्रकूट, प्रयागराज होते हुए अयोध्या में भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक करते हुए यात्रा का समापन किया जाएगा।

इस यात्रा के आयोजन लोगो में सनातन धर्म के प्रति भाव उत्पन्न करते हुए समाज को एक नई दिशा देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम वनवास काल में श्रृंगबेरपुर धाम में पहुँचकर अति पिछड़ी जाति के निषादराज को हृदय से लगाकर मित्रता की जो मिसाल भगवान श्रीराम ने समाज को दिखाया है और भगवान राम ने समता मूलक समाज की स्थापना के लिए भीलनी जैसी सबरी के जूठे बैर खाकर एक प्रेम की मिसाल पैदा की थी। यदि आज का समाज भगवान श्रीराम के इन आदर्शों पर चले तो समाज की दिशा और दशा में अमूल्य परिवर्तन हो सकता है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य यही है। इस दौरान कस्बे के सतीश मिश्रा, शंकरलाल सोनी, राधेश्याम सोनी, रज्जू सोनी, सुनील मिश्रा, श्यामसुन्दर मिश्रा, राजेन्द्र सोनी, रामलाल सोनी, मुन्नू सोनी, अशोक सोनी, कल्लू जायसवाल, पूरनचन्द्र सोनी, सन्तोष सोनी, वीरेन्द्र शुक्ला ने यात्रा में चल रहे साधु संतों का अभिन्दन करते हुए भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण की झाँकी की पूजा अर्चना की।

प्राधिकरण सचिव ने किया जिला जेल का निरीक्षण

अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी कैम्पेन के सम्बन्ध में दी जानकारी

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के निर्देशानुसार प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने रविवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान आयोजित किए गए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में उन्होंने बंदियों को विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी।

जिला कारागार में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी कैम्पेन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जेल में कुछ ऐसे बंदी भी निरुद्ध रहते हैं, जिनकी जमानतें हो जाती हैं। इसके बावजूद वह लोग जेल से नहीं रिहा हो पाते हैं। ऐसे लोगों की रिहाई के लिए जमानतदार एवं अन्य बिंदुओं पर उन्होंने विस्तृत जानकारी प्रदान की।

साथ ही कहा कि ऐसे बंदी जिनके पास पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हैं, उनको निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए चित्रकूट कारागार अधीक्षक बंदियों से प्रार्थना पत्र प्राप्त कर लें। साथ ही आवश्यक कार्यवाही करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भेज दें। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, उपकारापाल रजनीश कुमार सिंह, चितरंजन श्रीवास्तव, ब्रज किशोरी, प्रमोद कुमार कनौजिया, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रामानुजम, डॉ विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

माफिया डॉन बच्चा पासी ने महिला से मांगा पांच लाख गुंडा टैक्स, पहले पीड़िता ने 50 हजार दिए, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

डी-46 गैंग के लीडर बच्चा पासी पर दो दर्जन मामले दर्ज हैं। वह धूमनगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है। वह प्रदेश के चिह्नित 66 माफिया की सूची में से एक है। एफआईआर वाराणसी के गोदाम रसूलपुर निवासी जयकांत यादव की पत्नी गीता देवी ने दर्ज कराई है। धूमनगंज में माफिया डॉन बच्चा पासी और उसके चार गुर्गों पर वाराणसी निवासी एक महिला ने पांच लाख रुपये गुंडा टैक्स मांगने की एफआईआर लिखाई है। आरोप है कि उसे न सिर्फ अपनी जमीन पर निर्माण कराने से रोका गया, बल्कि इसके एवज में रंगदारी भी मांगी गई। हिस्ट्रीशीटर के आदमी को 50 हजार दिए भी, लेकिन बदले में धमकी ही मिली। रिपोर्ट में एक अज्ञात को भी आरोपी बनाया है।

यह एफआईआर वाराणसी के गोदाम रसूलपुर निवासी जयकांत यादव की पत्नी गीता देवी ने दर्ज कराई है। कहा है, उनके कुछ रिश्तेदार धूमनगंज में रहते हैं। उन्हीं के बताने पर उमरपुर नीवा स्थित 60.11 वर्ग मीटर जमीन का बैनामा पिछले साल चार सितंबर को कराया था। अब मकान बनवाना शुरू किया तो स्थानीय भूमाफिया बच्चा पासी व राधा नाम की महिला ने काम रुकवा दिया। रंगदारी मांगी। न देने पर धमकी भी दी। बकौल गीता, उन्होंने बच्चा पासी के आदमी मूलचंद पुत्र विदेशी को 50 हजार देकर काम शुरू कराया तो दो युवकों को लेकर राधा फिर आ गई। कहा, शायद तुम बच्चा पासी को ठीक से नहीं जानती। पांच लाख दिए बगैर निर्माण नहीं करा सकोगी। विरोध करने पर युवकों ने गालियां दीं। इनमें से एक ने अभिषेक नाम बताते हुए धमकाया कि रुपये दिए बगैर काम कराने पर तुम्हारी यहीं समाधि बना देंगे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । सोमवार । 22 अप्रैल 2024 | 03

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार है तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 40.0 (+1.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.8 (+2.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 41 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 16 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 7.8 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

दिव्यांगों ने महा रैली निकाल जनता को वोट डालने के लिए किया जागरूक

मतदाता जागरूक कार्यक्रम चलाने वाले बड़े-बड़े संगठन और दल दिव्यांगों की इस महा रैली के सामने साबित हुए बौने

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

विकलांग एसोसिएशन ने रविवार को शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया में मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। उसके बाद मतदाता जागरूकता महारैली निकालकर आम जनता को मतदान के प्रति जागरूक किया। ए0डी0एम0 सिटी डा0 राजेश कुमार ने मतदाता जागरूकता गोष्ठी में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हर व्यक्ति का दायित्व है कि वो अपने मत का प्रयोग जरूर करे जिससे एक अच्छी सरकार चुनकर आ सके। निर्वाचन आयोग ने दिव्यांगजनों के प्रति अपनी उदारता का परिचय दिया है और इनका सत प्रतिशत मतदान कराने के लिए तमाम सुविधायें बूथ लेवल पर उपलब्ध करायी है। गोष्ठी के बाद ए0डी0एम0 सिटी ने जागरूकता महारैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली शास्त्री नगर, विजय नगर की गलियों में घूम-घूम कर आम जनता को मतदान करने की अपील की है। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम जी ने कहा कि हम सबको अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए सत प्रतिशत मतदान करना चाहिए और अपने परिवार, पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि संविधान में वोट का अधिकार हमको दिया गया है उसकी मूल भावना के अनुसार हम सबको मतदान करना चाहिए और स्वच्छ सरकार के निर्माण में अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए। जब तक हम अपना और अपने लोगों का मतदान नहीं करायेगें तब तक अच्छी सरकार का चुनाव नहीं हो सकता। अगर हम अपना मतदान नहीं करते हैं तो अगले 05 साल तक हमें किसी पर उंगली उठाने का अधिकार भी नहीं है। विकलांग एसोसिएशन के कार्यकर्ता मतदाता जागरूकता रैली के दौरान हांथो में तख्ती लिये हुए थे, जिसमें लिखा था। जब हम दिव्यांग होकर मतदान कर सकते हैं तो आप क्यों नहीं ?1 जागो मतदाता जागो - सत प्रतिशत मतदान करो। आइये चलें मतदान करें-लोकतंत्र का सम्मान करें। आपका एक वोट अच्छी सरकार बना सकता है। चलो भइया-चलो बहना वोट डालने-वोट डालने। मतदाता जागरूकता महारैली में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम, अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा राहुल कुमार, अशोक कुमार, गुड्डी दीक्षित, गौरव कुमार, महेश चन्द्र साहु, अनुराधा गुप्ता, सीमा कुशवाहा, गोमती, याशमीन, सरला, त्रिसी खरे, रोली शुक्ला, धीरेन्द्र केशरवानी, गुलजार आदि शामिल थे।

यूनियन का निर्णय श्रम विभाग के कर्मचारी जाएंगे हड़ताल पर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



श्रम विभाग कर्मचारी संघ की रविवार को वर्चुअल बैठक हुई। जिसमें श्रम विभाग उत्तर प्रदेश के सभी मंडलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा श्रम विभाग के कर्मचारियों से सम्बंधित नियमावली के संशोधन विषय पर चर्चा हुई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने बताया कि श्रम विभाग में विगत दो वर्षों से श्रम प्रवर्तन अधिकारी के पद पर कोई पदोन्नति नहीं की जा रही है उन्होंने बताया कि शासन का कहना है कि श्रम प्रवर्तन अधिकारी का पद राजपत्रित है और इन पदों पर आयोग द्वारा पदोन्नति की जाएगी। जबकि आयोग का कहना है कि नियमावली का संशोधन जब तक नहीं हो जाता शासन अपने स्तर से निर्णय ले। उन्होंने बताया कि वही श्रम विभाग शासन का कहना है कि जब तक नियमावली संशोधित नहीं होती तब तक पदोन्नति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि सभी पदाधिकारियों द्वारा बैठक में निर्णय लिया गया है कि शासन द्वारा इस फैसले को वापस लेकर पदोन्नति का रास्ता साफ न किए जाने पर कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे। बैठक में श्रम विभाग उत्तर प्रदेश के सभी मंडलों के उपस्थित पदाधिकारी कपिल सागर बरेली, सैयद फैसल हुसैन लखनऊ, गिरवर सिंह सहारनपुर, रवेंद्र सिंह अलीगढ़, मिथलेश कुमार गौतमबुद्ध नगर, राधेलाल गाजियाबाद जितेंद्र कुमार गोरखपुर, प्रदीप कुमार अयोध्या, एम सिद्दीकी मुरादाबाद ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में प्रभात मिश्रा, डी.एस.दीक्षित, सैयद फैसल, कपिल सागर, धर्मेन्द्र सिंह, चौधरी राहुल सिंह, सूर्यभान, सुरेश चंद्र, केडी पांडे, रईस मोहम्मद, गौरव कुमार सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

भिंडी उत्पादक किसानों के लिए जारी की एडवाइजरी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के साग भाजी अनुभाग कल्याणपुर के प्रभारी डॉ.राम बटुक सिंह ने रविवार को भिंडी उत्पादक किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि सब्जियों में भिंडी का स्वाद एवं औषधि दृष्टि से विशेष महत्व है। इसके हरे फलों को सब्जी के रूप में बड़े चाव के साथ खाया जाता है।भिंडी के हरे मुलायम फलों का प्रयोग सब्जी के अलावा सूप, फाई तथा अन्य रूप में भी किया जाता है। इसके तने व जड़ का प्रयोग गुण बनाते समय गन्ने के रस को साफ करने में भी होता है। इसके रेशा रस्सी बनाने में प्रयोग किया जाता है।कहीं-कहीं पर इसके बीजों से बने पाउडर का प्रयोग काफी के विकल्प के रूप में होता है। डॉ.सिंह ने बताया कि भिंडी विटामिन सी का एक उत्तम स्रोत है विटामिन सी जल में घुलनशील है जो शरीर में प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है इसके अतिरिक्त भिंडी में प्रोटीन, विटामिन, कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम एवं लोहा इत्यादि तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। भिंडी में कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है जो सेहत के लिए फायदेमंद होती है अल्सर एवं मधुमेह रोग में भिंडी का प्रयोग करना लाभप्रद पाया गया है। भिंडी में एंटी ऑक्सीडेंट भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं जो गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करता है। उन्होंने बताया कि एक कप (100 ग्राम कच्ची भिंडी) में 33 कैलोरी ऊर्जा, 1.39 ग्राम प्रोटीन, 23 मिलीग्राम विटामिन सी, 82 मिलीग्राम कैल्शियम, 299 मिलीग्राम पोटैशियम, 57 ग्राम मैग्नीशियम, 0.62 मिलीग्राम लोहा पाए जाने के कारण इसे महत्वपूर्ण सब्जी मानते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन भिंडी वर्तमान समय में लगभग डेढ़ से दो माह की हो गई है जिससे फलों की तोड़ाई का कार्य भी चल रहा है। जब पौधों में फलियां नरम खाने योग्य हो तो उन्हें तोड़ लेना चाहिए।पौधे पर सभी फल एक साथ तैयार नहीं होते हैं इसलिए फलियों की हर दूसरे तीसरे दिन तोड़ाई करते रहना चाहिए। डॉ.सिंह ने बताया कि भिंडी फसल में सफेद मक्खी तथा हरा फुदका जैसे प्रमुख हानिकारक कीटों का प्रकोप होता है जिसके नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड(3 मिलीलीटर मात्रा प्रति 10 लीटर पानी) या डाईमेथोएट (1 ग्राम मात्रा 1 लीटर पानी) का दो-तीन बार छिड़काव करना चाहिए।

14 उपद्रवियों को चौबेपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चौबेपुर थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गांव में शनिवार की देर रात हुए बवाल के लगभग चौदह आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा है। बवाल बढ़ न जाए इसके लिए रात से ही डी.सी.पी. स्तर के अधिकारी गांव में डेरा डाले हुए थे, पीएसी समेत कई थानों की फोर्स ने गांव को छावनी के रूप में तब्दील कर रखा था। देर रात्रि से ही पुलिस बवालियों को गिरफ्तार करने में लग गई थी और सुबह तक 20 से अधिक लोगों को शक में उठाया गया था, लेकिन 14 लोगों पर आरोपों की पुष्टि हो जाने के बाद उन्हें जेल भेजा गया है।

सूत्रों के मुताबिक शनिवार देर रात चौबेपुर थाना क्षेत्र के रुद्रपुर बैल गांव में दर्जनों लोग आपस में लड़ गए, इस दौरान कुछ अराजक तत्वों द्वारा शहर की शांति भंग करने का प्रयास किया गया। दो गुटों के बीच गाली गलौज होने लगी और देखते हीं देखते मारपीट में बदल गईं। जब विवाद अधिक बढ़ गया तो इसकी सूचना डायल 112 पर दी गई, दबी जुबान में गांव में चर्चा है कि सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंची पीआरवी पुलिस कुछ समझ पाती उससे पहले ही अराजक तत्वों ने पुलिस पर भी हमला कर दिया। जिसके बाद पी आर बी के पुलिस कर्मियों ने मदद के लिए थाने सूचना देकर और फोर्स मांगवाई जिसके तुरंत बाद भारी पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंच गया और स्थिति कों काबू किया। पुलिस ने मारपीट में घायल हुए लोगों को उपचार के लिए चौबेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया जहां से एक व्यक्ति के अधिक चोट होने के कारण हैलट हॉस्पिटल रेफर कर दिया। पुलिस ने लगभग डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया था, अपर पुलिस आयुक्त पश्चिम विजयेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों व इस घटना की शुरआत करने वाले अराजक तत्वों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही हैं। वहीं घटना स्थल रविवार को बिल्हौर, अरौल, ककवन, शिवराजपुर, बिठूर चौबेपुर, आरमापुर, कल्याणपुर, के अलावा एक प्लाटून पीएसी मौके पर मौजूद रहीं। अधिकारियों में डीसीपी वेस्ट विजय ढुल, एसीपी बिल्हौर विजय त्रिवेदी, एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडे प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

गिरफ्तार आरोपियों का विवरण

1. आशीष पुत्र बीनू निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर उम्र 19 वर्ष
2. अभिषेक पुत्र राजू गौतम निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर उम्र 19 वर्ष
3. सचिन पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर उम्र 20 वर्ष
4. शोभित पुत्र तेजराम निवासी कठेरीपुरवा थाना शिवराजपुर कानपुर नगर उम्र 20 वर्ष
5. अंकित पुत्र अनिल निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर उम्र 23 वर्ष
6. ऋषि पुत्र नन्हेलाल निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर उम्र 20 वर्ष
7. अतुल पुत्र कुँवरपाल निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर उम्र 19 वर्ष
8. अशोक दुबे पुत्र स्व0 देवी प्रसाद निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर उम्र 50 वर्ष
9. संजय पुत्र सोबरन सिंह निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगरउम्र 45 वर्ष
10. शिवा अवस्थी पुत्र विजय अवस्थी निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर उम्र 22 वर्ष 11. नारायन सिंह पुत्र यशकरन सिंह निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर उम्र 32 वर्ष
12. शिवम दुबे पुत्र अशोक दुबे निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर उम्र 21 वर्ष
13. रौनक पुत्र सदाशिव निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर उम्र 22 वर्ष
14. नीरज पुत्र जगराम सिंह निवासी ग्राम रूद्रपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर उम्र 30 वर्ष

दिन दहाड़े मजदूरों पर हथौड़ा चलाकर घायल करने वालों पर दर्ज हुआ मुकदमा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में स्मार्ट कूड़ा घर बनने के विरोध में कई दिनों से बवाल चल रहा था जिसने शनिवार को बड़ा रूप ले लिया और सड़क पर दबंगों ने हथौड़ा, कुल्हाड़ी लेकर मजदूरों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। जानलेवा हमले में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए थे जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था वहीं दो को मामूली चोटे आई थी। सड़क पर लेबरों पर पिता व दो पुत्रों द्वारा कुल्हाड़ी फरसे से हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

सांई बिल्डर के सुपरवाइजर गौरव गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि बुद्धा पार्क से डेढ़ सौ मीटर दूर नगर निगम का स्मार्ट कूड़ा घर बन रहा है। जिसका काम उनकी कंपनी कर रही है। जहां कूड़ा घर बन रहा है उसके सामने झुग्गी झोपड़ी डालकर रह रहे गंगाराम और उसके दो लड़के आए दिन विरोध कर रंगदारी मांगते हैं जिसको लेकर दो दिन पूर्व पुलिस शिकायत की गई थी। वहीं पुलिस मौके पर आई थी और समझा बुझा कर चली गई थी। वहीं शनिवार को निर्माण के दौरान गंगाराम और उसके दोनों लड़के हथौड़ा, फरसा और कुल्हाड़ी लेकर आए। राजन मिश्रा लेबरों के ठेकेदार वीरेंद्र त्रिवेदी मुकेश और रामनरेश पर हमला कर दिया। सभी जान बचाकर भागे तो दौड़ा कर सड़क पर हथियार से हमला कर घायल कर दिया जिसमें राजन के सिर में गंभीर चोट आई है। झगड़े की सूचना पाकर मौके पर कल्याणपुर पुलिस ने गंगाराम को गिरफ्तार किया था। वही उसके लड़कों की तलाश कर रही है। घायल राजन को इलाज के लिए अस्पताल भेजा था वहीं आरोपियों के खिलाफ रविवार को घटना का वीडियो वायरल होने के बाद कल्याणपुर पुलिस ने मारपीट और हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

जल शक्ति मंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

किदवई नगर विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन रविवार को गीता पार्क साइड नंबर वन में संपन्न हुआ। जहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।। पत्रकारों से बात करते हुए स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को भी मान सम्मान, रहने को घर और खाने को भोजन मिल रहा है। देश में करोड़ों लोगों को आयुष्मान कार्ड, गैस कनेक्शन, हर घर नल से जल, निःशुल्क राशन, मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश में समृद्धि व शांति का वातावरण है देश की जनता का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हमेशा गरीब वंचित शोषित पिछड़ों को सम्मान मिलेगा भाजपा ने अंबेडकर से जुड़े स्थानों को पंच तीर्थ घोषित कर सम्मान बढ़ाया है। इस अवसर पर रामदेव शुक्ला, अखिलेश अवस्थी, गौरव तिवारी, प्रवीण मिश्रा, संजय पासवान, रामशरण कटियार, रमाकांत त्रिपाठी, संतोष सिंह, डॉ.वीना आर्या, विनोद मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, गणेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

शहर में दो जगह लगी आग, फायर विभाग ने पाया काबू



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में घटित हुई दो अग्निकांड की घटनाओं पर अग्निशमन विभाग की टीमों ने बहुत तेजी से काबू पाया है। थाना कर्नलगंज क्षेत्र स्थित रहमानी मार्केट के पास 20/ 21/अप्रैल की रात्रि लगभग तीन बजे एक छह मंजिला इमारत में लगी आग की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एफएस कर्नलगंज लाटूश रोड फजलगंज से कुल 05 यूनिट दमकल की गाड़ियां अतिशीघ्र घटनास्थल पर पहुंची एवं अथक परिश्रम करते हुए आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। दूसरी घटना रविवार को थाना स्वरुप नगर क्षेत्रान्तर्गत हैलेट हास्पिटल के पास कूडे के ढेर में आग लगने की घटित हुई, सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये एफएस कर्नलगंज से 01 यूनिट अतिशीघ्र घटनास्थल पहुंची एवं अल्प समय में आग को पूर्ण रुप से बुझा दिया गया।

जन उत्थान चित्रांश सेवा संस्थान का सामूहिक विवाह संपन्न

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

कानपुर नगर। जनउ त्थान चित्रांश सेवा संस्थान के तत्वाधान में रविवार को नया सेंटर बबूपुरवा कॉलोनी किदवई नगर में सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त जी की आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात दोपहर में बारात निकली गई। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा बारात का स्वागत सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष श्री चित्रगुप्त पूजन समिति से प्रदीप मोहन चौधरी शामिल हुये। मुख्य अतिथि के द्वारा वर-वधु का जयमाला कार्यक्रम एवं आशीर्वाद समारोह सम्पन्न हुआ।

विशिष्ट अतिथियों में आलोक मिश्रा, डॉ शालनी मोहन, डॉ कुणाल सहाय, डॉ एमसी सक्सेना आदि लोग रहें। वर-वधू के आशीर्वाद के बाद सभी ने प्रीतिभोज का ग्रहण किया।

आदर्श विवाह संस्था के द्वारा दो जोड़ों का विवाह दहेज रहित कराया गया।

संस्था के प्रमुख सहयोगी

श्रीमती निधि सक्सेना
प्रखर श्रीवास्तव
के के श्रीवास्तव
सुमन श्रीवास्तव
सुभद्रा श्रीवास्तव
यश सिन्हा
रिशिका सिन्हा
शुभम शुक्ला
इशिका सिन्हा
अरुण कुमार
जय
ब्राम्हणी जी
डॉ.शालनी मोहन
डॉ.एमसी सक्सेना

उपहार में अलमारी, बेड, गद्दा, बक्सा, टंकी व अन्य घरेलू उपयोग का सामान दिया गया।

संस्था के अध्यक्ष और आयोजक प्रदीप सिन्हा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष संस्था के द्वारा सामुहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें संस्था के सभी सहयोगी गण आयोजन का खर्चा स्वयं वहन करते हैं।

विधायिका ने इंटरमीडिएट की छात्रा को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर के जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज में विधायिका श्रीमती नीलिमा कटियार के द्वारा विद्यालय के हाईस्कूल व इण्टर में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को आशीर्वाद व उत्साहवर्धन किया गया। इण्टरमीडिएट की छात्रा श्रृष्टी बाजपेयी ने कानपुर ज़िले में 9वाँ स्थान प्राप्त किया तथा वे मेधावी छात्र जिन्होंने विद्यालय व क्षेत्र के गौरव को बढ़ाने का कार्य किया है। नीलिमा कटियार ने कहा कि असली बधाई के पात्र इस विद्यालय के शिक्षक गण हैं जिनके प्रबंधन व कुशल नेतृत्व में ये गौरव हमारे क्षेत्र को प्राप्त हुआ।। सभी मेधावियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। मुख्य रूप से पार्षद आनंद शुक्ला विद्यालय प्रबंधक अनुज राजावत अध्यक्ष प्रतीक तिवारी जी संतोष तिवारी जी प्रधानाचार्य व शिक्षण गण मौजूद रहे।

मां भगवती के जागरण के बाद हुआ विशाल भंडारा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कल्याणपुर के आवास विकास सत्यम विहार में नवरात्र के पावन पर्व पर मां भगवती का जागरण हुआ। आशा देवी जागरण पार्टी की भजन गायिका अंजली तिवारी ने अपने भजन से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। मां आशा देवी जागरण पार्टी के डायरेक्टर संजय लारा जी के द्वारा बहुत ही सुंदर भजन का आयोजन किया गया जिसमें भक्त खूब झूमे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कल्याणपुर के सा चौराहे पर जागरण के बाद आज विशाल भंडारे का आयोजन किया गया सुबह से देर शाम तक चले भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। विशाल भंडारे में जन एक्सप्रेस अखबार के पत्रकार एवं आयोजक अंकित चौधरी, अवनीश अग्निहोत्री,सुनील कश्यप, सुनील वर्मा, महेश सोनकर, प्रशांत कुमार, अजय वर्मा, मोनू वर्मा, अमित राजपूत,संजीव जसप्रीत सिंह वाधवा कुलदीप राठौर, नीरज वर्मा पत्रकार साथियों ने प्रसाद गहण किया।

आओ हम सब साथ खेलें, साथ चलें, और बीस मई को मतदान करें: जिलाधिकारी

मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रशासन ने खेल के माध्यम से मतदान करने और लोकतंत्र को मजबूत करने का दिया संदेश

जन एक्सप्रेस। अमेठी

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु रविवार को डॉ.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अमेठी मीडिया एकादश एवं अमेठी प्रशासन एकादश के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

जिसमें मीडिया एकादश की टीम ने 36 रनों से मैच जीता।पहले बल्लेबाजी करते हुए मीडिया एकादश की टीम ने 20 ओवरों में 172 रन बनाए। जिसके सापेक्ष प्रशासन एकादश की टीम 20 ओवर में 136 रन ही बना पाई।मैच में दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।मैच के उपरांत विनर तथा रनर दोनों टीमों को जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी निशा अनंत,पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा ट्रॉफी दी गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि क्रिकेट मैच में दोनों टीमों का शानदार प्रदर्शन रहा।सभी खिलाड़ियों ने बहुत उत्साह के साथ मैच खेला। उन्होंने दोनों टीमों को बधाई दी।तथा कहा कि इस क्रिकेट मैच का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में 20 मई को जन सामान्य अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।उन्होंने कहा कि खेल में टीम की जीत से बड़ी जीत खेल भावना की है। यह भावना एक दूसरे को जोड़ती है। और यह संदेश देती है, कि आओ हम सब साथ खेले, साथ चलें एवम बीस मई को मतदान करें। जब हम सब मतदान करेंगे तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। देश जीतेगा। इसके साथ ही उन्होंने क्रिकेट टीम को स्पॉन्सर करने के लिए एसबीआई बैंक तथा मीडिया व प्रशासन की टीमों को धन्यवाद दिया। इस अवसर अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह,जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ, डिप्टी कलेक्टर अमित सिंह सहित अन्य अधिकारी तथा मीडिया बन्धुओं में शीतला प्रसाद मिश्र, डॉ आशीष त्रिपाठी, योगेंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

लगभग ग्यारह हजार दीप जलाकर लोगों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

मतदाता जागरूकता कायज़्क्रम के अंतगज़्त जिला निवाज़्चन अधिकारी हषिज़्ता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ मोतीलाल नेहरू स्टेडियम मे दीपोत्सव कायज़्क्रम के अंतगज़्त ग्यारह हजार दीप जलाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिला निवाज़्चन अधिकारी ने कहा कि स्वीप कायज़्क्रम के अंतगज़्त इस तरह के अनेक कायज़्क्रम जनपद में चलाए जा रहे हैं जिससे की 20 मई को होने वाले मतदान मे अधिक से अधिक मतदान हो सके। इस कायज़्क्रम को सफल बनाने में बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उद्योग बंधु, व्यापार बंधु और स्काउट गाइड के छात्रों ने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई। कायज़्क्रम मे उप जिला निवाज़्चन अधिकारी अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अथज़ सांख्यिकीय अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी उद्योग बंधु व्यापार बंधु के लोग उपस्थित रहे।

प्रभु राम की कृपा से मेरे सारे कार्य हो जाते हैं

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

जनपद अयोध्या का एक छोटा सा सेवक हूं जब कोई संकट में आता है तो प्रभु को याद करते हैं प्रभु हमें उस जगह पर भिजवा करके अपने भक्तों का मदद करवाते हैं एक महिला अपने बच्चों को लेकर श्री राम अस्पताल में रो रही थी क्योंकि उनके परिवार का कोई व्यक्ति का मौत हो गया था लाश को घर ले जाने के लिए कोई एंबुलेंस नहीं मिल रहा था प्राइवेट एंबुलेंस काफी पैसा हैं लाश के नाम पर मैं *श्री राम अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी वाईपी सिंह साहब को बताया उन्होंने तत्काल निशुल्क शव वाहन भिजवाकर के महिला के घर बाग बिगेश्वर मणि पर्वत के पास लाश को एंबुलेंस के माध्यम से निशुल्क छुड़वाया गया मैं रितेश मिश्रा जनता जनार्दन से निवेदन करता हूं कि जनपद अयोध्या में श्री राम अस्पताल जिला अस्पताल महिला अस्पताल दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज इन चारों सरकारी अस्पतालों में अगर किसी भी गरीब व्यक्ति का मौत होता है और लाश को अपने घर लाने में कोई दिक्कत हो रहा हो या पैसा ना हो तो हमारे नंबर पर सूचना देने की कृपा करें आपकी पूरी मदद निशुल्क किया जाएगा।

गेहूं खरीद में कृषकों के किसी भी प्रकार की शिकायत के निस्तारण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

कृषक अपनी गेहूं खरीद सम्बन्धी किसी भी प्रकार समस्या के लिए 0535-2975003 पर करें सम्पर्क

जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेहूँ समर्थन मूल्य रुपये 2275.00 प्रति कुन्तल निधाज़रित किया गया है, जो गत वषज़ रबी विपणन वर्ष 2023-24 से रुपये 150 प्रति कुन्तल अधिक है। उन्होंने कहा है कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा जनपद रायबरेली में कृषक बंधुओं के सुविधा के दृष्टिगत कुल 123 गेहूँ क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये है, जो कि गत वर्ष की तुलना में 12 क्रय केन्द्र अधिक है जिसमें खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 56, पीसीयू के 20, भारतीय खाद्य निगम के 08, नैफेड के 05 एवं मण्डी परिषद के 02 क्रय केन्द्र सम्मिलित है।

जिले में तहसीलों पर स्थापित क्रय केन्द्र- तहसील सदर में 33, महराजगंज 20, लालगंज 12, ऊँचाहार 16, डलमऊ 14 एवं सलोन में 28 कुल 123 गेहूँ क्रय केन्द्र संचालित है।

जनपद में 19 अप्रैल 2024 तक निर्धारित लक्ष्य 109300.00 मी0टन के सापेक्ष 336 कृषकों से 1457.25 मी0 टन की खरीद की जा चुकी है जिसमें से 206 कृषकों को भुगतान प्राप्त हो चुका है। गेहूं के अवैध संचरण एवं भण्डारण पर प्रवर्तन कार्य कराये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा तहसीलवार उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, वाणिज्य कर अधिकारी एवं बाट-माप निरीक्षक सदस्य नामित किये गये हैं। इस कमेटी के आवश्यकतानुसार सहयोग हेतु समस्त मंडी सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति को निर्देशित किया गया है कि जनपद में फ्लोर मिल व थोक व्यापारियों के यहां छापेमारी कर गेहूं भण्डारण की जांच करने एवं सम्बन्धित अभिलेख/प्रपत्रों में पायी गयी अनियमितता पर कार्यवाही किये जाने हेतु निदेज़्श दिये गये है।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा व्यापारियों, समस्त मंडी सचिव, गेहूं क्रय योजना के जिला स्तरीय अधिकारियों, क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों की संयुक्त बैठक में निर्देश दिये गये कि अधिक से अधिक कृषकों से वार्ता करते हुए उनका पंजीकरण करायें तथा उन्हें अपनी उपज राजकीय केन्द्रों पर विक्रय करने हेतु प्रेरित करें। गेहूं क्रय केन्द्र अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। जनपद में गेहूं खरीद में कृषकों के किसी भी प्रकार की शिकायत के निस्तारण हेतु कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। कृषक अपनी गेहूं खरीद सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या हेतु प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक एवं अवकाश के दिनों में 10:00 बजे से 01:00 बजे तक दूरभाष संख्या 0535-2975003 पर सम्पर्क कर सकते हैं। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तगज़्त गेहूँ खरीद में 100.00 कुंटल तक की गेहूँ की मात्रा के सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। आगामी खरीद सत्र में बटाईदारों के माध्यम से भी गेहूँ खरीद की जा रही है। कृषक बंधुओं को छनाई-उतराई हेतु लेबर चार्ज रुपये 20.00 प्रति कुन्तल अतिरिक्त उनके आधार लिंक बैंक खाते में प्रेषित किया जायेगा।

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तगज़्त क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय हेतु इच्छुक कृषक का बैंक खाता आधार सीडेड (अर्थात बैंक खाता आधार से जुड़ा हो) एवं बैंक द्वारा एनपीसीआई पोटज़्ल पर मैप एवं सक्रिय होना आवश्यक है।

बसपा ने विधि विधान से किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

बहुजन समाज पार्टी ने रविवार को अपना चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूरे विधि विधान से पूजन हवन के बाद बसपा प्रत्याशी ने फीता काटकर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के साथ अयोध्या मे अपने लोकसभा चुनाव का शंखनाद किया।

चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय ने दिए गए बयान मे कहा भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को कहा उनको क्या कहें वो तो नाम के ही लल्लू हैं। जैसा नाम वैसा काम। वे 10 साल तक सांसद व विधायक रहे। उनको इस बात का भी पता नहीं है कि संविधान को बदला जा सकता है, या फिर उसमें संशोधन किया जा सकता है। भाजपा मे उपर बैठे लोग भी जुमलेबाजी करते हैं। पूरे प्रदेश की जनता इस बार बदलाव का मूड बना चुकी है। उन्होने कहा आज अयोध्या को बदलाव की जरूरत है।उन्होंने अपील की कि बदलाव मे अपना योगदान दें। बसपा प्रत्याशी ने कहा कि हमारा व बसपा का एजेंडा साफ है। हम विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के साथ यूथ का डवलपमेंट चाहते हैं। उसे डेवलपमेंट से मेरा मतलब रोजगार से ही नहीं है। यूथ डेवलपमेंट का मतलब उनके स्किल व मेंटल का डवलपमेंट किया जाय।ये सब होगा तो उनका भौतिक विकास होगा और रोजगार भी हो जाएगा जो मौलिक अधिकार है। इसकी अयोध्या की जनता को आवश्यकता है।

सपा के पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित कोरी समाज के जिलाध्यक्ष ने थामा भाजपा का दामन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

सपा के पूरा बाजार पूर्व ब्लाक प्रमुख हृदय राम यादव व कोरी समाज के जिलाध्यक्ष राम कुमार चौधरी सहित दर्जनों सपा व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। लोक सभा चुनाव कार्यालय पर सांसद लल्लू सिंह, लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने सभी को भाजपा का ध्वज देकर, माल्यार्पण तथा भगवा अंगवस्त्र पहना कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 2014 में पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद बाबा साहब के संविधान के अनुसार गरीबों के कल्याण के लिए योजनाओं की श्रंखलाएं चलाई गईं इन योजनाओं का सफल क्रियान्वयन भी किया गया है। मोदी सरकार के कार्यकाल में युवाओं को नए अवसर मिलें है, किसान समृद्ध हुए हैं, गरीबों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, महिलाओं का उत्थान हुआ है श्रमिकों का सम्मान मिला है। सरकार की योजनाओं तथा विकास से प्रभावित होकर सपा व कोरी समाज के लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।पूर्व ब्लाक प्रमुख हृदय राम यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी में सम्मान नही था।

गेहूं के खेत में मिला अज्ञात युवक का शव

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के आलापुर थाना अंतर्गत बहरामपुर व मसेना मिर्जापुर गांव के निकट स्थित नाले के बगल गेंहू के खेत में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमोर्टम के लिए भेजवा दिया। जानकारी के अनुसार गेहूं की कटाई के लिए जा रहे मजदूरों ने शव देखा।

शव पाए जाने की सूचना पर स्थानीय गांव के बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। सूचना पाकर आलापुर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार एवं क्षेत्राधिकारी आरबी सिंह मौके पर पहुंचे और शिनाख्त करने में जुट गए। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शव दो दिन पुराना है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार शव को कही से लाकर यहां फेंका गया है।क्योंकि खेत की कटाई दो दिन पूर्व हुई थी, कटाई के दौरान वहा पर कुछ नहीं था।इस विषय में आलापुर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अन्य विधिक कार्रवाई की जाएगी।

इस विषय में आलापुर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अन्य विधिक कार्रवाई की जाएगी।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अपराध/अपराधी के विरुद्ध अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टाण्डा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा-3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित अभियुक्त सिकन्दर पुत्र तुलसीराम निवासी संजलपुर समवरसा थाना सम्मनपुर को मुखबिर की सूचना पर बलयाजगदीशपुर बाजार से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

स्टेट कराटे चैंपियनशिप में रायबरेली की शिवानी साहू ने जीता सिल्वर मेडल

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

कराटे एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित कैडेट जूनियर अंडर 21 और सीनियर कराटे चैंपियनशिप में बछरावां के शिवानी साहू ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर रायबरेली का नाम रोशन किया बताते चलें कि 20 और 21 तारीख को स्टेट कराटे चैंपियनशिप लखनऊ स्थित चौक स्टेडियम में आयोजित हुई थी जिसमें उत्तर प्रदेश के 700 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।

इस प्रतियोगिता में रायबरेली के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया था जिसमें महिला वर्ग में शिवानी साहू ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया अन्य सभी के हाथ निराशा आई बताते चले की शिवानी साहू बछरावां स्थित शिवानी सेल्फ डिफेंस एकेडमी में प्रशिक्षक के रूप में कार्य करती हैं तथा उनके दिशा निर्देशन में बच्चे सेल्फ डिफेंस कराटे का प्रशिक्षण लेते हैं और जिला स्तरीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग भी करते हैं। इस अवसर पर जिला कराटे संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता कराटे एसोसिएशन के सचिव राहुल कुमार पटेल के द्वारा ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

9वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम किया रोशन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के शनिवार को घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में शिवकली देवी इंटर कलेज सुबटहा रसूलाबाद के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने पर विद्यालय और परीक्षार्थियों के परिवार में जश्न का माहौल है। कई छात्रों ने जिले की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम की सूची में विद्यालय के छात्र सत्यम कुमार निषाद व आदर्श कुमार तथा अंशुमान तिवारी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विद्यालय के संचालक ध्रुब उपाध्याय व ब्यवस्थापक संतोष उपाध्याय ने हाई स्कूल की परीक्षा में 96.50 फीसदी अंक प्राप्त करने के साथ जिले की मेरिट सूची में चौथा स्थान पाने वाले सत्यम कुमार और उनके पिता तुलसीराम को विद्यालय में मिठाई खिलाकर सम्मानित किया शुभकामना देते हुए उत्साहवर्धन किया। अयोध्या जनपद की मेरिट सूची में 9वा स्थान पाने वाले आदर्श कुमार तथा 89.67 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले छात्र अंशुमान तिवारी व 86 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले छात्र आशीष तिवारी तथा ऋषभ कुमार को भी शुभकामनाएं दीं और उज्जवल भविष्य की बधाई दी। प्रधानाचार्य रेखा उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आया है। इस मौके पर विद्यालय के संचालक संतोष उपाध्याय ने कहा कि लक्ष्य को निर्धारित करके मेहनत करने से सफलता जरूर मिलती है, होनहार विद्यार्थी अलग होते हैं। उनकी प्रतिभा से ही विद्यालय गौरवान्वित होता है।

यूपी बोर्ड में सफल मेधावी छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

उत्तर प्रदेश बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट का परिणाम आने के उपरांत जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा जनपद से हाई स्कूल में ममता वर्मा पुत्री लक्ष्मीकांत वर्मा 97.83 प्रतिशत के साथ प्रदेश में चौथा स्थान, हिमांशु उपाध्याय पुत्री विजय कुमार उपाध्याय 97.17त्न के साथ प्रदेश में आठवां स्थान, सुमन पुत्री मनोज कुमार 97.17 प्रतिशत के साथ प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद से सेजल श्रीवास्तव पुत्री सदानंद श्रीवास्तव 96.80त्न के साथ प्रदेश में 6वा स्थान, संचिता पुत्री अवधेश कुमार 96.60 प्रतिशत के साथ प्रदेश में सातवां स्थान, अंशिका यादव पुत्री जवाहरलाल 96.60 प्रतिशत के साथ प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली सभी छात्र/छात्राओं को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ,मुख्य विकास अधिकारी , अपर पुलिस अधीक्षक,अपर जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा माला पहनकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रदेश में टॉप टेन प्राप्त करने के लिए बधाई दी गई। उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आगे भी इसी तरह से प्रदेश में उच्च स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता/जिले/प्रदेश का नाम रोशन करें। इस दौरान मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता,जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, प्रधानाचार्य सुमित्रा देवी, प्रियंका तिवारी तथा संबंधित विद्यालय के अध्यापक, अभिभावक उपस्थित रहे। 52

बैंकों में नकदी की किल्लत, ग्राहक हो रहे हैं परेशान, लग रही है लम्बी लाइन

जन एक्सप्रेस। अमेठी

विगत कुछ दिनों से जनपद के बैंकों में ग्राहक नकद निकासी के लिए परेशान हो रहे हैं। शादी विवाह का समय चल रहा है। और लोगों के घरों में विवाह एवं अन्य उत्सवों के चलते विभिन्न प्रकार के खर्चों के लिए नकद रुपयों की माँग बढ़ी है। किंतु माँग के सापेक्ष नकदी की आपूर्ति नही हो रही है। जिससे ग्राहकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिले में सबसे अधिक लीड बैंक बैंक आफ बड़ौदा कीऔर यूपी ग्रामीण बैंक की शाखाएं हैं। जिसका प्रायोजक बैंक लीड बैंक यानी बैंक आफ बड़ौदा ही है। हालाँकि यह समस्या कमोवेश सभी बैंकों की शाखाओं में आ रही है। नाम ना प्रकाशित करने की शर्त पर एक शाखा प्रबंधक ने बताया कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जितनी माँग करेंसी चेस्ट कर रहा है, उतनी आपूर्ति केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक आफ इण्डिया से नहीं हो रही है। इसीलिए नकद उपलब्धता की कमी की स्थिति बनी हुई है। इस संबंध में जब जनपद के लीड बैंक मैनेजर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मांग के रूप नकदी नहीं उपलब्ध हो पा रही है। इस बीच शादियों के कारण मांग बढ़ी है।

22 से 25 अप्रैल तक होगी बूथ समितियों व पन्ना प्रमुख की बैठक

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुख की बैठक 22 से 25 अप्रैल तक होनी है। जिसकी तैयारी को विधानसभा स्तर पर मंडल अध्यक्ष व संयोजकों, शक्ति केन्द्र संयोजकों की बैठक की जा रही है। बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों में समन्वय बना कर हर घर, हर मतदाता, तीन बार सम्पर्क अभियान पर मंथन किया गया। सिविल लाइन स्थित विधान सभा चुनाव कार्यालय पर अयोध्या तथा बीकापुर की बैठक बीकापुर चुनाव कार्यालय पर आयोजित की गई। अयोध्या विधान सभा की बैठक में संयोजक अशोक कसौंधन ने कहा कि सभी बूथों पर बीस कार्यों की सूची बनाई गई। शक्ति केन्द्र पर आयोजित बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों की बैठक में इन कार्यों के क्रियान्वय हेतु मंथन किया जाए। प्रभारी रमापति पाण्डेय ने कहा कि शक्ति केन्द्रों पर सभी बूथों की बैठक 22 से 25 अप्रैल के मध्य संपन्न हो जाए। आपसी समन्वय के आधार पर बूथ पर होने वाले बीस कार्यो को अभियान चला कर किया जाए। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या का अभूतपूर्व विकास कराया है। सरकार के इस विकास तथा उनकी योजनाओं की चर्चा तथा क्षेत्र के हर मतदाता से कम से कम तीन बार सम्पर्क अवश्य किया जाए। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपनी पूर्ण उर्जा से कार्य करें। अपने क्षेत्र को लोकसभा तथा स्वंय को प्रत्याशी समझ कर लोगों से सम्पर्क व संवाद स्थापित करें।

लोकसभा प्रत्याशी ने नन्दी ग्राम के राम जानकी मंदिर पर मत्था टेका

जनता सेवा का अवसर देगी तो लोकसभा क्षेत्र का होगा विकास: अश्वनी कुमार पांडेय

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

जनपद के सर्वांगीण विकास के लिए नन्दी ग्राम भरतकुंड में राम जानकी मंदिर पर 54 लोकसभा से अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत करते हुए अश्वनी कुमार पांडेय उर्फ लल्लू पांडेय ने जनता से मिलते और उनसे समाज के उत्थान के विषय में बताते हुए लोकतांत्रिक लोग राज्यम पार्टी से अपने आप को उम्मीदवार होना बताते हुए कहा है कि स्थानीय जनता सेवा का अवसर देगी तो लोकसभा क्षेत्र के सभी गांव के विकास को सुनिश्चित करने के साथ व्यापारियों के उत्पीड़न , युवाओं और महिलाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाते हुए क्षेत्र का विकास करना कहा है। कि अपने लोकसभा क्षेत्र में कृषि पर आधारित लघु उद्योगों के स्थापना, शिक्षा चिकित्सा एवं न्याय व्यवस्था को समता से प्रस्तुत करने के साथ भू माफिया एवं सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को बेनकाब करने की बात कही है। उक्त विचार व्यक्त करते हुए लोकसभा प्रत्याशी लल्लू पांडेय ने अपना विचार व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को आड़े हाथ लेते हुए कहा है कि बाबा के संविधान पर पूरा देश गर्व करता है उसी संविधान को ही मौजूदा सरकार बदलने के लिए प्रत्याशी ने कहा है। अपने देश की रक्षा के लिए सर्व समाज को आगे बढ़कर ऐसी विचारधारा के लोगों को खदेड़ देना चाहिए। और यहां से जीवन भर समाज सेवा का कार्य ही करना बताते हुए मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की मांग की है। क्षेत्र में लोगों से मतदान की अपील करते हुए नंदीग्राम भारत कुंड में जानकी मंदिर पर माथा टेककर अपने लोगों के साथ प्रभु की कृपा से जनता की पीड़ा को अपना पीड़ा बताते हुए क्षेत्र का सहयोग प्राप्त होने का दाव किया है।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	39°C	24°C
कानपुर	39°C	24°C
देहरादून	31°C	19°C
नई दिल्ली	37°C	24°C

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । सोमवार । 22 अप्रैल 2024

'वोट में बदल रहा लोगों का उत्साह'

- गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम है: योगी
- छत्तीसगढ़ दौरे से पहले बोले योगी, उत्तर प्रदेश व अयोध्या का संदेश उन तक पहुंचाने का अवसर होगा प्राप्त
- योगी की आमजन से अपील, सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को वोट के माध्यम से दें जवाब
- पीएम के नेतृत्व में फिर से बनने जा रही एनडीए सरकार
- बोले, विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश कर रही जनता

छत्तीसगढ़वासी भी उतने ही उत्साहित, जितना उत्तर प्रदेश व अयोध्या

रविवार को छत्तीसगढ़ में चुनावी दौरे पर निकलने से पहले सीएम योगी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से ही रामलला का 500 वर्षों बाद अयोध्या में आगमन संभव हुआ। छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल व मां कौशल्या का मायका है। छत्तीसगढ़ के बारे में कहते हैं कि छत्तीसगढ़िया, सबसे बढ़िया क्योंकि हर सनातन धर्मावलंबी छत्तीसगढ़ को ननिहाल के रूप में मानता है। ननिहाल जाना सबको अच्छा लगता है। स्वाभाविक रूप से छत्तीसगढ़वासी भी उतने ही उत्साहित हैं, जितना उत्साहित उत्तर प्रदेश, पूरा देश और हर सनातन धर्मावलंबी है। आज छत्तीसगढ़ में जनता-जनार्दन से संवाद बनाने और उत्तर प्रदेश व अयोध्या का संदेश उन तक पहुंचाने का अवसर मुझे प्राप्त होगा। देशवासियों के लिए मोदी जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। देश के लिए, भारतीय भावना को सम्मान देने और गरीब कल्याण की योजनाओं को बढ़ाने के लिए जो प्रयास हुए हैं, आभार के रूप में वोट के माध्यम से मोदी जी तक पहुंचाने का यह अवसर है। लोकतंत्र के अगले चरण हम सभी को यह अवसर प्रदान करेंगे।

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण संपन्न हुआ है। देश के अंदर प्रधानमंत्री मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल को लेकर लोगों में जो उत्साह है, वह वोट में बदल रहा है। सीएम योगी रविवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रचंड बहुमत के साथ मोदी जी के नेतृत्व में फिर से भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसमें कोई संदेह होना ही नहीं चाहिए। जनता-जनार्दन के द्वारा विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश भी किया जा रहा है। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम है। पश्चिम बंगाल के साथ-साथ गैर भाजपा शासित प्रदेशों में रामनवमी और होली पर जो दंगे हुए, यह बहुसंख्यक समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। तुष्टिकरण के नाम पर वोटबैंक की राजनीति ने हमेशा ऐसे सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है। पश्चिम बंगाल में रामनवमी की शोभायात्राओं पर फिर से हुए हमले चिंता का विषय भी हैं और साथ-साथ देश के लोगों के लिए संदेश भी है कि यह लोग जब शांतिपूर्ण ढंग से निकलने वाली शोभायात्राओं को ही सुरक्षा नहीं दे सकते हैं तो बहन-बेटियों और सामान्य नागरिकों को क्या सुरक्षा दे पाएंगे। चुनाव सबसे अच्छा अवसर होता है, जब हम तथाकथित सेक्युलर लोगों व दलों को संदेश दे सकते हैं। अपने मत से इन्हें स्पष्ट संदेश दें कि हमारी भावनाओं से खिलवाड़ करोगे और सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को प्रश्रय दोगे तो फिर चुनाव में हम भी उसी प्रकार से जवाब देंगे।

जीवात्मा का असली ठिकाना सतलोक में है: संत रामपाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सीतापुर रोड पर स्थित चन्द्रा मैरिज लॉन, तहसील बक्शी का तालाब में बीते रविवार को जगतगुरु संत रामपाल के मुख कमल से अमृत प्रवचनों की वर्षा हुई। जिसमें आए श्रद्धालुओं ने बहुत श्रृद्धा से सत्संग सुना। प्रोजेक्टर के माध्यम से संत रामपाल ने सतलोक की जानकारी दी जहां से साधक लौट कर इस भौतिक संसार में कभी नहीं आते अर्थात जन्म मरण हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है और कभी वृद्धावस्था नहीं होती। सतलोक में एक तत्व का बना नूरी शरीर है। उसमें कोई रोग या बीमारी नहीं होती। इस लोक की काया नाश्वान है। इसमें मनुष्य को सत्तर रोग लगे रहते हैं सतलोक अमर शाश्वत स्थान है। वह कभी नाश में नहीं आता। न वहां पृथ्वी की तरह कोई प्रदूषण है, न वहां प्राकृतिक आपदा या कोई महामारी होती। वह एक अविनाशी लोक है जिसके मालिक सर्व सृष्टि के रचयिता कबीर परमेश्वर जी हैं जिसका प्रमाण हमारे पवित्र चारों वेदों में मिलता है। उस परमधाम सतलोक केवल पूर्ण गुरु से प्राप्त सतभक्ति से ही जाया जा सकता है। वह पूर्ण गुरु संत रामपाल जी महाराज ही है जो वर्तमान में शास्त्र अनुकूल सतभक्ति बता रहे हैं। जिला संयोजक रामनारायण दास ने बताया कि सत्संग से प्रभावित होकर 5 लोगों ने निशुल्क नाम दीक्षा प्राप्त की। सत्संग समापन के बाद श्रद्धालुओं को चाय और बिस्किट वितरण किया गया।

विशेष महत्व वाली अल्ट्रा मेगा श्रेणी की परियोजनाओं को केस टू केस कस्टमाइज पैकेज देगी सरकार

- औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति के तहत दिए गए प्रावधानों में किया गया संशोधन
- इन्वेस्ट यूपी के सीईओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी की अनुशंसा पर दिया जाएगा प्रोत्साहन
- इम्पावर्ड कमेटी की मंजूरी के बाद कैबिनेट की मंजूरी लेना भी होगा आवश्यक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अल्ट्रा मेगा श्रेणी की विशेष महत्व वाली परियोजनाएं स्थापित करने पर उन्हें सरकार की ओर से केस टू केस कस्टमाइज पैकेज दिया जाएगा। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 में इसका प्राविधान किया गया है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की ओर से इन प्राविधानों में कुछ संशोधन किया गया है। इसके अंतर्गत नोडल संस्था की जगह सीईओ इन्वेस्ट यूपी की अध्यक्षता में गठित कमेटी को ऐसी परियोजनाओं की परीक्षण और विशेष पैकेज की अनुशंसा की जिम्मेदारी दी गई है। इस कमेटी की अनुशंसा के बाद हाई लेवल इम्पावर्ड कमेटी और कैबिनेट की मंजूरी के बाद ऐसी बड़ी परियोजनाओं को कस्टमाइज पैकेज प्रदान किया जा सकेगा।

कुछ अन्य प्राविधानों में भी किया गया संशोधन

इसके अतिरिक्त पुराने प्राविधानों में कई अहम बातों का समायोजन किया गया है। जैसे अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नियोजन के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वाणिज्य कर विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, एमएसएमई विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, पिकप के एमडी, यूपीसीडा तथा आवश्यकतानुसार अन्य प्राधिकरणों के सीईओ और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त या सीईओ इन्वेस्ट यूपी द्वारा नामित सदस्यों वाली समझौता समिति ऐसी परियोजनाओं को विशेष पैकेज दिए जाने के लिए अंतिम स्वीकार्यता हेतु मुख्यमंत्री को संस्तुति करेगी। नोडल संस्था आवेदक को पावती प्रमाण पत्र जारी करेगी और मेगा श्रेणी के प्रकरणों के लिए परिभाषित प्राविधों के अनुसार मूल्यांकन प्रक्रिया लागू होगी। इन सभी प्राविधानों को निरसित कर दिया गया है। इसके अलावा नीति में किए गए सभी प्राविधान पूर्व की तरह जारी रहेंगे।

अनुशंसा पर मंत्रिपरिषद लगाएगी अंतिम मुहर

नीति में किए गए संशोधन के अनुसार औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत विशेष महत्व की अल्ट्रामेगा श्रेणी की परियोजनाओं को आवश्यकतानुसार राज्य सरकार द्वारा केस टू केस आधार पर प्रोत्साहन का विशेष रूप से कस्टमाइज्ड पैकेज प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किए जाने पर विचार किया जा सकता है। नीति के अंतर्गत पहले प्राविधान किया गया था कि इस प्रकार के आवेदन नोडल संस्था को प्रस्तुत किए जाएंगे और आवेदनों की उनकी आवश्यकता एवं विशेष महत्व की दृष्टि से समीक्षा की जाए। इसके लिए अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समझौता समिति गठित की जाएगी, जिसके सदस्य सचिव सीईओ इन्वेस्ट यूपी होंगे। हालांकि अब इस प्राविधान में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार अब सीईओ इन्वेस्ट यूपी की अध्यक्षता में गठित कमेटी प्राप्त प्रस्तावों का विशेष महत्व, अल्ट्रा मेगा श्रेणी के विषय पर परीक्षण करेगी। कमेटी विशेष पैकेज प्राप्त कराने की अर्हता के विषय में अनुशंसा कर सकेगी। इन्वेस्ट यूपी की संस्तुति के बाद विभाग द्वारा परीक्षण करते हुए नीति के अंतर्गत गठित हाई लेवल इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुति प्राप्त करने की कार्यनाही की जाएगी। इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुति के आधार पर मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।

आरओ-एआरओ परीक्षा का पेपर आउट कराने वाले डॉ. शरद समेत चार गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आरओ-एआरओ का पेपर आउट कराने वाले चार आरोपियों को यूपी एसटीएफ ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। डॉ. शरद सिंह पटेल, अभिषेक शुक्ला, कमलेश कुमार और अर्पित विनीत को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। ये कई दिनों से पुलिस के रडार में चल रहे थे। लखनऊ की वृंदावन योजना स्थिति कालिन्दी पार्क के सामने से इन्हें गिरफ्तार किया गया। पकड़े जाने के समय इनके पास समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 का प्रश्न पत्र और ढाई लाख रुपए नकद बरामद हुए। इस गैंग के पास से नौ मोबाइल फोन भी मिले। यह परीक्षा इसी साल 11 फरवरी को दो पालियों में हुई थी। परीक्षा शुरू होने से पहले पेपर लीक हो गया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बाद में प्रदेश सरकार ने इस परीक्षा को कैंसिल करके जांच कराने की बात कही थी। यूपी एसटीएफ ने इसके पहले भी इस मामले में कई गिरफ्तारी की हैं।

हिंदू देवता का मजाक उड़ाने वाले के खिलाफ आरोप पत्र खारिज करने से हाईकोर्ट का इनकार

ओवैस खान ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में भगवान शिव का मजाक उड़ाया था

- न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने ओवैस खान द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया
- खान ने अपने खिलाफ आरोप पत्र को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। हिंदू देवता का मजाक उड़ाने वाले व्यक्ति के खिलाफ आरोप पत्र को खारिज करने से इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने ओवैस खान द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिन्होंने अपने खिलाफ आरोप पत्र को चुनौती दी थी। खान ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में भगवान शिव का मजाक उड़ाया था। सोशल मीडिया पर हिंदू देवता का मजाक उड़ाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ दायर आरोपपत्र को रद्द करने से इनकार करते हुए, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि बोलने की स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि इस तरह के कृत्य न केवल भावनात्मक संकट पैदा करते हैं बल्कि देश के लोकतांत्रिक समाज के मूलभूत मूल्यों को भी कमजोर करते हैं।

धार्मिक मान्यताओं को बदनाम करने के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं

अदालत ने कहा न्यायपालिका पर स्पष्ट संदेश भेजने का दायित्व है कि इस तरह के आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उचित कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। अदालत ने कहा, धार्मिक मान्यताओं को बदनाम करने या अपमान करने के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग संवैधानिकता और मौलिक मानवीय विश्वास के मूल ढांचे को कमजोर करता है, जिस पर हमारा समाज बना है।

दहेज लोभियों ने दहेज के लालच में शादी के चार दिन पहले तोड़ी शादी

- शादी तोड़ समाज में एक और मासूम की जिंदगी के साथ किया खिलवाड़
- शादी तोड़ने के चार दिन पहले दिए प्रार्थना पत्र पर मदेयगंज पुलिस ने दहेज लोभियों पर नहीं की कोई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । अभिमन्यु कुमार रावत

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के मदेयगंज थाना क्षेत्र निवासी मुनीश कुमार वर्मा ने बताया कि उनकी बहन का रिश्ता ज्ञानेंद्र कुमार पुत्र हरिशंकर वर्मा कमता लखनऊ से तय हुआ था। बहन की शादी 21 अप्रैल को होनी थी और इससे पहले 13 अप्रैल को लड़की पक्ष द्वारा लड़के का तिलक उत्सव भी किया गया था। जिसमें लड़के वालों की मांग के अनुसार एक लाख रुपए नगद एक सोने की अंगूठी व लड़के पक्ष के सभी परिजनों को कपड़े, फल व मिठाई दी थी। तिलक के दिन से ही लड़के वालों द्वारा शिकायत की जा रही थी कि तिलक में जो भी दिया गया है वह बहुत कम है और बढ़ा कर दो साथ ही दहेज कम देने पर लड़की पक्ष को धमकी भी देने लगे कि दहेज की बैठकर बात कर लो नहीं तो हम शादी तोड़ देंगे। इसके बाद लड़की पक्ष को एक फोन आया जिसमें एक महिला ने अपना नाम बंदना बताया और पीड़ित पक्ष को बुरा भला कहने लगी साथ ही ज्ञानेंद्र की शादी की बात बताई और कहा कि हमारे बच्चे भी हैं मैं उसकी बीवी हूं और तुम लोग अगर उसे अपनी बहन की शादी करोगे तो अच्छा नहीं होगा और धमकी देकर फोन काट दिया। जब इसकी सूचना लड़के को दी गई तो पता चला कि लड़के की शादी पहले भी हो चुकी है और तलाक भी हो चुका है जबकि उस महिला से अभी भी अवैध संबंध बनाए हुए है। वहीं दूसरी तरफ शादी रचाकर पीड़ित पक्ष से दहेज के रूप में मोटी रकम हड़प करना चाहते थे, जिसे लेकर प्रार्थी ने मदेयगंज थाने में इन सबके खिलाफ दहेज मांगने और धोखाधड़ी कर फ़साने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया है, जिस पर पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई जबकि 21 अप्रैल को होनी थी शादी।

> लड़की पक्ष द्वारा जो भी आरोप लगाए गए हैं वह बुनियाद हैं हमारी शादी पूर्व में हुई थी जिससे तलाक हो चुका है और शादी करने के लिए हम आज भी तैयार हैं लड़की पक्ष ही शादी से मना कर रहा है और नाजायज दबाव बना रहा है।
> - ज्ञानेंद्र, (लड़का पक्ष)

> दोनों पक्षों को बुलाया गया था और दोनों पक्ष थाने पर आए थे पर कोई बात नहीं बनी इसके चलते दोनों पक्ष बिना समझौता किया वापस चले गए।
> - थाना प्रभारी मदेयगंज।

मेधावी छात्र विकसित भारत संकल्प के बनेंगे सारथी: ऊर्जा मंत्री

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं के परिणामों में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि यह सभी बच्चे देश का भविष्य है और विकसित भारत संकल्प के सारथी बनेंगे। उन्होंने यूपी बोर्ड के रिजल्ट में टॉप टेन में शामिल मऊ की दो छात्रा हर्षिता शर्मा, अनुष्का यादव और एक छात्र अभिषेक प्रजापति से फोन पर बात कर उनको शुभकामनायें दी। शर्मा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उन्हें नियमित रूप से पुस्तकालय जाने और अखबार पढ़ने की सलाह दी। जिससे उन्हें अकादमिक विषयों के साथ-साथ समसामयिक विषयों की भी जानकारी हो सके। श्री शर्मा ने मधुबन की हर्षिता शर्मा और चिरैयाकोट के अभिषेक प्रजापति से बात की। दोनों ही छात्रों ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 7वीं रैंक हासिल की है। वहीं कोपागंज की तनुष्का यादव ने 96.20 प्रतिशत अंक पाकर 9वी रैंक प्राप्त की है। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भविष्य में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आपको एकाग्रचित्त होकर पढ़ाई करने के साथ ही लगन और धैर्य बनाए रखना होगा।

कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं: रिणवा

- 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त, 4298 निरस्त और 19,64,008 लोग पाबन्द

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 20 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4298 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त किये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,73,998 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 19,64,008 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 7250 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7325 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 376 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2892 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 140 केन्द्रों को सीज किया गया।20 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 03 लाइसेंसी शस्त्र जब्त तथा 07 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 35,679 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 82 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 136 कारतूस, 43.82 किलोग्राम विस्फोटक बरामद कर सीज किये गये।

31537.07 लाख की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 20 अप्रैल तक 31537.07 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2963.79 लाख रुपये नकद धनराशि, 4137.59 लाख रुपये कीमत की शराब, 21121.15 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2158.15 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.38 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 20 अप्रैल को 161.11 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। 36.62 लाख रुपये नकद , 76.23 लाख की 27944.02 लीटर शराब, 46.08 लाख की 58338.65 ग्राम ड्रग एवं 2.10 लाख की 2730 ग्राम बहुमूल्य धातुएं व 0.08 लाख की 65 अन्य सामग्री जब्त की गयी।20 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में बुलन्दशहर की बुलन्दशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.61 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 4850 लीटर शराब बुलन्दशहर की खुर्जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10.93 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 4204.92 लीटर शराब जब्त की गई। गौतमबुद्ध नगर की नोएडा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13 लाख रुपये नकद तथा फिरोजाबाद की फिरोजाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 15 लाख रुपये की 5000 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

हटाये गये पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,11,23,581 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 67,57,448 तथा निजी स्थानों से 43,66,133 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,33,359, पोस्टर के 31,46,851, बैनर के 19,11,044 एवं अन्य 9,66,194 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 5,83,970, पोस्टर के 20,00,730 बैनर के 10,71,545 एवं अन्य 7,09,888 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1271 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 83 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित 89 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

यूपी में चौदह विधायक लड़ रहे लोकसभा चुनाव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अठारहवीं लोकसभा का आम चुनाव यूपी में एक और चुनाव की नींव रखने वाला है। संसद के लिए चुनाव में योगी आदित्यनाथ सरकार के तीन मंत्री सहित 14 विधायक अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों के लिए हो रहे चुनाव के मैदान में भाजपा, सपा, कांग्रेस, रालोद, निषाद पार्टी ने अपने-अपने विधायकों को भी उतारा है। बड़ी पार्टियों ने अभी तक अपने सभी प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं लेकिन जितने सामने हैं उनमें 12 विधानसभा के जबकि दो विधान परिषद के सदस्य है। चुनाव लड़ रहे 12 विधानसभा सदस्यों में जो सांसद बन जायेगा तो उसकी रिक्त विधानसभा सीट के लिए निर्वाचन आयोग छह माह की अवधि में उपचुनाव कराएगा।मैनपुरी लोकसभा सीट पर सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की बहू और सपा मुखिया अखिलेश यादव की सांसद पत्नी डिम्पल से मुकाबले को भाजपा ने योगी सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह को मैदान में उतारा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में मैनपुरी सीट से विधायक चुने गए जयवीर पर मैनपुरी संसदीय क्षेत्र में भाजपा का परचम लहराने की चुनौती है।योगी सरकार में राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि भाजपा के हाथरस सुरक्षित सीट से प्रत्याशी है। अनूप अलीगढ़ जिले की खैर सुरक्षित सीट से विधायक हैं। गाजियाबाद से विधायक डा.अतुल गर्ग को भाजपा ने गाजियाबाद लोकसभा सीट का प्रत्याशी बनाया है। बसपा के कब्जे वाली नगीना सुरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा ने बिजनौर जिले की नहटौर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओम कुमार पर दांव लगाया है। प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रवीण पटेल फूलपुर संसदीय क्षेत्र के चुनावी दंगल में भाजपा प्रत्याशी के तौर पर ताल ठोंक रहे हैं। एनडीए में शामिल रालोद और निषाद पार्टी के एक-एक विधायक भी सांसदी के चुनाव मैदान में हैं। रालोद ने अपने कोटे वाली दो लोकसभा सीटों में एक बिजनौर में मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर विधानसभा सीट से विधायक चंदन चौहान पर दांव लगाया है। निषाद पार्टी के मिर्जापुर जिले की मझवां विधानसभा सीट से विधायक डा. विनोद कुमार बिन्द को भाजपा ने भदोही लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है।सपा ने अपने चार विधायकों को लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया है।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

हिंदू हारे क्यों और अब हिंदू उत्कर्ष के कारण क्या हैं ?

यदि कृष्ण शक्ति, नीति और पराक्रम के योद्धा पुरुष थे जिनको सुदर्शन चक्र के प्रतापी रूप से जाना गया तो राम मर्यादा भक्षक रावण तथा उसके पुत्रों के वध के बाद उसकी स्वर्णमयी लंका भस्म कर- जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी कहते हुये अयोध्या लौटे-और कृष्ण ने मथुरा वृंदावन से हज़ारों मील दूर गुजरात में देहोत्सर्ग किया। दोनों ही अवतारी पुरुष शक्ति और पराक्रम के अन्यतम उदाहरण हैं। अर्थात जहाँ आवश्यक हो वहां अरि हनन कर सज्जनों को अभय देना ही हिन्दू सनातन परंपरा का प्राचीनतम सन्देश रहा है। शक्ति का उपार्जन करना, स्वयं को शत्रु से अधिक बलशाली बनाना, पश्चाताप रहित शत्रु को कभी क्षमा नहीं करना।

वर्तमान हिंदू उदय का काल सनातन हिन्दुओं की वीरता और उनके असीम धैर्य के साथ विश्व में दुर्लभ संघर्ष की अद्भुत निरंतरता बताता है तो उसके साथ ही स्मरण रखना होगा पिछले कई सौ वर्षों में हिन्दू द्वारा हिन्दू से विद्वेष, हिंदू की हिंदू से शत्रुता, असंगठन, शत्रु के साथ अपने स्वार्थ के लिए जा मिलना और सामूहिक शत्रु के विरुद्ध अपने ईर्ष्या भाव ख़त्म कर संगठित बल से उस शत्रु का हनन करने की भावना का ना होना जिसने हिंदुओं को विदेशी क्षुद्र शक्तियों का दास बनाया। हिन्दुओं ने आत्म मुग्धता के साथ केवल अपने बारे में महानता की बातें कीं लेकिन जो सावरकर और हेडगेवार को जानते हैं वे समझते हैं कि अपनी दुर्बलताओं की और ध्यान दिए बिना शक्ति अर्जन का पथ प्रशस्त करना संभव नहीं होता। ये पांच सौ वर्ष कैसे बीते हमारे ? इन वर्षों में लाखों हिन्दुओं का वध हुआ, उनकी स्त्रियों का अपमान हुआ, बच्चे नर नारी गुलाम बनाकर काबुल और बग़दाद के बाज़ारों में बेचे गए, हमारे मंदिरों का ध्वंस हुआ और उनका अपमान हुआ, हमारे पूर्वजों को डरा धमका कर, संहार के भय से इस्लाम में लाया गया। आज उन मतांतरित हिन्दुओं के वंशज ही आक्रमणकारी विदेशियों की भांति हिन्दू धर्म, एवं आस्था स्थलों के प्रति घृणा का भाव रखते हैं, क्यों ? पांच सौ वर्षों के संघर्ष की निरंतरता के बाद हिन्दुओं के असीम धैर्य के बावजूद उनके प्रति मतांतरित जिहाद-अनुयायियों की शत्रुता काम क्यों नहीं हुयी ? हिन्दू इन विषयों पर सोचना भी नहीं चाहता। स्मृति भ्रंश और विगत के बलिदानों का विस्मरण हमारी बड़ी कमजोरी है। मंदिरों की अपरमित आय उच्च जातियों द्वारा नियंत्रित रहती है। हिन्दुओं का कौन सा एक भी मंदिर है जो अपने ही रक्तबंधु दलितों के प्रति समता और सच्चे आत्मीयता का भाव जन जन में पैदा करने के लिए दो चढ़ावा खर्च करता होगा? अथवा देश के कोने कोने मं हिन्दुओं को धर्मान्तरित करने वाली शक्तियों के सामने हिन्दू रक्षक और समरसता के यथार्थ प्रहरी भेजने हेतु अपने करोड़ो रुपये के हिन्दू-धर्म-दान का कोई अंश खर्च करता होगा? इन हिन्दू मंदिरों के संचालक एवं धर्म कोष के अधिपति अपनी राजनीतिक अभीप्साओं की पूर्ति के लिए मंदिर कोष कभी सरकारी कार्यों हेतु, कभी आगंतुक राजनीतिक महानुभाव के सरकारी सहायता कोष हेतु, कभी सड़क पानी बिजली के लिए खर्च कर अपने लिए राजनीतिक पद और प्रतिष्ठा की संभावनाएं ढूंढते हैं। लेकिन अरुणाचल से लेकर अंडमान और लद्दाख तक जो संगठन हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए प्रयासरत हैं उनको कभी दो रुपये की सहायता नहीं देते। हिंदू पर्व केवल लोकाचार- रीति रिवाज और कर्मकांड के पालन द्वारा अपनी क्षुद्र मनोकामनाएं पूरी करवाने का पाखंड नहीं होना चाहिए। हिन्दू क्यों हारा? किन कारणों से आक्रमणकारी जीते? किन कारणों से हमारा संगठन जातियों, धन कुबेरों के स्वार्थों, धार्मिक कुरीतियों और रूढ़िवादिता के कारण छिन्न भिन्न होता रहा? और किन महापुरुषों ने हिन्दू संगठन का बीड़ा उठाया जिस कारण आज सर्वत्र एक हिंदू उत्कर्ष का भाव दिखने लगा है ? इन पर विचार किये बिना भारत के नवीन भाग्योदय पर विमर्श अधूरा ही कहा जायेगा। स्मरण रखिये महाशक्ति संपन्न, विष्णु के अवतार श्री राघव को भी रावण वध से पूर्व भगवती शक्ति का आवाहन कर आशीर्वाद लेना पड़ा था. हमारे अवतारी पुरुष और वीर पराक्रमी गुरु दुष्ट हन्ता, जनसंगठक, मर्यादा रक्षक, प्रजा वत्सल, अत्यंत सौम्य, अक्रोधी, शालीन, भद्र, सबकी सुनने वाले और विनम्र रहे हैं।

एक्सप्रेस आलेख

ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल, अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं।

योगेश कुमार गोयल

आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी?

विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है।

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत दे रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि बड़ी बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है। हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने

अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है।

के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे। सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है।

एक्सप्रेस कविता

मैंने ईश्वर को नहीं देखापर पैदा होने से अब तक मां को देखा मां में मुझे ईश्वर दिखाई दिए। मैंने कभी पर्वत नहीं देखे थे पिता को देखा ध्यान से मुझे पर्वत और चट्टान दिखाइ दिए, कहते हैं पर्वतों में ईश्वर का वास होता है मैंने पिता के चेहरे में ईश्वर देखा। फिर जीवन में पत्नी आई पत्नी का चेहरा मां से मिलता जुलता। फिर बिटिया हुई बिटिया को देखा बिटिया में मां दिखाई दी फिर बिटिया और मां में साक्षात लक्ष्मी पार्वती दिखाई दी, मान लो तो देवता है वरना एक पत्थर ही तो है, बिटिया में मां पत्नी दोनों दिखाई दी दोनों ईश्वर की प्रतिमान। मां के चले जाने के बाद बिटिया और पत्नी में पूरी पूरी मां दिखाई देती है उस मां के चेहरे में ईश्वर के दर्शन हो जाते हैं। पर मैंने ईश्वर को नहीं देखा बेटी पत्नी और मां को देखा सचमुच सीधे और सपाट

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

हर दिन अपना योगदान दें, जितना हो सके प्रकृति के लिए योगदान करें

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	चतुर्दशी 27:26 तक
नक्षत्रः	हस्त 19:59 तक
पक्षः	शुक्ल
वारः	सोमवार
योगः	हर्षण, 28:28
सूर्योदयः	05:49
सूर्यास्तः	18:49
चंद्रमाः	कन्या राशि में
राहुकालः	07:27-09:04
विक्रमी संवत्:	2081
शक सम्वतः	1945
मासः	चैत्र
शुभ मुहूर्तः	11:55-12:43

जन एक्सप्रेस

हैं डटे मैदान !

करने को विदाई ।
हैं डटे मैदान ।।
जीत कर दिखाएंगे ।
हैं लगे जी जान ।।
है बयान सार्वजनिक ।
चर्चा चलने वाली ।।
है दिखाना दम ।
ना पुलाव ख़याली ।।
जनता का विश्वास ।
जीत लिया इस बार ।।
मान लेगी कहना ।
हैं हम असरदार ।।
होगी पक्की जीत ।
है ऐसा भरोसा ।।
अपनी बात ठीक से ।
हमने जो परोसा ।।



- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

पेट में कीड़ा होने की समस्या से हैं परेशान, तो रोजाना पिएं मेथी के बीज का पानी, मिलेगा आराम

अनहेल्दी फूड्स, प्रदूषित पानी का सेवन, घर के आस-पास की गंदगी और मिट्टी या गलत चीजों का सेवन बच्चों और बड़ों, दोनों के पेट में कीड़े होने की समस्या को बढ़ा सकता है। आंत में कीड़े होने के कारण पेट में तेज दर्द, उल्टी होना और खाना न पचना जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। पेट में कीड़े होने से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है, जिससे बचाव करना बेहद जरूरी है।

कब तक पिएं मेथी के बीज का पानी?: इस काढ़े का सेवन रोजाना एक बार कई दिनों तक करें। अगर आपको पेट में कीड़े होने की समस्या बार-बार होती है और पेट में दर्द बना रहता है, तो इसकी खुराक और अवधि को बढ़ा सकते हैं। लेकिन, ध्यान रहे किसी भी %हर्बल इलाज% को शुरू करने से पहले हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह जरूर ले लें।

पेट के कीड़े मारने के लिए मेथी के बीज का पानी पीने के फायदे: मेथी के बीज में एल्कलॉइड और सैपोनिन जैसे कंपाउंड होते हैं, जो पाचन-तंत्र से पेट के कीड़ों को कमजोर करने या बाहर निकालने में मदद कर सकते हैं। मेथी के बीज पाचन को बढ़ावा देने और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल से जुड़ी समस्या को दूर करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। मेथी के बीज का पानी पाचन में सुधार करके पेट के कीड़ों को बाहर निकालने में मदद कर सकते हैं। पेट के कीड़े गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल के रास्ते में सूजन और जलन पैदा कर सकते हैं। मेथी के बीज के पानी में सूजन-रोधी गुण होते हैं, जो पेट की सूजन को कम करने और जलन को शांत करने में मदद कर सकते हैं। मेथी के बीज विटामिन, मिनरल्स और फाइबर सहित कई पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो आपके पेट के स्वास्थ्य को बेहतर रखने और इम्यूनिटी पावर को बूस्ट करने में मदद करते हैं, जिससे पेट के कीड़ों से निपटने में मदद मिलती है। आंतों के कीड़ों को दोबारा होने से रोकने के लिए साफ-सफाई का ध्यान रखें। मेथी पानी पीने के बाद अपने स्वास्थ्य की निगरानी रखें और किसी भी तरह की असुविधा होने पर इसका उपयोग बंद कर दें।

सामग्री

- मेथी दाना- 1 बड़ा चम्मच
- पानी- 1 कप

ड्रिंक बनाने की विधि-

- सबसे पहले एक छोटे सॉस पैन में 1 कप पानी उबालें।
- जब पानी उबल जाए, तो उबलते पानी में 1 चम्मच मेथी के बीज डाल दें।
- अब आंच धीमी कर दें और मेथी के दानों को करीब 10 मिनट तक पानी में उबलने दें।
- मेथी दाने को पानी में अच्छी तरह उबालने के बाद सॉस पैन को आंच से उतार लें।
- जब मेथी के बीज का पानी थोड़ा ठंडा हो जाए, तो इसे एक कप में छान लें।
- अब मेथी बीज के इस गुनगुने मेथी बीज के पानी का सेवन करें।

एक्सप्रेस विशेष

सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी और कठिनाई पर चर्चा जरूरी



हृदयनारायण दीक्षित

भारतीय व्यापारी और किसान कर्ज में डूब गए थे। अंग्रेजों का प्रशासन संवेदनहीन था। ईसाई मिशनरी अंग्रेजी सत्ता के दुरुपयोग से धर्मांतरण कराते थे। लेकिन भारतीय संस्कृति और दर्शन का डंका चारों ओर पिट रहा था। भारतीय प्रशासन के लिए इंग्लैंड से सिविल अधिकारी आते थे।

भारत आने वाले सिविल अधिकारियों को पढ़ाया था कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मस्तिष्क भारतवासियों का है। संस्कृत दुनिया की आदर्श भाषा है। भारतीय दर्शन विज्ञान को ध्यान से समझ कर स्वयं का निजी जीवन और समाज को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है। यह बातें भारत का कोई व्यक्ति नहीं कह रहा था। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर भारत जाने वाले सिविल अधिकारियों को भारत को समझने की प्रेरणा दे रहे थे।

भारतीय प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लम्बा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है। लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था, हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है। पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुम्ब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुम्ब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई ग्राम थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है, समिति जनसाधारण की संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी। उस समय के नियम सबको मान्य थे। नियम या विधि को ऋग्वेद में धर्म-कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिन्धु घाटी की सच्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिन्धु सच्यता में सड़कें सुनियोजित थी। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। सम्पूर्ण सिन्धु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है। चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में भारत ने पहली बार राजनैतिक एकता हासिल की। यह विशाल साम्राज्य था। चन्द्रगुप्त मौर्य स्वयं में योग्य प्रशासक थे। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मैगस्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख व यूनानी साहित्य में मौर्य शासन व्यवस्था की तमाम जानकारी हैं। भारतीय प्रशासन के विकास में मौर्य शासन के अनेक तत्व हैं। भारत परम्परा प्रिय देश है। यहां के समाज में कालवाह्य को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक लोक प्रशासन को जनोन्मुखी बनाने के प्रयास चलते रहे हैं। आदर्श राजव्यवस्था के संवेदनशील प्रशासन के विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलते हैं और महाभारत में भी। कौटिल्य संवेदनशील प्रशासन के व्याख्याता हैं। वाल्मीकि की रामायण में श्रीराम की आदर्श राजव्यवस्था के उल्लेख हैं। वाल्मीकि द्वारा लिखी आदर्श राजव्यवस्था काल्पनिक नहीं है। तुलसीदास ने आज से 450 वर्ष पहले रामचरितमानस लिखी थी। रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है। राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गईं। अंग्रेजी सत्ता का उद्देश्य भारत की जनता को सुन्दर प्रशासन देना नहीं था। वे यहां से कच्चा माल इंग्लैंड ले जाते थे। उसके उपयोग से अंग्रेजी ब्रांड की वस्तुएं बनाते थे।

ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर, एक की मौत

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

थाना खीरी क्षेत्र में लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर जिंदाबाबा मजार के पास एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। हादसा रविवार की सुबह करीब दस बजे हुआ। ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज हुई कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। दोनों युवक बाइक समेत सड़क पर गिर गए। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। दुर्घटना के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। चालक मौका पाकर ट्रक छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वह बेहोशी की हालत में है। इसलिए मृतक और घायल कहां के रहने वाले हैं। अभी इसका पता नहीं चल सका है।

अकीदतो मोहब्बत के साथ मनाया गया सैयद बड़े पीर का सालाना उर्स

- हजारों लोगों ने चढ़ाए अकीदत के फूल
- बड़े से बड़ा भूत प्रेत उतर जाता है सैयद बड़े पीर की दरगाह पर

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। खीरी टाउन हजरत सैयद अब्दुल रज्जाक ऊर्फ बड़े पीर रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स बडे धूम के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस मौके पर हजारों अकीदतमंदो ने बड़े पीर साहब के आस्ताने पर अकीदत के फूल चढ़ाएं।विगत वर्षों की भांति इस साल भी 17 व 18 अप्रैल को मोहल्ला बुखारी टोला खीरी टाउन में सैयद अब्दुल रज्जाक ऊर्फ बड़े पीर रहमतुल्लाह अलैह का दो रोज़ा सालाना उर्स बडे धूम के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया।इस मौके पर पहले दिन आस्ताने पर ईद मिलादुन्नबी की महफिल सजाई गई जिसमे दर्जनों शेयरों नात पढ़ी व मौलाना हजरात ने अपना बयान किया। जलसा देर रात सलातो सलाम के बाद संपन्न हुआ।वहीं दूसरे दिन महफिलेसमा का आयोजन हुआ। जिसमें कई शहरों के कव्वालों ने नातिया व मनकबत के कलाम पेश किया।

उर्स देर रात कुल शरीफ के साथ संपन्न हुआ।सैयद बड़े पीर की दरगाह पर बड़े से बड़ा भूत प्रेत उतर जाता है। यही वजह है कि उर्स के मौके पर सैकड़ो भूत प्रेत से पीड़ित लोगों ने हाजिरी देकर फैज हासिल किया। इस मजार शरीफ पर हर जुम्मे रात को भूत प्रेत से पीड़ित सैकड़ो लोग हाजिरी देकर लाभ उठाते हैं।

इस मौके पर आयोजक कमेटी के वशीउद्दीन अंसारी, फैज जाफरी, नसरत खान, मो. यासीन उर्फ कल्लू होटल, बब्लू शाह, मो. शफ़ीक़, मो. आसिफ, गुड्डू खान ठेकेदार, शकील खान सभासद, नसीम अंसारी पूर्व सभासद, आबिस खान, कय्यूम खान, निजामुद्दीन अंसारी, इमरान कुरैशी, नासिर अंसारी, आसिफ अंसारी, महबूब आलम कुरैसी, शकील खान ड्राइवर, मोनिस फ़ारूक़ी, मो. रउफ उर्फ छोटे भैया, मो. इस्लाम, मुजाहिद के साथ साथ मोहल्ला व कस्बा सहित दूर दराज के हजारों लोगों ने शिरकत की।

पुलिस चौकी से सौ मीटर की दूरी पर चोरों का धावा

- दुकान से डेढ़ लाख की साड़ियां चुराईं

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बेहजम पुलिस चौकी की नाक के नीचे चोरों ने धावा बोलकर बड़ी चोरी कर ली। चोर लोहे की रॉड से शटर उठाकर पुलिस चौकी से सौ मीटर की दूरी पर कपड़े की दुकान से डेढ़ लाख रुपये की साड़ियां, नकदी आदि सामान चोरी कर ले गए।साड़ियों के डिब्बे नजदीक के खाली प्लॉट पर छोड़ गए।रविवार सुबह घटना की जानकारी पर पुलिस ने जांच शुरू की। दुकानदार पुलिस की गश्त पर सवाल उठ रहे हैं।पत्थरा निवासी सुभाष की बेहजम में किराये पर साड़ी की दुकान है। शनिवार रात चोरों ने सेंधमारी करते हुए दुकान में चोरी कर ली। रविवार सुबह दुकानों के मालिक सतीश मिश्रा ने दुकान का शटर उठा देखा तो चोरी का शक का हुआ।खाली प्लाट में साड़ियों के खाली डिब्बे भी पड़े थे। सूचना पर राज क्लाथ स्टोर के मालिक सुभाष भी मौके पर पहुंच गए। देखा तो दुकान के अंदर से साड़ियों सहित नकदी गायब थी। सूचना मिलने पर बेहजम पुलिस चौकी से सिपाही भी जांच करने पहुंचे। पीड़ित सुभाष ने बताया कि करीब डेढ़ लाख का कपड़ा चोरी हुआ है। नकदी भी कई हजार थी।बताया कि मकान मालिक ने सुबह 5.30 बजे फोन कर घटना की जानकारी दी थी। पास में ही लोहे की राड पड़ी थी, जिससे शटर उठाकर चोर अंदर घुसे थे।बेहजम चौकी इंचार्ज प्रभात कुमार गुप्ता ने बताया कि चोरी संदिग्ध मालूम हो रही है। आसपास के कैमरे की फुटेज को देखा है, कहीं कुछ नहीं दिखाई दिया।आसपास के लोगों का कहना है कि दुकान ठीक से चलती नहीं थी। कोई भी तहरीर नहीं मिली है। वहीं, नीमगांव थाना की प्रभारी श्रद्धा सिंह ने बताया कि चोरी की घटना की मुझे कोई जानकारी नहीं है।

हाई स्कूल व इंटरमीडियट बोर्ड परीक्षाओं में मल्लावां के बच्चों ने मारी बाजी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

मल्लावां। हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में मल्लावां पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज व श्री दर्शन लाल वर्मा स्मारक इंटर कॉलेज ईश्वरपुर साईं के हाई स्कूल के छात्र सुलभ पटेल ने प्रदेश में आठवां स्थान तो जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटर मिडिएट में संयुक्त रूप से दोनों कॉलेज के छात्र कपिल कुमार, शिवम पाल, सौम्या कुशवाहा ने प्रदेश में आठ वां स्थान के साथ जिले में पहला स्थान पाकर जहां नाम रोशन किया। शनिवार को मल्लावां पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज के हाई स्कूल के छात्र सुलभ पटेल निवासी गोसवा ने 583 अंक के साथ 97.17 प्रतिशत प्राप्त किया है। जो प्रदेश में 8 वां और जिले में पहला स्थान लाकर अपने माता पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया है। उसके पिता राजेश कुमार कृषि कार्य करते है. मां गृहणी है। उसने बताया कि घर में 6 घंटे तक पढ़ाई करता था। श्री दर्शन लाल लाला वर्मा स्मारक इंटर कॉलेज के छात्र अवी पटेल 579अंक के साथ 96.50 प्रतिशत,उत्कर्ष पटेल 577 अंक और नमिशा पटेल पुत्र वीरेश 577 अंक के साथ संयुक्त रूप से जिले में 5 वां स्थान प्राप्त किया।

मल्लावां पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज के छात्र प्रखर पटेल 583 अंक 97.17 प्रतिशत अंक के साथ 6 वां स्थान प्राप्त किया। श्री दर्शन लाल वर्मा स्मारक इंटर कॉलेज की छात्रा अनुष्का आर्य, अंजली, अनन्या पटेल ने संयुक्त रूप से 574 अंक के साथ 95.67 प्राप्त किया है। छात्र नेमिश पटेल, रजत यादव ने 573 अंक के साथ 95.50 प्रतिशत के साथ 9वां स्थान प्राप्त किया। मल्लावां पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज के छात्र कृष्णा सिंह, रागिब अंसारी, प्रविश पटेल, सत्यम ने सयुंक्त रूप से 573 अंकों के साथ 95.50 प्रतिशत, तो छात्र आयुष्मान सिंह, मो जीशान मंसूरी 572 अंको के साथ 95.33 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में 10वां स्थान प्राप्त किया है। श्री दर्शन लाल वर्मा स्मारक इंटर कॉलेज के छात्र अर्पित पटेल, रौनक़ पटेल और छात्रा निधी कुशवाहा ने 572 अंक के साथ 95.33 प्रतिशत 10 वां स्थान हासिल किया गया था।

मल्लावां पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज के इंटर के छात्र ने कपिल कुमार, शिवम पाल तो श्री दर्शन लाल वर्मा स्मारक इंटर कॉलेज के छात्र सौम्या कुशवाहा ने संयुक्त रूप से 482 अंकों के साथ 96.40 प्रतिशत अंक के साथ आठ वां और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। श्री दर्शन लाल वर्मा स्मारक इंटर कॉलेज की छात्रा सुमैया कुशवाहा, सुरुती पटेल, हंसी सिंह ने 480 अंको के साथ 96.40 प्रतिशत लाकर जिले में संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है। मल्लावां पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज के छात्र क्रिसलय पटेल , मो उवैश अंसारी ने 479 अंकों के साथ 95.80 प्रतिशत प्राप्त कर चौथा स्थान, खुशी सक्सेना 478 अंक के साथ 95.60 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान, अचल पटेल, मो सरैब ने 476 अंक के साथ 95.20 प्रतिशत प्राप्त कर सात वां स्थान, शीला देवी 475 अंक 95 प्रतिशत, आस्था मिश्रा, जोत्सना 474 अंको के साथ 94.80 प्रतिशत प्राप्त कर नौ वां स्थान, अर्पित भरद्वाज, अंशिका पटेल, साक्षी वर्मा ने 473 अंको के साथ 94.60 प्रतिशत प्राप्त किया है।

पचदेवरा पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

- भारी मात्रा में बने अधबने शस्त्रों सहित दो आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

जन एक्सप्रेस । हरदोई

रविवार को पचदेवरा पुलिस ने थाना क्षेत्र में संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए अवैध शस्त्र निर्माण कार्य में शामिल दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर भारी मात्रा में निर्मित व अर्द्ध निर्मित शस्त्र एवं शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए। जानकारी के अनुसार पचदेवरा थाना क्षेत्र के मड़ैया गांव के पास चल रही अबैध शस्त्र फैक्ट्री की मुखबिर द्वारा जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद पांडे ने पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र के मडैया गांव के उत्तर दिशा में तालाब के किनारे बनी एक झोपड़ी की घेराबंदी करते हुए दो व्यक्तियों को शस्त्र बनाते हुए मौके से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए गए आरोपियो के कब्जे से 12 बोर के तीन निर्मित व दो अर्धनिर्मित तमंचे तथा दो जिंदा व तीन खोखा कारतूस 12 बोर एवं भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण मौके से बरामद हुए। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के नाम पूछने पर वसीम उर्फ नन्नू पुत्र रफीक निवासी मडैया बिलसर हिलन थाना पचदेवरा दिन्ने पुत्र लज्जे राम निवासी नरभा थाना पचदेवरा बताया।पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत कर जेल दिया। वसीम के खिलाफ पूर्व में थाना पचदेवरा में छह मुकदमे पंजीकृत हैं।

किशोर ने किशोरी लाल हत्याकांड का खुलासा बहन की शादी में रुपए जुटाने के लिए दिया हत्या को अंजाम

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

क्षेत्र में 13 अप्रैल को लापता हुए वनका गांव निवासी 41 वर्षीय किशोरी लाल की हत्या होने का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। उनके साथ में घूमने वाले 16 साल के किशोर ने किशोरी लाल की हत्या की साजिश रची थी। आरोपी किशोर की बहन की शादी होने वाली है। उसे रुपयों की जरूरत थी। बहन की शादी के लिए रुपये जुटाने के लिए किशोर ने एक युवक के साथ मिलकर किशोरी लाल की हत्या कर दी और शव शाहजहांपुर के रोजा क्षेत्र में सुखेता नाला के पास जंगल में फेंक दिया। हत्या से पहले किशोर और युवक ने 10 हजार की नकदी और मोबाइल लूट लिया था। उचौलिया थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर शनिवार की देर रात जंगल से किशोरी लाल का कंकाल बरामद हुआ है। करीब नौ दिन जंगल में शव पड़े रहने की वजह से उसे जंगली जानवर खा गए थे। कंकाल के पास पड़े मिले कपड़ों के आधार पर मृतक के भाई राजेश ने शव की पहचान किशोरी लाल के रूप में की। इस हत्याकांड में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।वनका गांव निवासी राजेश ने बताया कि उनके भाई किशोरी लाल (41) शनिवार, 13 अप्रैल की शाम को लापता हो गए थे। वह बहनोई की मोपेड लेकर गए थे। दो दिन तक काफी तलाश किया, मगर कोई सुराग नहीं लगा।

इस दौरान पता चला कि गांव निवासी एक किशोर के साथ वह पास के गांव रहीमपुर गए थे। इसके बाद उसने 16 अप्रैल को पुलिस को नामजद तहरीर दी थी।

ज्ञानस्थली इंटर कालेज के कक्षा 10 के छात्रों ने मारी बाजी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरपालपुर। शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम आया। परीक्षा का परिणाम देखकर सफल परीक्षार्थियों के चेहरे खुशी से चमक उठे।ज्ञान स्थली इंटर कालेज के हाई स्कूल के छात्र शोभित पुत्र प्रदीप कुमार ने 94 प्रतिशत व वाशू पुत्र मुकेश कुमार ने 94 .66 प्रतिशत अंक पाकर अपने स्कूल व गुरुजनों को गौरांवित किया है।हरपालपुर कस्बे के ज्ञान स्थली इंटर कालेज के प्रबंधक तेजेन्द्र शुक्ला ने बताया कि हाई स्कूल के छात्र वाशू ने 600 अंकों की परीक्षा में 568 अंक व शोभित ने 564 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। उन्होंने विद्यालय परिवार की तरफ से बंच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं करते हुए कालेज के उत्तीर्ण सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी है।

मतगणना स्थल बनाये जाने हेतु मंडी का निरीक्षण किया

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के सभी मानकों का ध्यान रखा जाये। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरों की उपयुक्त व्यवस्था की जाये। रिकार्डिंग की उचित व्यवस्था की जाये। सभी स्थानों पर विद्युत संयोजन सुनिश्चित किया जाये। प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाये। मरम्मत के अवशेष कार्य जल्द पूरे किये जाएं। आवश्यक समतलीकरण का कार्य जल्द पूरा किया जाये। साफ सफाई की व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाये। बैरीकैडिंग का कार्य ससमय कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

खेत पर काम करते समय जंगली सुअर के हमले से महिला घायल

जन एक्सप्रेस । हरदोई। हरपालपुर। खेतो पर काम कर रही एक महिला पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया जिससे महिला घायल हो गयी।महिला के शोर मचाने पर आसपास खेतो में काम कर रहे लोगो के ललकारने पर सुअर मौके से भाग गया तथा घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के नाऊपुरवा मजरा दयालपुर गांव निवासी रामप्रवेश की पत्नी रामवती शनिवार की सुबह लगभग 8 बजे अपने खेत पर गेहूं की फसल काट रही थी।उसी समय अचानक जंगली सुअर ने उस पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गयी।महिला के शोर मचाने पर आसपास खेतो में काम कर रहे लोगो ने शोर शराबा करते हुए जंगली सुअर को ललकारते हुए महिला को किसी तरह छुड़ाया।घायल महिला को इलाज के लिए परिजन अस्पताल ले गए जहां से उपचार के बाद उसको घर भेज दिया गया।उसके गले पर चोट लगी हुई है।ग्रामीणों ने बताया कि जंगली सुअर द्वारा कई लोगों पर पूर्व में भी हमला किया जा चुका है।

बिलग्राम क्षेत्र में एसपी ने पुलिस बल के साथ किया फ्लैग मार्च

जन एक्सप्रेस । हरदोई। मल्लावां। लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने पुलिस फोर्स के साथ रूट मार्च किया। ताकि चुनाव में मतदाता निष्पक्ष होकर मतदान कर सकें। रविवार को कस्बे में पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने फोर्स के साथ बड़ा चौराहे से छोटा चौराहा, सुभाष पार्क, गंगारामपुर तक रूट मार्च किया। लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस मुस्तैद दिखाई दे रही है। चुनावों में गड़बड़ी फैलाने वालों को सख्त हिदायत दी जा रही है। पुलिस अपराधियों पर गुंडा एक्ट, मिनी गुंडा एक्ट और अन्य धाराओं में पाबंद कर रही है ताकि लोग चुनाव में कोई हरकत न कर सके। अपर पुलिस अधीक्षक नपेंद्र सिंह, सीओ शिल्पा कुमारी, एल आई यू प्रभारी निरीक्षक श्रीष शर्मा, कोतवाल निर्भय सिंह, बिलग्राम, माधौगंज, बघौली, कासिमपुर प्रभारी निरीक्षक सहित संजय सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली बच्चों ने रचा इतिहास,गुरुजनों ने किया दुलार

जन एक्सप्रेस । हरदोई। माधौगंज। क्षेत्र के ग्राम तपनौर स्थित महात्मा मंगू लाल इण्टर कॉलेज के छात्र/छात्राओं ने ग्रामीण क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में शेखर कुमार ने 88 प्रतिशत, शिवप्रसाद 85, शालूदेवी 82, आरजू बानो 80, रिंकू राजपूत ने 80 प्रतिशत तक अंक हासिल कर किसानों का मान बढ़ाया है। वहीं इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में साधना 91, दामिनी, पलक ने 89 प्रतिशत अंक पाए। शालू 88, कामना 86, सादिया 85, अर्चना देवी 84, अंजली 83, छमा 82, शिवानी देवी, शिवानी गौतम दिव्यांशी ने 81 प्रतिशत अंक अर्जित किए। साधना व शेखर ने 80 प्रतिशत अंक पाकर ग्रामीण क्षेत्र का मान बढ़ाया है। विद्यालय संचालक महेन्द्र सिंह कुलदीप ने छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि स्कूल के सभी बग्चों ने सम्मानजनक अंक हासिल किए हैं। सभी बग्चे किसानों और मजदूरों के है जिन्होंने कठिन परिश्रम करके बुलन्दी कायम की है।

बूथ सम्मेलन में कमलेश मिश्रा-भाजपा का हर कार्यकर्ता लड़ता है चुनाव

जन एक्सप्रेस । बहराइच

भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा बलहा व विधानसभा नानपारा का बूथ सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय और मंच संचालक मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कमलेश मिश्र रहे। स्वागत भाषण में जिला अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं के ही बल पर आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में व राज्य में सरकार बनी है। आप सभी कार्यकर्ताओं के बल पर लोकसभा का चुनाव भी लड़ा जा रहा है। मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की एक ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं का विशेष ध्यान रखती है। हमारे बीच एक कार्यकर्ता आनंद गोंड जो प्रत्याशी लोकसभा 56 के बनाए गए हैं, आप सभी कार्यकर्ता अपना पूरा मनोयोग से भारी मतों से जिताएंगे और प्रधानमंत्री के लक्ष्य को तभी पूरा कर पाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री व प्रवासी विनोद पटेल, सांसद अक्षयवर लाल गोंड, प्रत्याशी आनंद गोंड, लोकसभा संयोजक डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी मनोज त्रिवेदी, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, विधायक बलहा सरोज सोनकर, जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह, जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सरदार मनदीप सिंह वालिया, लोकसभा सह संयोजक योगेश प्रताप सिंह, घनश्याम सिंह, मंडल अध्यक्ष मोती लाल निषाद, राजेश गुप्ता, सतीश पोरवाल, पुत्तन लाल वर्मा, ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा, कृपाराम वर्मा, अजय कुमार मिश्रा, शालिग्राम लोधी, आशीष पांडे, अरविंद चौधरी, राकेश पांडे सहित दोनों विधानसभाओं के बूथ अध्यक्ष सहित सेक्टर संयोजक व मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ग्रामीण के हाथ में दगा गोला

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले के बडका गांव से श्रावस्ती जिले में शनिवार को बारात गई थी। जिसमें गोला दगा रहे ग्रामीण के हाथ में गोला दग गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद उसे बहराइच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बता दें कि पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बडका गांव निवासी एक युवक की बारात शनिवार को श्रावस्ती जिले के गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम सुविखा में गई थी। देर रात को द्वाराचार के समय पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भूप गंज बाजार के सफलू पुरवा निवासी राम करन (50) पुत्र पुत्ती लाल गोला दगाने लगे। इसी दौरान एक गोला राम करन के हाथ में दग गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसे श्रावस्ती जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर रात 11 बजे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। जहां मेडिकल कॉलेज में ग्रामीण का इलाज चल रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक राम करन गोलंदाज है।

चार वाहन चोर गिरफ्तार, सात बाइकें बरामद

जन एक्सप्रेस । बहराइच

हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश कर सात बाइकें बरामद कीं। चार वाहन चोर भी गिरफ्तार किए गए, उनके कब्जे से दो तमंचा व कारतूस भी बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा गया है। एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि हरदत्त नगर गिरंट पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के डाडे कुइयां तिराहे के पास एक खंडहर में कुछ लोग चोरी की बाइक और असलहों के साथ मौजूद हैं। यह लोग बाइक नेपाल ले जाकर बेचने की फिराक में हैं। इस पर थाना प्रभारी एसएन यादव ने छापा मार कर चार लोगों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान बहराइच के मोहल्ला घोसियाना निवासी बजरंगी प्रसाद, सोनवा के रतनापुर निवासी पप्पू यादव लक्ष्मण नगर के शंकरपुर निवासी संजय कुमार पासवान व रघुनाथपुर निवासी जितेंद्र कुमार वर्मा के रूप में हुई है। उनके कब्जे से चोरी की सात बाइक, दो 12 बोर के तमंचे, कारतूस व नकद 1,350 रुपये बरामद हुए। एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध बहराइच, गोंडा व श्रावस्ती के थानों में कई मामले दर्ज हैं। इस दौरान सीओ अतुल कुमार चौबे, सतीश कुमार शर्मा मौजूद रहे।

आला हजरत खानदान की बहू रहीं निदा खान पर हमले की कोशिश

- ससुरालवालों पर शक जताया

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली में आला हजरत खानदान की बहू रहीं निदा खान पर श्यामगंज पुल पर हमला करने की कोशिश की गई। निदा की गाड़ी रोकने वालों ने गनर के विरोध करने पर टक्कर मारने की कोशिश की। निदा खान ने बाइक सवार तीन लोगों के खिलाफ बारादरी थाने में तहरीर दी है।

निदा खान ने बताया कि उनका उनके पति और ससुरालवालों से विवाद चल रहा है। ससुरालवाले आला हजरत खानदान से ताल्लुक रखते हैं जिनके पूरी दुनिया में मुरीद हैं। यह लोग पहले भी उनके खिलाफ फतवे जारी कर चुके हैं। घरेलू हिंसा का मुकदमा जीत गई हूं तो इन लोगों ने न्यायालय में अपील दाखिल की है। कोर्ट के निर्णय के बाद से ससुराल वाले तरह-तरह की धमकी दे रहे हैं और मुकदमे में फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। बिना नंबर की थी बाइक शनिवार को कोर्ट में तारीख थी तो वह तारीख लेकर घर वापस जा रही थीं। श्यामगंज पुल पर बिना नंबर की बाइक पर सवार तीन लोग आए और बराबर में बाइक लगाकर धमकी देने लगे। तीनों ने गाड़ी रोकने की कोशिश भी की। गनर ने टोका तो इन लोगों ने टक्कर मारने की कोशिश की। गनर ने रोकने का प्रयास किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए तीनों इरफान अस्पताल वाली गली में भाग गए। एसपी सिटी राहुल भाटी ने बताया कि निदा खान की तहरीर पर बारादरी पुलिस जांच कर रही है। आरोप तथ्यात्मक मिले तो उसके मुताबिक आगे कार्रवाई की जाएगी।

संदिग्ध हालात में महिला की मौत

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर

पीलीभीत के थाना पूरनपुर के गांव लहा के जगदीश ने बताया कि उन्होंने बेटी सोनी देवी की शादी छह वर्ष पूर्व देवकली के ओमेंद्र के साथ की थी। शादी में उन्होंने हैसियत के अनुसार दहेज भी दिया था, लेकिन दामाद, उसका का बड़ा भाई अवनीश, मां कलावती, बहन आरती, ननदोई इंद्रपाल, मामा ससुर मुन्नालाल और मुन्नालाल का पुत्र नीलेश दहेज में पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर इन लोगों ने बेटी का उत्पीड़न शुरू कर दिया। इसको लेकर उन्होंने कई बार दामाद व अन्य ससुरालियों को समझाया, लेकिन आरोपी दहेज की मांग पर अड़े रहे। शनिवार सुबह उन्हें गांव देवकली के कुछ लोगों ने बेटी की मौत की सूचना दी। वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे तो सोनी का शव कमरे में मिला। ससुराल के सभी लोग शव छोड़कर घर से भाग गए थे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मौके पर मौजूद गांव के लोगों से घटना की जानकारी भी ली। सोनी अपने पीछे तीन वर्षीय पुत्री छोड़ गई है। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि सात लोगों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

न्यायालय के आदेश पर ईओ अमित सिंह पर थाने में एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले के नगर पंचायत तमकुही राज के अधिशासी अधिकारी (ईओ) रहे अमित कुमार सिंह के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर 156(3)के तहत तमकुहीराज थाने में एसी एसटी का मुकदमा पंजीकृत हुआ है।

यह मामला बीते 27 जनवरी 2024 को सांय चार बजे नगर पंचायत तमकुही राज कार्यालय में हुए विवाद के बाद ईओ की तैनाती वर्तमान में नगर पंचायत फाजिलनगर में हुई है।

न्यायालय विशेष सत्र न्यायाधीश एससी एसटी (पीए) एक्ट कुशीनगर स्थान पड़रौना प्रकिर्ण प्रार्थना पत्र सं./2024 राहुल कुमार गौड़ बनाम अमित सिंह व अन्य थाना तमकुही राज जनपद कुशीनगर प्राथज़्ना पत्र अन्तगज़्त धारा 156 (3) द .प्र .स प्रार्थना पत्र देकर पीड़ति राहुल कुमार गौड़ पुत्र रामेश्वर गौड़ ने विशेष सत्र न्यायालय एससी एसटी (पीए) एक्ट कुशीनगर में भा.दं.सं.1860 के तहत धारा 147, 323, 427, 504, 506 व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम 1989 (संशोधित 2015) 3(1)द तथा 3(1)घ के तहत मुकदमा दजज़ कराया है।

पीड़ति ने प्रार्थना पत्र में ईओ के उपर आरोप लगाया है कि दिनांक 27-1-2024को शाम 4 बजे ईओ अपने डाइवर व तीन चार अन्य के साथ नगर पंचायत कार्यालय पर मौजूद थे। ईओ और सभासद के बीच भीषण ठंड में जलावन लकड़ी को वार्डो में भेजने से ईओ द्वारा मना किये जाने पर विवाद हो रहा था। प्रार्थी नगर पंचायत कार्यालय में सफाई नायक के पद पर कार्यरत हैं। विवाद बढ़ते देख मेरे द्वारा नगर पंचायत के चेयरमैन जेपी गुप्ता को फोन से जानकारी दिया गया।जिस पर चेयरमैन ने कहा कि वह एडीएम साहब से मिलने जिला मुख्यालय पर आया हूं एक घंटे तक इंतजार करने के बाद जब चैयरमेन नहीं पहुंचे तो मैंने दोबारा फोन कर बताया कि जल्दी आइये विवाद बढ़ता

ईओ अमित सिंह

जा रहा है।

ईओ के साथ उनका ड्राईवर व तीन चार लोग बाहरी है जो विवाद करने पर तुले हुए हैं। तभी मुझे फोन करता देख ईओ साहब ने मुझे झापड़ से मारते हुए मेरा सर दिवाल से टकरा दिया जिससे मेरा सर फट गया। तभी चैयरमेन जेपी गुप्ता मौके पर पहुंचे विवाद होता देख मुझे व अन्य लोगों को समझाने के लिए अपने चेम्बर में ले के चले गये कि अचानक ईओ अमित सिंह उनका ड्राईवर व अज्ञात तीन लोग चेयरमैन के चेम्बर में घुस कर मुझे मारने लगे। चेयरमैन साहब के मना करने पर ईओ अमित सिंह कुदकर चेयरमैन जेपी गुप्ता के मेज पर चढ़ गये और उनपर हमला कर उनका गला जान से मारने की नियत से दबाने लगे जिससे चेयरमैन साहब की सांस फूल गई और वो बेहोश हो गए। ईओ के साथ आये लोग चेयरमैन जेपी गुप्ता के चेम्बर में तोड़फोड़ कर सरकारी कागजात को नुकसान पहुंचाया।

ईओ ने मुझे भी जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दिया। ईओ अमित सिंह चेयरमैन साहब की बिना अनुमति के फाईलों के भुगतान हेतु पीएफएम एस निकाल कर लाखों रूपए के भुगतान कराने का प्रयास किए थे जिसे चेयरमैन जेपी गुप्ता ने रोक कर फाईलों को संरक्षित कर दिया तथा ईओ अमित सिंह के खिलाफ कारज़्वाई हेतु उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया है। जिससे ईओ साहब पहले से ही नाराज़ चल रहे थे। ईओ और उनके आदमियों के हमले के बाद मुझे व चेयरमैन साहब को काफी चोट आई है। जिसमें डॉक्टरों ने मेरे गंभीर चोटों को देखते हुए सीटी स्कैन के लिए जिला अस्पताल रेफर किया है। ईओ साहब ने धमकी दिया है कि मेरे या मेरे सहयोगियों पर कोई विधिक कार्रवाई करोगे तो जान से मार देंगे। घटना की सूचना स्थानीय थाने में दी परन्तु प्रार्थी का मुकदमा नहीं लिखा गया तथा कोई कार्रवाई नहीं की गई।तब प्रार्थी ने उक्त घटना की सूचना जरिए रजिस्ट्री पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को दिया वहां से भी कोई कार्रवाई न होने के कारण श्रीमान के न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। अभियुक्त के तरफ से मु.अ.सं. 32/2024 थाना तमकुहीराज जिला कुशीनगर अन्तर्गत 143/353/504/506/308 आईपीसी पंजीकृत हैं। क्रास केस होने के नाते प्रार्थी का मुकदमा दर्ज किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है। उक्त घटना के बाद ईओ अमित सिंह को नगर पंचायत तमकुहीराज से हटाकर वर्तमान में नगर पंचायत फाजिलनगर में तैनात किया गया है।

प्रचंड गर्मी में इंडिया मार्का हैंडपंप नहीं उगलता पानी

✳ प्यास बुझाने की आस में प्यासे रह जाते हैं राहगीर, जिम्मेदार बैठे बेपरवाह

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर के विकास खण्ड जंगल कौड़िया के रसूलपुर चकिया गांव के अंतिम छोर पर अवस्थित परम ज्योति इंटर कॉलेज के निकट लगवाया गया इंडिया मार्का हैंडपंप महिनों से खराब है, और इस चिलचिलाती धूप में प्यास से तड़पते राहगीरों और ग्रामीणों की प्यास बुझाने में नाकाम साबित हो रहा इंडिया मार्का हैंडपंप। बताते चलें कि सरकार द्वारा सार्वजनिक जगहों पर लगवाए गए इंडिया मार्का हैंडपंप का रखरखाव ग्राम सभाओं के जिम्मे है परंतु इस जलाकर राख कर देने वाली गर्मी में इंडिया मार्का हैंडपंप से राहगीरों को एक बूंद जल नहीं नसीब हो रहा है। हैंडपंप को देखकर लोग अपनी प्यास बुझाने आते हैं परंतु हैंड पंप खराब पड़े होने से लोग प्यासे ही लौट जाते हैं।

ग्राम सचिव ने नहीं लेते मामले का संज्ञान

ज्ञातव्य हो कि हैंडपंप की मरम्मत के लिए ग्राम सचिव राजेश शर्मा से ग्रामीण कई बार गुहार लगा चुके हैं, परंतु हैंडपंप मरम्मत के धन से अपने घर की मरम्मत कराने में मशगूल ग्राम विकास अधिकारी महिनों बीत जाने पर भी हैंडपंप की मरम्मत नहीं करा सके, जिससे बेहद नाराजगी है। स्थानीय लोगों ने शीघ्र मरम्मत की मांग की है।

बोले एडीओ पंचायत, शीघ्र ठीक होगा हैंडपंप

इस संबंध में पूछे जाने पर एडीओ पंचायत रमेश चंद्र ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित कर दिया गया है शीघ्र हैंडपंप ठीक करा दिया जाएगा।

डीएम ने किया मेधावी छात्राओं का सम्मान बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए किया प्रेरित

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज अपने कैंप कायाज़्लय में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में टॉप 10 में स्थान बनाने वाले जनपद के चार मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया है। जिलाधिकारी ने चारों छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग भी की और उन्हें अपने-अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, परिश्रम, समपज़्ण और मजबूत इच्छा शक्ति से कठिन से कठिन लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। टॉपर छात्राओं ने भी डीएम से खूब सवाल पूछे। सुजाता पांडेय और शालिनी राव ने आईएएस बनने की प्रक्रिया और उसकी तैयारी से जुड़े सवाल पूछे, जिस पर डीएम ने परीक्षा के पाठ्यक्रम एवं पढ़ाई की स्ट्रेटजी के विषय में विस्तार पूवज़्क बताया। फिज़ा खातून और पल्लवी खरवार ने एनडीए परीक्षा के विषय में सवाल किए। फिज़ा ने सेना और पल्लवी ने वायुसेना में ऑफिसर बनने का लक्ष्य बताया।

एआरडी इंटर कॉलेज बभनी की छात्रा एवं सिरसिया बतरौली पांडेय निवासी तारा देवी व भानु प्रकाश पांडेय की पुत्री सुजाता पांडेय ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। सुभाष इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्रा एवं हरिकीतज़् मोहल्ला, भटनी निवासी असरार अली व नसीमा खातून की पुत्री फिज़ा खातून ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है। श्री कृष्ण शिक्षण संस्थान इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्रा एवं तरकुलहाँ निवासी सविता देवी तथा उदयभान खरवार की पुत्री पल्लवी खरवार ने हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया है। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज कुमीज़पट्टी की छात्रा एवं खुटहाँ पटखौली निवासी कंचन सिंह तथा संजय कुमार राव की पुत्री शालिनी राव ने हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। डीएम ने चारों टॉपर छात्राओं को मिठाई खिलाई तथा मोमेंटो एवं मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इन छात्राओं ने जनपद का गौरव बढ़ाया है। डीएम ने अभिभावकों के साथ-साथ गुरुजनों को भी बधाई दी।डीआईओएस वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस वषज़ हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में जनपद के छात्र-छात्राओं का परिणाम बेहतरीन रहा है। शीघ्र ही जनपद स्तरीय टॉपसज़ का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर एडीआईओएस महेंद्र प्रसाद, एडीआईओएस राजेन्द्र प्रसाद सरोज सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

आस्था, सुरक्षा व समृद्धि भाजपा सरकार की नियति

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

भाजपा पदाधिकारियों ने भौवापार मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा सत्यकिशोर के नेतृत्व में सेवा बस्ती ककराखोर ,जंगलदीर्घन एवं टेलनाबेवहरिया में वृहद जनसंपर्क अभियान चलाया।

जनसंपर्क में मौजूद मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मझवार ने जनता से सीधा संवाद करते हुए कहा कि मोदी योगी के नेतृत्व में हमारी सरकार दलित व वंचितों को मुख्य धारा से जोड़ने, संवैधानिक अधिकार, सामाजिक न्याय एवं सभी को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। आस्था, सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। भाजपा नेता ने कहा कि बाबा साहब से प्रेरित होकर भाजपा सरकार ने अनुसूचित समाज के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए कई प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि देश में संविधान तो था परंतु संविधान दिवस नहीं था प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 26 नवंबर 2015 को संविधान दिवस घोषित किया गया। अत्याचारों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए पहली बार राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 14566 शुरू किया गया।

भाजपा ने नारीशक्ति को दी प्राथमिकता

मोर्चा नेता सत्य किशोर ने अबकी बार 400 पार का नारा बुलंद करते हुए सभी से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री मोदी के हाथ मजबूत करने की अपील की। कहा कि आज हर तरफ बहन बेटियां और व्यापारी सुरक्षित है। केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से जनता को फायदा हुआ है तथा नारी सशक्तिकरण की दिशा में सबसे ज्यादा काम बीजेपी की सरकार ने किया है। जनसंपर्क के दौरान बिरजा सोनकर, हरिशचंद्र, अरुण, संदीप चौहान, राधेश्याम, संदीप, मूलचंद, इंद्रासन समेत पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

'विपक्षी आतंकवाद, अलगाववाद समर्थक, भाजपा विकासवाद समर्थक'

भाजपा नेता इंजीनियर बृजमोहन ने सभी से आसन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाने का निवेदन किया। उन्होंने कहा कि अटल पेंशन योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, मुफ्त अन्न योजना, जन औषधि, आयुष्मान, प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला, स्वनिधि जैसी तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं से सबसे ज्यादा लाभान्वित गरीब तबका ही हुआ है जिसमें सर्वाधिक आबादी अनुसूचित समाज की है। भाजपा नेता ने कहा कि 2014 के चुनाव के साक्षी लोग जानते हैं कि उस समय कैसा भारत था, देश में आतंकवाद ,नक्सलवाद अलगाववाद सिर चढ़ बोल रहा था सभी संस्थाओं में भ्रष्टाचार चरम पर था। सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीना कर्फ्यू लगा रहता था या लोग दंगा पॉलिसी चलाते थे हम विकास की पॉलिसी पर काम कर रहे हैं। सपा बसपा व कांग्रेस के लोग अपने परिवार के बाहर सोच भी नहीं सकते। भाजपा सरकार सेवा सुशासन गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। बाबा साहब को समर्पित पंच तीर्थ बनाकर भाजपा ने करोड़ों वंचितों को सम्मानित किया परंतु कांग्रेस समेत अन्य सरकारों ने एक भी स्मारक नहीं बनाया। कांग्रेस काल में दीमक खाती बाबा साहब की स्मृतियां को संजोने के लिए चिंचोली संग्रहालय का निर्माण किया।

आग की घटना से किसानों के उड़े होश, फसल की कटाई के लिए कम्बाईन मशीन का ले रहे सहारा

✳ जिले के 5 ब्लाकों में शनिवार का दिन आगलगी के दिन के लिए हुआ दर्ज

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले में किसानों के गेहूं की फसल खेतों में पक कर तैयार है। फसलों की कटाई मड़ाई को लेकर किसान खेती बारी में लगा हुआ है। लगातार हो रही आगलगी की घटनाओं से किसानों के होश उड़े हुए हैं। भीषण गर्मी में किसान हार्वेस्ट कम्बाइंड के सहारे फैसलों की कटाई मड़ाई करा कर अनाज को घर में सुरक्षित करने में लगा हुआ है। तेज पछुआ हवा के चलते जनपद में अधिकांश आग लग रहा है। पशुओं के चारा के लिए भी किसान भूसा बनाने वाली मशीनों पर निर्भर हो गया है। आग की डर से जल्दी जल्दी खेती के कामों को निपटा रहे हैं। किसानों के अन्दर आग की घटनाओं ने इस कदर भय उत्पन्न कर दिया है कि वह फसलों को लेकर काफी डरा हुआ है। कुशीनगर जनपद में अधिकांश जगहों पर गेहूं की कटाई मड़ाई का काम अभी चल रहा है। जबकि कुछ जगहों पर किसानों ने अपनी फसल की कटाई मड़ाई का काम निपटा चूकें है। पशुओं के चारा के लिए कुछ किसान हाथों से गेहूं के कटाई का काम कर रहे हैं। ऐसे में तेज हवा के चलते आग लगने की घटनाएं भी हो रही है। आग की घटना से सशंकित किसान मशीनें के सहारे अपनी फसलों को कटवाने के लिए मजबूर हो गए हैं। किसानों का कहना है कि खेतों में गेहूं की फसल खड़ी

है। जब आग लगने की घटना हो रही है तो तेज हवा के चलते आग बिकराल रूप धारण कर काफी नुकसान पहुंचा रही है इसको रोकने या बुझाने के लिए किसी भी तरह का प्रयोग सफल नहीं हो पा रहा है। आग लगने के बाद तेज हवा के साथ आग विकराल रूप धारण कर लें रही है जिसके चलते फसलें तो जल ही रही है उसके साथ गांवो में बने फूस के रिहायशी घरें भी जलाकर खाक हो रही है। आगलगी ही एक ऐसी खतरनाक घटना जो घर में पकड़ लिया तो झाडू तक नहीं बच पाती है। शनिवार का दिन जिले के लिए आगलगी की घटना को लेकर काफी खराब दिन साबित हुआ है। जिले के फाजिलनगर ब्लाक के कई गांवों में आग लगने की घटना घटित हुई। इसी तरह तमकुही राज ब्लाक, विशुनपुरा ब्लाक, खड्डा ब्लाक, कसया ब्लाक व रामकोला ब्लाक व सेवरही ब्लाक के कई गांव में व खेतों में आग लगने की घटनाएं घटित हुई है। जिन किसानों के फसलों की कटाई मड़ाई नहीं हुई है वह आग की डर से जल्दी जल्दी अपने फसलों की कटाई मड़ाई में लगा हुआ है। इस तरह से हो रहे आगलगी की घटनाओं से फायर बिग्रेड भी दमकल के सहारे किसानों के फसलों के बचाव कार्य में सफल नहीं हो पा रहे हैं। तेज हवा के चलते आग का रूप बिकराल होता जा रहा है देखते देखते आग हवा के दबाव के साथ किलोमीटर तक दूरी तय करने तनिक देरी नहीं कर रहा है।

तेज धूप व गर्मी में किसान 7 से 10 दिन में गन्ने के फसल की करें सिंचाई: रमाशंकर प्रसाद

चीनी मिल सेवरही गन्ना किसानों की अच्छी उपज के लिए है तत्पर

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले के सेवरही चीनी मिल ने क्षेत्र के गन्ना किसानों को गन्ने की मन माफिक पैदावार के लिए गन्ने का 7 से 10 दिन के अंतराल पर सिंचाई कर किसान अच्छी पैदावार हासिल कर सकते हैं। चीनी मिल प्रवंधन ने किसान संगोष्ठी को आयोजित कर किसानों को जागरूक किया।

किसान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सेवरही चीनी मिल के सहायक महा प्रवंधक रमाशंकर प्रसाद ने कही। श्री प्रसाद ने कहा कि तेज धूप व गर्मी के कारण किसान भाई अपने गन्ने की फसल को 7 से 10 दिन के अन्दर गन्ने की फसल की सिंचाई आवश्य करें लें ताकि खेतों में बराबर नमी बनी रहे। नमी रहते ही 24 घंटे के भीतर प्रति कट्ठा 2 किलो यूरिया खाद

की मात्रा फसल में अवश्य डाले। गन्ना की खेतों मे घास न हो उसके लिए ट्रैक्टर चालित यंत्र पावर वेडर मशीन या मजदूर से खेतों की निकाई गुड़ाई अवश्य करें।

उन्होंने ने कहा कि सही समय पर शरद कालीन फसलों में फरवरी मार्च के खेतों में कोराजीन नामक कीट नाशक दवा का प्रयोग करने से गन्ने में लगने वाले कीटो पर नियंत्रण होगा। यह कीट नाशक दवा चीनी मिल में भी उपलब्ध है।

कहा कि किसान भाई बायो कम्पोस्ट खाद व एसएसपी पोटाश व ब्लैक गोल्ड गन्ने की फसल में न डाले वह चीनी मिल पर उपलब्ध है वहीं से खरीद कर अपने खेतों में लगी गन्ने की फसलों पर प्रयोग करें। कहा कि अगर उपरोक्त कार्य करने में किसानों को कोई भी परेशानी हो तो चीनी मिल के अधिकारयों से संपर्क कर समस्या का समाधान कर सकते हैं। इसके लिए चीन मील के अधिकारी व कर्मचारी गन्ना किसानों के लिए उनकी फसलों के अधिक से अधिक पैदवार के लिए तत्पर है। समय समय पर चीनी मिल किसानों के अच्छे गन्ने की फसल पैदावार के लिए संगोष्ठी आयोजित कर किसान भाइयों को जागरूक करता रहता है।

महाविद्यालय के विकास में सहभागी बनें पुरातन छात्र: राघवेंद्र

जन एक्सप्रेस। भाटपार रानी

✳ मालवीय पीजी कॉलेज में प्रथम पुरातन छात्र सम्मेलन में प्रो. सतीश अध्यक्ष, डॉ. पवन प्रबंधक. डॉ श्रीनिवास उपाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

नगर में प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मदन मोहन मालवीय के नाम पर स्थापित पीजी कॉलेज का प्रथम पुरातन छात्र सम्मेलन भीम व्यायाम शाला में आयोजित किया गया। सम्मेलन में शिक्षा, चिकित्सा राजनीति, सुरक्षा, समाज सेवा से जुड़े हर क्षेत्रों में राष्ट्र व विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान दे रहे पुरातन छात्रों ने अपना अनुभव साझा किया। उनके द्वारा प्राप्त उत्तम सुझाव को विद्यालय प्रशासन ने अमल में लाने का संकल्प लिया। जिससे संस्थान को उत्थान के अंतिम सोपान पर ले जाया जा सके। सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए संस्थान के प्रबंधक व वरिष्ठ भाजपा नेता राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह ने कहा कि पुरातन छात्र जो अपने उत्कृष्ट कार्यो से संस्थान की प्रसिद्ध में चार-चार लगा रहे हैं। उनपर संस्थान गौरवांवित हो रहा है। संस्थान के ऊर्जावान प्राचार्य, आचार्य एवं संस्थान परिवार के आपसी सहयोग, उचित प्रबंध, अध्ययन, अध्यापन की गुणवत्तापूर्ण आदर्शो से आए दिन यह संस्थान नया कीर्तिमान गढ़ रहा हैं। संस्थान के प्राचार्य ने डेढ़ वर्षो में संस्थान की उत्थान में जो योगदान दिया है उसे बीस वर्षो में भी पूरा कर पाना कठिन है। विधान परिषद सदस्य डॉ रतनपाल सिंह ने कहा कि आज भी मैं एक विद्यार्थी हूं।

शिक्षण संस्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति पर मैं गौरवांवित होता हूं। समारोह का संचालन शिक्षा वित्त डॉ पवन कुमार राय ने किया। पुरातन छात्र सम्मेलन में प्रोफेसर सतीश चंद्र गौड़ को अध्यक्ष, डॉ पवन कुमार राय को प्रबंधक, डॉ श्रीनिवास मिश्र को उपाध्यक्ष, राम प्रसाद को सचिन एवं महेंद्र मिश्रा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

आग लगने से झोपड़ी सहित चार बकरियां जलकर खाक

जन एक्सप्रेस/बरियारपुर। थाना क्षेत्र के चैबरियापट्टी गांव में शनिवार की देर रात गैस रिसाव से लगी आग में दो रिहायशी झोपड़ी जलकर खाक हो गई। उसमें रखा घर गृहस्थी का सारा सामान जल कर खाक हो गया, जिसमें अनाज, कपड़ा आदि के साथ ही चार बकरियां भी आग की भेंट चढ़ गई। सूचना के बाद भी अग्नि शमन विभाग की गाड़ी नहीं पहुंची। बरियारपुर थाने की पुलिस मौके पर आग बुझाने के प्रयास में जुटी रही। चैबरियापट्टी निवासी रुदल राजभर के घर देर रात गैस पर भोजन बन रहा था। इसी दौरान पाइप से गैस रिसाव होने लगा, जिससे आग गैस सिलेंडर में पकड़ लिया। फिर देखते देखते आग झोंपड़ी पकड़ लिया। वहीं रुदल के भाई बीरबल का सिलेंडर रखा था उसमें भी आग पकड़ लिया। इसमें लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

बिना मान्यता संचालित विद्यालयों को बंद करने हेतु नोटिस निगज़्त

जन एक्सप्रेस। बरहज

कायाज़्लय खण्ड शिक्षा अधिकारी भलुअनी ने विकास क्षेत्र भलुअनी बाजार में बिना मान्यता/ अनियमित तरीके से संचालित किये जा रहे विद्यालयों को तत्काल बन्द किये जाने के को लेकर नोटिस जारी किया है।

निर्गत विभागीय नोटिस पत्रांक/मान्यता नोटिस/25-29, दिनांक-18 अप्रैल 2024 के जरिए सम्पाती देवी शिक्षण संस्थान फतेहपुर, आजाद शिशु मन्दिर फतेहपुर, चन्देश्वर शिक्षण संस्थान फतेहपुर (6-8), सरस्वती ज्ञान मन्दिर गडेर, डॉ भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान कन्हौली पकडी बाजार, ए0डी0 पब्लिक स्कूल गोलउथा, एस0बी0एन0 एकेडमी नगवा पकड़ी बाजार, माँ शान्ति पब्लिक स्कूल सेल्हरापुर, आर0के0 पब्लिक स्कूल मरहवों के प्रबंधक/प्रधानाध्यापक को नोटिस रिसीव कराते हुए तत्काल विद्यालय को बंद करने को कहा गया है।

जिसमें कहा गया है कि कतिपय माध्यमों से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के संज्ञान में आया है कि आपके द्वारा उक्त नाम से बिना सक्षम अधिकारी से मान्यता प्राप्त किये विद्यालय संचालित किया जा रहा है जो गैर मान्यता प्राप्त की श्रेणी में आता है तथा विभागीय नियमों के सर्वथा विरूद्ध है। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 (5) में निम्न प्राविधान हैः 'बिना सक्षम अधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त किये जो विद्यालय स्थापित है अथवा संचालित किये जा रहे है, वे नियम विरूद्ध/अवैधानिक है एवं ऐसे व्यक्ति (प्रबंधक/प्रधानाचार्य) जो इस प्रकार के अवैधानिक कृत्यों में संलिप्त है, सम्बंधित पर रूपया 100000.00 (एक लाख) तक जुमार्ना/आर्थिक दण्ड आरोपित करने का कानूनी प्राविधान है, उक्त दण्ड के अतिरिक्त अमान्य विद्यालय संचालन करने हेतु रूपया 10000.00 (दस हजार) प्रतिदिन अतिरिक्त जुमार्ने/आर्थिक दण्ड का भी कानूनी प्राविधान है। उक्त प्राविधानों के अन्तर्गत आर्थिक दण्ड हेतु भी दोष सिद्ध है। ऐसी स्थिति मे यदि संचालित विद्यालय की मान्यता प्राप्त की गई है।

दो बच्चों के सर से उठा बाप का साया

जन एक्सप्रेस/मेहरौना। लार थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर एक अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसी बाइक पर पीछे बैठी महिला को हल्की चोंटे आई घायल युवक का इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई।लार थाना क्षेत्र के चुरिया गांव निवासी ब्यास राजभर पुत्र स्व. रजिंदर राजभर उम्र 27 वर्ष के छोटे भाई धनेश राजभर का विवाह 18 अप्रेल को था। बारात से वापस लौटने के बाद शुक्रवार को ब्यास राजभर अपने मौसी को छोड़ने सलेमपुर जा रहे थे अभी वह लार सलेमपुर मागज़ पर रावतपर अमेठिया गेट के पास ही पहुँचे थे कि पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाईक पर बैठी महिला को हल्की फुल्की चोट आयी वहाँ पर मौजूद लोगों ने घायल युवक ब्यास राजभर को लार सरकारी अस्पताल भेजवाया।

जयपुर हाउस के शांतिनाथ मंदिर से भगवान महावीर रथोत्सव निकला

जन एक्सप्रेस। आगरा

श्रद्धा और भक्ति भाव से भरा हृदय और मुख पर महावीर भगवान के जयकारे। भगवान के उद्घोष बैंड बाजों संग भजनों पर झूमते गाते श्रद्धालू। हर तरफ भक्ति की लहर थी। कुछ ऐसा ही नजारा था जयपुर हाउस स्थित शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में। जहां आज 1008 श्री तीर्थकर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव व रथोत्सव का शुभारम्भ उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज ससंघ, परम पूज्य मुनि श्री शिवानंद जी महाराज, मुनि श्री प्रश्मानंद जी महाराज के आशीर्वाद से नवीन जैन (सांसद राज्यसभा) एवं उद्योगपति प्रदीप जैन (पीएनसी ग्रुप) ने शुभ लग्न में झंडी दिखाकर किया।

जयपुर हाउस स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से हजारों श्रावकगणों ने भगवान के जयकारों के साथ रथ यात्रा में भाग लिया। रथ यात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान महावीर स्वामी के पालने की झांकी थी। रथ यात्रा में 5 बग्घियां, 6 घोड़े, 25 झांकियां 14 बैंड, 24 तीर्थकरों के चिन्ह सहित नाम पट्टिकाएं सम्मिलित थीं।

रथ यात्रा में अध्यक्ष राकेश कुमार जैन, मंत्री दीपक जैन मंत्री, अर्थ मंत्री अजय जैन, मुख्य संयोजक सुबोध जैन पाटनी, नीरज जैन उप संयोजक, मनोज जैन उपसंयोजक साथ चल रहे थे। प्रथम चांदी के रथ में खवासी एवं महासारथी मनोज कुमार, ऋषभ कुमार जैन परिवार, सारथी श्रीमान मंजीत, मुकेश, राहुल, दीपक जैन परिवार, दूसरे सारथी विनय कुमार, विकास, वैभव जैन परिवार व कुबेर बनने का सौभाग्य विमल कुमार आदित्य अरिहंत जैन को प्राप्त हुआ। अश्ेह्ल रथ में सारथी श्रीमान रविंद्र कुमार, नमन जैन खवासी नमित जैन, रोहित जैन एवं कुबेर श्रेयांश जैन, सुपार्श्ेह्ल जैन बने। गजरथ में सारथी सुरेश चंद अभिषेक, दीपक जैन, खवासी विनोद कुमार, मयंक, अंकित रॉवका एवं कुबेर बनने का सौभाग्य राज कुमार, निर्मल, अरविंद जैन परिवार को प्राप्त हुआ। कोसमा से आए रथ में सारथी रविंद्र कुमार विकास जैन खवासी सुरेश पांड्या एवं कुबेर कुशाल जैन बने।

रथयात्रा से पूर्व आगरा जैन समाज के श्रेष्ठीगण प्रदीप जैन (पीएनसी), जगदीश जैन, राकेश जैन, सतीश जैन, हीरालाल बैनाड़ा, निर्मल जैन मोठ्या, राजेश सेठी, मनोज बाकलीवाल, भोलानाथ, विमल जैन, अखिल बारोलिया, जितेंद्र जैन आदि का सम्मान किया गया। मंदिर समिति के सदस्य प्रमोद रावका, अजीत रावका, नानक चंद, निर्मल जैन, महावीर जैन, अजय बैनाड़ा, राहुल जैन, राजीव प्रकाश जैन, नीरज जैन, पंकज जैन (लेखा परीक्षक), मनोज जैन एवं विवेक जैन ने सभी को साफा पहनकर एवं एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया।

आकर्षक झांकियों ने लुभाया

झांकियों में आचार्य समंतभद्र स्वामी, जियो और जीने दो, भगवान का पालना, जल है तो कल है (पर्यावरण), राष्ट्र हित में मतदान अवश्य करें, पांडुक शिला पर भगवान का अभिषेक, चंद्रयान, णमोकार महामंत्र, संसार दर्शन, भगवान नेमिनाथ की बारात, मदमस्त हाथी को रोकते हुए भगवान, जन्म कल्याणक का ऐरावत हाथी, कुंडलपुर में बधाई आदि प्रमुख रहीं। रथ यात्रा का संचालन श्री शांतिनाथ युवा मंडल के सदस्यों अरविंद जैन, रवीश जैन, तपेश जैन, अरविंद जैन, रवीश जैन, तपेश जैन, महावीर जैन, भूषण जैन, मनोज जैन (जलेसर), मंजीत जैन, मोहित जैन रावका, नरेंद्र जैन, राजीव जैन, रवींद्र जैन (सोनू), मनोज जैन (रॉबी), नितेश जैन, पलाश जैन, राहुल जैन, तरूण जैन रावका, अभिषेक जैन, अभिषेक जैन (जलेसर वाले), आदि ने किया। स्वस्तिक महिला मंडल की याची जैन, शची, सरिता, श्ेह्लेता, रश्मि, सीमा, कविता, महक, रुचि, अनु, राखी, निकिता, निधि, ममता, नीना, आशा, सरिता आदि मौजूद रहीं।

अंतरराष्ट्रीय मॉडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में भाग लेंगे आगरा के अभिषेक कपूर

जन एक्सप्रेस। आगरा

लुधियाना में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय मॉडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में आगरा के एक युवा को शामिल होने का मौका मिला है। आगरा के कमला नगर निवासी अभिषेक कपूर जो कि सी.टी.यूनिवर्सिटी एमयूएन के सलाहकार हैं वो इस सम्मेलन में भाग लेंगे। अभिषेक कपूर ने पहले भी उत्तर प्रदेश और देश के अन्य प्रदेशों में कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया है। 2019 में उन्हें नेपाल में राष्ट्र और सामाजिक समुदायों के लिए शांति और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सर्वोत्तम शांतिदूत के रूप में सम्मानित किया गया। अभिषेक कपूर को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार बेस्ट पीसमेकर इम्पैक्ट के रूप में 'यूनाइटेड रिलीजन्स इनीशिएटिव' द्वारा पुरस्कृत नेपाल में राष्ट्र और सामाजिक समुदायों के लिए शांति और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सर्वोत्तम शांतिदूत के रूप में सम्मानित होने के साथ-साथ, उन्हें व्यापक प्रशंसा और पहचान मिली। जिसके माध्यम से अभिषेक कपूर रेडियो, अखबार, और सोशल मीडिया सहित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया प्लेटफॉर्मों पर प्रमुखता से उभरे। अभिषेक कपूर को अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में विशेष अतिथि और महान पैनल वक्ता के रूप में सम्मानित किया गया है।

युवा उत्थान और विकास के लिए कार्यशालाओं का आयोजन

अभिषेक कपूर ने कई कार्यशालाओं का आयोजन किया है, जिसमें उन्होंने युवा वर्ग को '3ए के मंत्र' के माध्यम से शिक्षा, सशक्तिकरण और पर्यावरण की समझ कैसे प्रदान करनी चाहिए, इसका उदाहरण साझा किया है। उन्होंने साबित किया है कि हर व्यक्ति, खासकर युवा वर्ग के छात्रों को, इन महत्वपूर्ण विषयों की समझ होनी चाहिए। उन्होंने 2022 में 'सद्भावना कार्यक्रम' वाराणसी में अयोजित किया, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति उल्लेखनीय थी।

अप्रैल फेयर में पहुंचे देसी और विदेशी खरीदार

जन एक्सप्रेस/नोएडा। नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में शनिवार से तीन दिवसीय अप्रैल फेयर की शुरुआत हुई। अप्रैल फेयर में देश विदेश के ई कॉमर्स कंपनियों के स्टॉल लगाए गए। इन्हें देखने के लिए देसी विदेशी खरीदार पहुंचे। इसके अलावा अरब, म्यांमार, सूरीनाम और अन्य राष्ट्रों के राजदूत व अन्य मेहमान भी पहुंचे। अप्रैल फेयर में खूबसूरती से सजाए गए स्टॉल्स ने खरीदारों के समूह को आकर्षित किया। ई-कॉमर्स क्रॉस-बॉर्डर कॉन्क्लेव में लोगों ने गहरी रुचि दिखाई। मेले में लगभग 11 सौ लोग पहुंचे। इनमें अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खरीदार, खरीद एजेंट, खुदरा विक्रेता और कॉर्पोरेट प्रतिनिधि शामिल हैं। भारत सरकार में विदेश व्यापार के उप महानिदेशक मोहम्मद मोइन अफाक ने ई-कॉमर्स के लाभों पर प्रकाश डाला। जिसमें बड़े अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच और प्रत्यक्ष रूप से उपभोक्ताओं तक पहुंचने और बिक्री के द्वारा बेहतर लाभ अर्जित करने समेत जानकारी दी।

बीच बाजार में पत्नी के प्रेमी की गोली मारकर हत्या

जन एक्सप्रेस। आगरा

पत्नी को प्रेमी से शादी करना पति को नागवार गुजारा। उसने बहाने से पत्नी और प्रेमी को फोन करके बुलाया और बीच बाजार में प्रेमी की गोली मारकर हत्या कर दी। महिला ने पांच माह पूर्व कोर्ट मैरिज की थी। गोली मारने के बाद भागने का प्रयास कर रहे आरोपी को लोगों ने पकड़ लिया और उसे बुरी तरह पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया। महिला दोनों बच्चों को भी अपने साथ ले गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वाकया खेरागढ़ थाना क्षेत्र के समाधि रोड का है। यहां लक्ष्मण (40) ने अपनी पत्नी नीतू के प्रेमी कंचन (27) को दिनदहाड़े भरे बाजार में गोली मार दी। गोली लगने से कंचन लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। कुछ ही समय में उसके प्राण निकल गए। सरेआम गोली कांड से बाजार में भगदड़ मच गई। भीड़ ने आरोपी लक्ष्मण को दबोच लिया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

नीतू ने बताया कि वह राजस्थान के जैरा का पुरा मंनिया की रहने वाली है। सात वर्ष पूर्व उसकी शादी राजस्थान के कृष्णा बाड़ी निवासी लक्ष्मण के साथ हुई थी। दोनों से दो बच्चे सोनाली (6 वर्ष) और रवि (3 वर्ष) हैं। इसी बीच उसे कंचन से प्रेम हो गया। पांच महीने पहले उसने कंचन के साथ भागकर कोर्ट मैरिज कर ली। दोनों बच्चों को साथ में ले गई। दोनों मजदूरी करके गुजारा कर रहे थे। सुबह लक्ष्मण ने फोन किया। कहा कि उसकी तबीयत खराब है।

बारातियों की कार पलटने से दूल्हे के भाई समेत पांच की मौत

जन एक्सप्रेस। आगरा

शनिवार देर रात नोएडा-आगरा एक्सप्रेस-वे पर कुबेरपुर कट के निकट बरातियों की एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में दूल्हे के भाई समेत 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गए। बताया गया है कि ड्राइवर को झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। सभी बराती रविवार को होने वाले शादी समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली से देवरिया जा रहे थे। हादसे के बाद समारोह कैंसिल कर दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के तिगड़ी में रहने वाले संतोष की 21 अप्रैल (रविवार) को शादी थी। बस और कारों से बारात नोएडा से देवरिया जा रही थी। अर्टिगा कार में 8 लोग सवार थे। इनमें दूल्हे का भाई भी था। तेज स्पीड और झपकी आने की वजह से हादसा हुआ है। इस कार के पीछे-पीछे आ रहे अन्य बराती हादसे के बाद वहीं रुक गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे लोगों को बमुश्किल बाहर निकाला गया। हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस कर्मियों ने घायलों को कार से निकाल कर एसएन मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां एक और घायल ने दम तोड़ दिया। कार में शराब की बोतल भी मिली हैं।

हादसे में मरने वालों वालों की पहचान नोएडा के रहने वाले गौतम (दूल्हे का भाई), चंदन (32), सुदेश (28) और पटना निवासी संजीव शर्मा, प्रवीण के रूप में हुई है। जबकि नोएडा के रहने वाले राहुल, कुलदीप और गाजियाबाद के अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हैं।

पुलिस के अनुसार, सभी एंब्रॉयडरी का काम करते थे। संजीव शर्मा दूल्हे का पड़ोसी है। चंदन और सुदेश दूल्हे के भाई के दोस्त हैं। प्रवीण रिश्तेदार है। कार सुदेश की थी और वह ही खुद ड्राइव कर रहा था।

आवास विकास और पश्चिमपुरी में निकलती कलश यात्रा

जन एक्सप्रेस। आगरा

श्री दिव्य ज्योति जागृति संस्थान 46 एम के पुरम परी रेस्टोरेंट के सामने पश्चिमपुरी पार्क में 22 अप्रैल से आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा गौतम ऋषि पार्क, कर कुंज चौराहा, आवास विकास सेक्टर 10 से कारगिल चौराहा होते हुए कथा स्थल तक निकाली गई। जिसमें पीत वस्त्रधारी दर्जनों महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर भागीदारी की तो पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया।

मीडिया प्रभारी मुकेश कुलश्रेष्ठ ने बताया कि 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से 6:00 तक व्यासपीठ से सुश्री मेरुदेवा भारती जी कथा का रसपान कराएंगी। कलश यात्रा में पूज्य आशुतोष महाराज की शिष्या गुरु बहन साध्वी करुणा भारती, पार्षद प्रवीना राजावत, बहन रिचा भारती, मुकेश कुलश्रेष्ठ, कुमकुम कुलश्रेष्ठ, राजेश कुलश्रेष्ठ, शिक्षा कुलश्रेष्ठ, निर्मला दीदी, अलका दीदी, राजकुमार आदि प्रमुख सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मोदी की जनसभा के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन

जन एक्सप्रेस। आगरा

आगरा लोकसभा सुरक्षित सीट और फतेहपुर सीकरी लोकसभा के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा 25 अप्रैल को कोठी मीना बाजार में होगी। आयोजन से पूर्व कार्यक्रम स्थल कोठी मीना बाजार में वैदिक मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन कर कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा की गई। आगरा लोकसभा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल, फतेहपुर सीकरी प्रत्याशी सांसद राजकुमार चाहर, उत्तर प्रदेश सरकार कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, आगरा लोकसभा प्रभारी सुनील टंडन, संयोजक टीएन अग्रवाल सहित आगरा महानगर और जिले के जन प्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारियों ने हवन में आहुति देकर अबकी बार 400 पार का संकल्प लेते हुए आयोजन को सफल बनाने की कामना की। हवन यज्ञ के उपरांत पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं को जिम्मेदारी देते हुए आयोजन से संबंधित मंत्रणा की गई। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी संतोष सिंह ने कहा कि 25 अप्रैल को कोठी मीना बाजार में प्रधानमंत्री की जनसभा ऐतिहासिक होगी। आज विपक्ष पूरी तरह से हताश है, देश की जनता में मोदी की गारंटी को लेकर विश्ेह्लास है।

बाइक में पीछे से वाहन ने मारी टक्कर, हादसे में घायल युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

गांव दुभिया निवासी युवक अपने साले की लड़की की शादी में गांव कलूपुरा जा रहे थे। बघियार गांव के पास अज्ञात वाहन उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मारकर निकल गया। गंभीर हालत में उन्हें जसरथपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां से मलखान सिंह जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

19 अप्रैल की शाम करीब सात बजे बघियार के समीप अज्ञात वाहन ने एक बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की जिला अस्पताल में मौत हो गई।

गांव दुभिया निवासी मुख्तार सिंह (52) पुत्र मक्खन सिंह अपने साले की लड़की की शादी में गांव कलूपुरा जा रहे थे। बघियार गांव के पास अज्ञात वाहन उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मारकर निकल गया। गंभीर हालत में उन्हें जसरथपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां से मलखान सिंह जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

नाती के लिए पगड़ी उतार सामने आए मंत्री जी आरोपित युवती को लेकर बोल दी बड़ी बात

- नाती को बेगुनाह बताते हुए पूर्व मंत्री ने युवती पर ही लगा दिए गंभीर आरोप
- जब पूर्व मंत्री ने पत्रकार वार्ता में दिखाए अपने नाती और युवती के फोटो तो छा गया सन्नाटा

जन एक्सप्रेस। आगरा

आरोपित नाती दिव्यांश चौधरी के पक्ष में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते पूर्व राज्यमंत्री चौधरी उदयभान सिंह, साथ हैं पुत्र संजीवपाल सिंह व अन्य।

जूता कारोबारी और उनकी बेटी को कार से कुचलने की कोशिश के आरोप में नाती दिव्यांश चौधरी का नाम आने के बाद पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह ने भी रविवार को पत्रकार वार्ता कर अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि युवती के आरोप गलत हैं। पूरे प्रकरण में उनका नाम गलत घसीटा जा रहा है। नाती बालिग है। सालों से परिवार से अलग रह रहा है। उसके युवती से कई साल से संबंध थे। उन्होंने आरोप लगाया कि युवती के परिवार ने दिव्यांश को बर्बाद करके रख दिया। पूरा पैसा युवती के परिवार के घर में लग गया। पश्चिम पुरी स्थित रेस्तरां भी बंद हो गया। पुलिस ने भी गलत तरीके से मुकदमा दर्ज कर लिया। नाती कार से युवती के बुलावे पर ही पहुंचा था। इस पर ही उन पर कार से कुचलने की कोशिश का आरोप लगा दिया। जब घटना नहीं हुई तो फिर धारा 307 क्यों लगा दी गई। उनके पास सभी साक्ष्य मौजूद हैं। पुलिस पर भरोसा नहीं है। इसलिए न्यायालय की शरण में गए हुए हैं। पूर्व मंत्री ने युवती और नाती के साथ खींचे फोटो भी मीडिया को दिए हैं। दिव्यांश के ताऊ डॉक्टर संजीव पाल सिंह ने भी आरोप लगाया कि युवती भतीजे को ब्लैकमेल कर रही है। उसका लगातार शोषण किया जा रहा है। घटना वाले दिन भी दिव्यांश को फोन कर ट्रेन से आने की जानकारी दी थी। मगर, बाद में वह दूसरी ट्रेन से आ गई थी। इस पर ही भतीजा उसके घर पहुंचा था। उसे ब्लैकमेल करने के लिए कार से कुचलने की कोशिश का आरोप लगा दिया।

ट्रेनों में अवांछित गतिविधियों पर रहेगी पैनी नजर

वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ने की स्थिति की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। आगरा

राजधानी, शताब्दी और वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की जाएगी। इसके साथ ही ट्रेन के शीशे या अन्य प्रकार से नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के साथ भी सख्ती की जाएगी। ट्रेनों में अवांछित गतिविधियों पर नजर रहेगी। इसको लेकर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अनुभव जैन ने सख्त निर्देश दिए हैं।

छावनी स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के गोवर्धन हॉल में आरपीएफ द्वारा अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अनुभव जैन ने मंडल के सभी निरीक्षकों और चौकी प्रभारियों ट्रेनों में होने वाली अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के निर्देश दिए हैं। आगरा मंडल की सभी पोस्ट आगरा छावनी, आगरा किला मथुरा, धौलपुर, फतेहाबाद, कोसीकला यमुना ब्रिज के निरीक्षकों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं सभी चौकी प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग ली गई, जिसमें लोकसभा चुनाव एवं सुरक्षा संबंधित आदेश दिए हैं। मीटिंग में आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान ट्रेनों से होने वाली अवैधानिक गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं उनके रोकथाम कर धरपकड़ करने आदि सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पत्थर बाजी की घटनाओं अवैध वेंडिंग, एसीपी की घटनाओं पर पूर्णता अंकुश लगाने के लिए विशेष कदम उठाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। सभी निरीक्षको क्राइम कंट्रोल बाबत विशेष सावधानी बरतनी की हिदायत के साथ कुछ पोस्ट के अच्छे कार्य की सराहना की गई।

टायर फटने से ईको कार पलटी, पति-पत्नी घायल

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

ईको कार से परिवार के सदस्य खैर के गांव अरनी जा रहे थे। ईको का अचानक टायर फट गया। कार खंती में पलट गई। हादसे में पति-पत्नी घायल हो गए।

21 अप्रैल दोपहर को रिश्तेदारी में बीमार व्यक्ति का हाल चाल लेने जा रहे परिवार की ईको कार टायर फटने से खंती में जा पलटी। आनन-फानन सवारियों को लोगों ने ईको से बाहर निकाला। घटना में पति-पत्नी को चोटें आई हैं।

थाना इगलास के गांव गिंदौरा निवासी ऋषि कुमार ने बताया कि खैर के गांव अरनी में उनकी बहिन रहती है। उनके बहनोई की तबियत खराब होने पर वह और उनके पिता बेनामी सिंह पुत्र होतीलाल, उनकी मां बुद्धो देवी , भाभी व दो छोटे बच्चे ईको कार से जा रहे थे। गोरई-गोंडा मार्ग पर गांव पाइन्दापुर बम्बा के पास चलती हुई गाड़ी का टायर अचानक फट गया। टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार को ऋषि कुमार ने संभालने का प्रयास किया, परन्तु इतनी देर में कार सड़क किनारे खंती में पलट गई। कार पलटते ही सवारियों में चीख-पुकार मच गई।

बाइक सवार चार युवकों को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, दो की मौत

जन एक्सप्रेस। नोएडा

एक बाइक पर सवार होकर कंपनी से घर लौट रहे चार लोगों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। शनिवार आधी रात के बाद सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के यू-टर्न के सामने हुए हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद चालक मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। कार में शराब की बोतलें और बीयर की केन रखी थी। हादसे में जान गंवाने वाले कंपनी कर्मचारी की पहचान मूल रूप से एटा निवासी मुकेश सिंह और अलीगढ़ निवासी कैलाश कुमार के रूप में हुई है। मुकेश व कैलाश अलीगढ़ निवासी लायक सिंह व अनिल के साथ सेक्टर-61 स्थित उपेरा ग्लोबल कंपनी में काम करते थे। शनिवार को काम समाप्त होने पर चारों रात 1ः45 मिनट पर चारों कंपनी से साथ निकले थे। चारों एक ही बाइक पर सवार होकर सेक्टर-63 के वाजिदपुर स्थित कमरे पर जा रहे थे। सेक्टर-62 की तरफ जाने वाले सड़क पर मेट्रो स्टेशन के पास यूटर्न पर पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि चारों युवक बाइक से उछलकर दूर सड़क पर गिर गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान मुकेश को एम्स दिल्ली रेफर कर दिया गया। हालांकि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मुकेश के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई थी। वहीं नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कैलाश कुमार ने रात में ही दम तोड़ दिया। वहीं हादसे में घायल लायक सिंह और अनिल को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया। किसी ने नहीं पहन रखा था हेलमेट सेक्टर-61 की कंपनी में काम करने वाले चारों युवक एक ही बाइक से बगैर हेलमेट पहने जा रहे थे। चारों वाजिदपुर के पास किराये के अलग-अलग कमरों रहते थे। शनिवार रात को पुलिस ने हादसे की जानकारी परिजनों को दे दी थी। रविवार को परिजन नोएडा पहुंच गए। वहीं कंपनी कर्मियों ने हादसे की जानकारी मिलने पर शोक जताया है। सेक्टर-58 पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

कल्ला की काली करतूत: पढ़ने गई किशोरी को खाली कमरे में ले जाकर किया दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद जिले में एक युवक ने नाबलिग लड़की को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस से शिकायत की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। वेवसिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक कॉलोनी की नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर खाली पड़े कमरे में ले जाकर युवक ने दुष्कर्म किया। कई घंटे बाद नाबालिग को पिता ने एनएच नौ से आरोपी के साथ पकड़ा। आरोपी युवक चकमा देकर फरार हो गया। घर जाकर नाबालिग ने अपनी मां को घटना की जानकारी दी। नाबालिग छात्रा के पिता ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर दुष्कर्म व पॉक्सो अधिनियम में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया।

वेवसिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक कॉलोनी में रहने परिजनों ने पुलिस को तहरीर में बताया कि 15 वर्षीय नाबालिग लड़की रोजाना सांय 3 से 4 बजे तक घर से कुरान पढ़ने के लिए कालोनी में एक महिला के घर जाती है। शनिवार को जब समय पर घर नहीं पहुंची तो परिजन उसे तलाश करने निकले तो पता चला कि उसकी बेटी को मोहल्ला कुरेशियान निवासी सगीर उर्फ कल्ला का लड़का फरमान ले गया। पिता जब ढूंढते हुए एनएच नौ पर पहुंचा तो उसकी बेटी फरमान के साथ दिखाई दी। आरोपी फरमान उसे देखकर उसकी बेटी को छोड़कर भाग गया।

आईसीसी के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। आगरा

रसायन विज्ञानियों की देश की अग्रणी संस्था इंडियन काउंसिल ऑफ केमिस्ट्स के फ्रेंड्स पार्क रॉयल, विल्लेचपुरा स्थित केंद्रीय कार्यालय का आज लोकार्पण किया गया, जिसमें आईसीसी के संस्थापक एवं संरक्षक पूर्व कुलपति प्रो जीसी सक्सेना, आईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो राजेश धाकरे एवं पूर्व कुलपति प्रो सुंदरलाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित आईसीसी सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रो जीसी सक्सेना ने कहा कि आईसीसी ने अपनी स्थापना के वर्ष 1981 से लेकर अब तक देश भर में 40 से अधिक राष्ट्रीय अधिवेशन एवं 6 अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस आयोजित कर रसायन विज्ञान के क्षेत्र में अपना सतत योगदान प्रदान किया है। एक लंबे समय से आईसीसी के कार्य को प्रभावी एवं सुगम बनाने हेतु स्थाई केंद्रीय कार्यालय की आवश्यकता का अनुभव किया जा रहा था, जो अब साकार हुआ है।

महासचिव प्रो राजेश धाकरे ने आईसीसी के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि अपनी स्थापना के चार दशक से भी अधिक समय में आईसीसी ने भारत के प्रत्येक राज्य में अपने कार्य को विस्तारित किया और विज्ञान के क्षेत्र में युवाओं एवं शोधार्थियों तथा रसायनज्ञों को लोक कल्याण हेतु रिसर्च के लिए प्रेरित किया। कोषाध्यक्ष प्रो मनोज कुमार रावत ने सभी का स्वागत करते हुए आईसीसी की उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि आईसीसी नए शोधार्थियों को प्रेरणा देने का कार्य करती है। संयुक्त सचिव प्रो एससी गोयल एवं जोनल सचिव प्रो अजय तनेजा ने उपस्थितजन का आभार प्रकट किया।

उद्घाटन कार्यक्रम में आईसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो रंजीत वर्मा ऑनलाइन मोड पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. भारती अरविंद, प्रो विनोद कुमार, प्रो अमित अग्रवाल, प्रो जैसवार गौतम, डा भूपेंद्र सिंह, प्रो रंजीत कुमार, प्रो राजीव शुक्ला, प्रो आशीष कुमार, प्रो कल्पना चतुर्वेदी, प्रो स्मिता चतुर्वेदी, डा हरिओम शर्मा, डा रविप्रकाश, डा महेश खिरवार, डा आरबी सिंह, डा पंकज मित्तल, डा संगीता, डा आकाश, डा प्रेम प्रभाकर, डा ज्ञान प्रकाश, राजेश आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

जब अचानक मच गई चीख-पुकार

बछड़ा बचाने के चक्कर मे कंटेनर ने टेंपो को मारी टक्कर 3 महिलाओं की मौत, 13 घायल

* सूचना पर आनन-फानन मे पहुंचे बरखेड़ा थाना प्रभारी अरविंद चौहान, राहत बचाव कार्य में जुटे

जन एक्सप्रेस । बरखेडा

बरखेड़ा थाना क्षेत्र में डंपर को ट्रक ने मारी टक्कर के हादसे मे तीन महिलाओ की मौत हो गई हैं। और 13 लोग घायल हो गए हैं। जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

अरविंद चौहान
प्रभारी निरीक्षक थाना बरखेड़ा।

बीसलपुर-पीलीभीत हाइवे पर थाना क्षेत्र के गांव पतरासा भट्टा-नवादा के बीच सवारी से खचाखच भरे टेंपो को कंटेनर ने बछड़ा बचाने के चक्कर मे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।जिससे टेंपो मे सवार तीन महिलाओ की दर्दनाक मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। वही घायलो मे 9 लोगो की हालत गंभीर बनी हुई है जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही मृतक महिलाओ मे देवरानी-जेठानी भी शामिल है। बताया जा रहा है की टेपो मे मृतक महिलाओ सहित 14 लोग सवार थे।और टेपो के पीछे आ रहे दो मोटर साइकिल सवार भी चपेट मे आकर घायल हो गए है।वही सभी घायलों को आनन-फानन में बरखेड़ा के सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद नौ गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया और दो लोगो को हल्की चोटे आई जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।वही तीन महिलाओ को डाक्टरो देखते ही मृतक घोषित कर दिया।

इधर हादसे का पता चलते ही घायलों के परिवार के लोग भी सीएचसी पहुंचने लगे। तथा रहागीरो की सूचना पर आनन-फानन मे पहुंचे थाना बरखेड़ा प्रभारी निरीक्षक अरविंद चौहान ने कंटेनर को अपने कब्जे में लेते हुए सड़क हादसे मे घायल हुए लोगो को सीएससी बरखेड़ा भेजवाया। वही बताया जा रहा है की टेंपो चालक सवारी बैठाकर बरखेड़ा से बीसलपुर की ओर जा रहा था। गाव पतरासा भट्टा और नवादा के बीच मे सड़क हादसा हो गया।

टेंपो में 14 सवारियों बैठी हुई थी। सड़क हादसे में बीसलपुर के मोहल्ला दुबे निवासी चंद्रकली(65) पत्नी संतराम व उनकी जेठानी उमेरी देवी (70) पत्नी रोशनलाल और बरेली क्योलाडिया के गांव अटंगा चांदपुर निवासी फूलबानो की मौत हुई है। मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है और परिवार के लोगो का रो-रोकर बुरा हाल है।

राज्य मंत्री ने यूपी बोर्ड के टॉपर्स को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार में यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद टॉप एवं प्रदेश टॉप 10 सूची में जगह बनाने वाले जनपद के विद्यार्थियों को अपने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर राज्य मंत्री ने कहा है कि बच्चे देश का भविष्य हैं। जिन्होंने अपनी मेहनत के बल पर न सिर्फ जनपद टॉप करके नाम रोशन किया हैं। बल्कि प्रदेश सूची में अपना स्थान बनाकर भी जनपद का गौरव बढ़ाया हैं। उन्होंने टॉपर्स विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता के लिए परिजनों एवं उनके गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया हैं। दिन के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह सफलता प्राप्त की राज्य मंत्री ने सभी टॉपर्स एवं परीक्षा में उतरन जनपद के चार छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की हैं।

घर में घुसकर युवती संग दुराचार का प्रयास

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेली युवती को देख युवक के द्वारा दुराचार के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के द्वारा दी गई नामजद तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ घर में घुसकर छेड़खानी का केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी युवती का आरोप है कि शनिवार की दोपहर परिवार के लोग खेत में काम करने गए थे। वह घर में अकेली थी। रसोई में खाना बना रही थी कि तभी शेख असरखपुर गांव निवासी रज्जक कुरैशी चुपके से घर में घुस आया। बदनीयती से उसका हाथ पकड़ छेड़खानी करने लगा।

पड़ोसी की कच्ची दीवार गिर जाने से दो लोगों की मौत 6 लोग हुए घायल

* शादी की खुशियां मातम में बदली

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

जनपद की तहसील बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भसूडा निवासी छेदालाल पुत्र सोहनलाल उम्र 40 वर्ष ने बताया कि आज उनकी पुत्री का विवाह है। बारात गांव के बाहर पुलिया पर पहुंच चुकी थी। बारातियों के स्वागत की तैयारी कर रहे थे। इसी समय पड़ोसी दिनेश कुमार शर्मा की कच्ची दीवार गिर गई। जिसकी चपेट में आकर महावीर पुत्र रोशन लाल 18 वर्ष निवासी भसूड़ा, चंद्रवीर पुत्र रूपलाल निवासी लईया थाना भुता की मौत हो गयी तथा आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में महावीर पुत्र राम अवतार निवासी खासी धरमपुर थाना हाफिजगंज, हरेंद्र पुत्र भूपराम निवासी भसूड़ा, रामचरण पुत्र रामभरोसे निवासी गरगइया थाना दियोरनिया, अखिलेश पुत्र राम खिलावन् निवासी दियोहना थाना दियोरिया कला घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस से बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां डॉक्टर द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद चार लोगों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। हालांकि शादी की खुशियों के बीच हुई दो लोगों की मौत से जहां सन्नाटा परस गया हालांकि नम आंखों से दुल्हन की विदाई की गई।

शादी तय होने के बाद किशोरी को युवक ने बहला फुसलाकर भगाया, पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

शादी तय होने के बाद युवती को एक युवक ने अपने साथियों की मदद से बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरार युवती के पिता ने कान के कुंडल और 20 हजार रुपए की नकदी युवती द्वारा साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर फरार युवती की तलाश शुरू कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसने अपनी बेटी की शादी बीसलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में तय की थी। जिसकी शादी होने वाली है। आरोप है कि गांव निवासी हरिओम पुत्र रामचंद्र जो कि शादीशुदा है उसकी पुत्री पर गलत नजर रखता है। उसने दिनांक 2 सितम्बर 2023 को उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसको लेकर हरिओम उसके परिवार से रंजिश रखने लगा। दिनांक 20 अप्रैल 2024 को एक राय होकर हरिओम, संगीता देवी पत्नी हरिओम, रामचंद्र पुत्र गंगाराम, इंद्रजीत पुत्र रामचंद्र, संजीव पुत्र रामचंद्र निवासी रहमान गंज उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गए। आरोप है कि उनकी बेटी कान के कुंडल और 20 हजार रुपए की नकदी भी साथ लेकर गयी है। पीड़ित ने अपनी बेटी को कई जगह तलाश किया। किन्तु कोई पता नहीं चला। जिस पर पीड़ित ने हरिओम के परिवार वालों से बात की। जिस पर सभी लोग लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हरिओम, संगीता देवी, रामचंद्र, इंद्रजीत, संजीव निवासी रहमान गंज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर फरार युवती की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस फरार युवती की तलाश कर रही है जल्द ही युवती को बरामद किया जाएगा।

भड़रिया मोड़ पर दो कारों की हुई टक्कर

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली निवासी सूर्य प्रताप ने बताया कि वह अपनी पत्नी ज्योति के साथ कार से बरेली से शादी समारोह से वापस अपने घर आ रहे थे। वह जैसे ही बीसलपुर बरेली मार्ग पर स्थित भड़रिया मोड़ के पास पहुंचे वैसे ही विपरीत दिशा से आ रही कार से उनकी कार की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही ज्योति गंभीर रूप से घायल हो गई वहीं दूसरी कार पर सवार सुधांशु निवासी सनगमा थाना दियोरिया कला व उनके साथी विमल गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों घायलों को बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। डॉक्टर द्वारा तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।

आर पी एफ निरीक्षक ने दो टिकट दलालों के दुकान पर की छापेमारी

* दो लैपटॉप दो मोबाइल समेत 72 हजार के ई टिकट बरामद, दो टिकट दलाल गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त उत्तर रेलवे लखनऊ के निर्देश पर रेलवे सुरक्षा बल प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार दिवाकर ने ई-टिकट दलालों के खिलाफ अभियान चला दो टिकट दलालों को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट की धारा में चालान किया।

रविवार को मुखबिर की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार दिवाकर ने खेतासराय थाना क्षेत्र के गुरैनी बाजार स्थित अवैध ई टिकट दलाली में लिप्त मोहम्मद इब्राहिम पुत्र नौशाद आलम के दुकान पर छापेमारी कर 9 ई-टिकट बरामद किया जिसकी कीमत 48488 रुपया व टिकट बनाने में प्रयुक्त मोबाइल व लैपटॉप बरामद किया। वहीं गुरैनी स्थित अल अहनफ टूर एंड ट्रेवल्स नाम दुकान पर छापेमारी कर अब्दुल सुभान पुत्र अब्दुल रूऊफ के यहां से 10 ई टिकट बरामद किया।जिसकी कीमत 23682 है।व एक अदद मोबाइल व एक अदद लैपटॉप बरामद किया गया। दोनों आरोपितों के विरूद्ध रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक प्रभु नारायण सिंह कांस्टेबल जनार्दन यादव कांस्टेबल अंजलि धीमान मौजूद रहे।

शातिर तरीके से जालसाजों ने लगाई 17 लाख की चपत

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

एशियन पेंट्स की डीलरशिप दिलाने के नाम पर सिद्धगिरी बाग, छित्तूपुर निवासी सिद्धार्थ सिंह से 11 लाख 14 हजार 539 रुपये की धोखाधड़ी की गई। प्रकरण को लेकर सिद्धार्थ सिंह की तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। सिद्धार्थ सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने एशियन पेंट्स लिमिटेड की डीलरशिप का ऑनलाइन विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में डायरेक्टर के रूप में अमित सिंगले का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज था। अमित सिंगले को कॉल करने पर उसने बताया कि डीलरशिप लेने के लिए 11,14,539 रुपये कंपनी की मुंबई शाखा के बैंक खाते में जमा करना होगा।

मनबढ़ बारातियों की पिटाई से घायल अण्डा विक्रेता की इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ागांव में अण्डा विक्रेता पिता गोविंद अग्रहरि एवं पुत्र अनुराग अग्रहरि को बारातियों ने पीट कर लहूलुहान कर दिया था। बीएचयू के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान गोविंद अग्रहरि की रविवार भोर में मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया है। फिलहाल गोविंद की मौत से ग्रामीणों में बेहद आक्रोश है। वहीं पुत्र अनुराग अग्रहरि की हालत गम्भीर बताई जाती है।

मालूम रहे शुक्रवार की देर रात अरगुपुर खुर्द गांव में जा रही बारात की एक चार पहिया वाहन दुकान के पास रुका। उसमे से छह सात

की संख्या में निकले अज्ञात मनबढों ने दुकान पर पहुंचकर उबाला अंडा और आमलेट मांगा। दुकान पर भीड होने की वजह से थोडी देर मे देने की बात कही तो गुस्साए मनबढों ने हंगामा कर दिया। मना करने पर मनबढ़ युवकों ने लाठी डंडे से बडागांव निवासी गोविंद अग्रहरि पुत्र छोटेलाल अग्रहरि व अनुराग अग्रहरि पुत्र गोविंद अग्रहरि को पीटकर घायल लहूलुहान कर दिया था।

इस बाबत कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि बारात खेतासराय से अरगुपुर खुर्द जा रहा था। सुल्तानपुर जनपद अखंड नगर थाना क्षेत्र के लड़का पक्ष से बारात में शामिल होने फार्च्यूनर गाड़ी से बड़ागांव अण्डा विक्रेता की दुकान पर पहुंचे थे।

फिलहाल गाड़ी व दो युवकों को गिरफ्त में लिया गया है। सात आठ अज्ञात के विरूद्ध 307 का मुकदमा दर्ज हुआ था।

इसे हत्या की धारा 302 में तब्दील कर दिया गया। मामले को गम्भीरता से लिया गया है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही है।

हत्या के प्रयास के फरार चार आरोपित गिरफ्तार

* असलहा बनाने का उपकरण व आधा दर्जन तमंचा बरामद
* कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी सफलता

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज। क्षेत्र के बडौना गांव में आई बारात में निमंत्रण देने पहुंचा पूर्व प्रधान के पुत्र अमन बिंद मनबढ़ युवकों ने गोली मारकर मौके से फरार हो गए थे।

रविवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय व सरपतहा प्रभारी ने हमराहियों के साथ बडागांव नहर के पुलिया समीप से एक आरोपित बडागांव निवासी रवि बिंद पुत्र विश्वनाथ बिंद को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर बडागांव नहर से 100 मीटर दूर एक खंडहर से बडौना निवासी चंदन पुत्र बरखू, बडौना निवासी विष्णु पुत्र मदन व अर्गूपुर गांव निवासी सूरज बिंद पुत्र भोलानाथ बिंद को एक पिस्टल 32 बोर एक कट्टा 315 बोर, एक कट्टा 32 बोर निर्मित एवं एक कट्टा 315 निर्मित एवं दो कट्टा 315 बोर एवं एक कट्टा 12 बोर अर्धनिर्मित तथा 10 स्प्रिंग, 20 नट बोल्ट, एवं दो पिलास, दो हथौडी, दो पेचकस, नौ पाइप, एक आरी मय ब्लेड, व एक ब्लेड एक गरैन्डर मशीन इलेक्ट्रिक मय ब्लेड, दो रिपिट एवं एक भट्ठी, एक सुलेशन, तीन मसाला, दो राड समेत घटना में प्रयुक्त एक तमंचा खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर हत्या के प्रयास समेत आर्म्स एक्ट की धारा में सभी का चालान न्यायालय भेज दिया।

आग लगने से दो बीघा गेहूं समेत 50 बीघा का डन्ठल भूसा जलकर हुआ राख

* सराय ख्वाजा के अतरही चकवा गांव का मामला
* फायर ब्रिगेड, ग्रामीणों की मदद से 3 घंटे बाद आग पर पाया गया काबू

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अतरही व जमुहाई गांव के बीच में रविवार को दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में आग लगने से दो बीघा गेहूं की खड़ी फसल और दर्जनों किसानों का 50 बीघा खेत का भूसा डन्ठल जलकर राख हो गया, सूचना पर पहुंचा फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की मदद से 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार अतरही गांव के पास रविवार दोपहर 12 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के डन्ठल में आग लग गयी। तेज हवा के झोंके से आग इतनी विकराल हो गई की अतरही, जमुहाई, आनापुर चकवा के 50 बीघा खेत गेहूं के कटे डन्ठल में फैल गई। इसकी सूचना ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड और 100 नंबर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और दो फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आंग पर काबू पाया गया। तब तक मुन्नालाल गौतम का दो बीघा गेहूं और भोला नाथ का 100 बोझ गेहूं दर्जनों किसानों का भूसा जलकर राख हो गया। 50 बीघा गेहूं के डन्ठल में आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल सका। किसानों का कहना है कि भूसा जल जाने से पशु के चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। हालांकि इस दौरान रिहायशी मडहे भी आपकी चपेट में आने से बच गए।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत पांच घायल

* वैवाहिक कार्यक्रम में जाने के दौरान पेड़ से टकराई कार
* मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क दुर्घटना में एक की मौत पांच घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।

जानकारी के मुताबिक अपने रिश्तेदार की अर्टिका कार में सवार होकर खुटहन थाना क्षेत्र के तिलवारी गांव निवासी सारस्वत सिंह पुत्र मनबोद सिंह व सरपतहां थाना क्षेत्र के समसुद्दीनपुर गांव निवासी 19 वर्षीय आलोक सिंह पुत्र संतोष सिंह, 45 वर्षीय गुडिया सिंह पत्नी कालिका उर्फ अपरबल सिंह, 13 वर्षीय अंश सिंह 10 वर्षीय बिरत सिंह पुत्रगण संजय सिंह के साथ मालीपुर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही अयोध्या मार्ग स्थित आजमगढ़ जनपद के खेमीपुर नहर समीप सिकंदर पट्टी चौराहे पर पहुंचे सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई। उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए सभी घायलों को इलाज हेतु

राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान सारस्वत सिंह को मृत घोषित कर दिया। गुडिया सिंह की हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं मौत की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया।वही परिवार के लोग पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को अपने साथ अपने घर लेकर चले गए।

दूसरी घटना खेतासराय थाना क्षेत्र के नौली गांव निवासी साहेब लाल (50)पुत्र बंसू राजभर रविवार की दोपहर रेलवे स्टेशन से अपने घर लौटते समय सबरहद स्थित भरौली मोड के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद साहेब लाल की हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

शार्ट सर्किट से निकली चिनगारी ने मचाया तांडव

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सुइथाकला। थाना क्षेत्र के कोटिया कम्मरपुर गांव में रविवार को शार्ट सर्किट से निकली चिनगारी ने भयावह ताण्डव मचाया।आग के आगोश में पचीसो बीघे की खड़ी फसल और जानवरों के लिए खेत में पड़ा कई कुण्टल भूसा जलकर खाक हो गया।आग इस तरह समूचे क्षेत्र को आगोश में ले रखा था कि उसके सामने सभी लाचार दिखाई पड़ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार 11.45बजे के आसपास कम्मरपुर और कोटिया गांव में शार्ट सर्किट से निकली चिनगारी से बने आग के गोले ने भयंकर ताण्डव मचाते हुए लगभग सौ एकड़ के आसपास के क्षेत्र को अपने आगोश में ले लिया।इस भीषण तबाही में कम्मरपुर, कोटिया,डकहा से लगायत ऊंचगांव सीमा तक के दर्जनों किसान खाद्यान्न और पशुओं के लिए छोड़े गए कुण्टलों भूसे से हाथ धो बैठे। हालांकि सूचना पर थानाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद सिंह समेत पुलिस के जवान,फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों के अलावा नायब तहसीलदार विवेक कुमार समेत हल्का लेखपाल केडी पाठक व अन्य मौके पर पहुंच गए थे। लेकिन आग के ताण्डव के आगे सब लाचार दिखाई पड़ रहे थे। खबर लिखे जाने तक राजस्व विभाग की तरफ से लगे लेखपालों के द्वारा पीड़ित किसानों की सूची तैयार की जा रही थी।

परिषदीय विद्यालय के शिक्षक ने किया आचार-संहिता का उल्लंघन वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

लोकसभा सभा चुनाव में एक परिषदीय विद्यालय के शिक्षक द्वारा एक राजनीतिक दल के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि बीते शनिवार देर शाम जौनपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह के पक्ष में अरसिया में आयोजित नुक्कड़ सभा के कार्यक्रम में शाहगंज तहशील के विकास खंड सुईथाकला स्थिति जूनियर हाई स्कूल उचगांव के शिक्षक उमेश चंद तिवारी बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र शाहगंज विधायक रमेश सिंह भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह के साथ आयोजित नुक्कड़ सभा में प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से विभाग में हड़कंप मच गया जिसमें उक्त शिक्षक को मंच पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सजल सिंह विधान सभा शाहगंज भाजपा प्रभारी जितेंद्र सिंह के बगल में बैठे देखा जा सकता है। मामला सोशल मीडिया में आने पर विभागीय अधिकारी सकते में आ गए। क्योंकि उक्त शिक्षक सत्ता पक्ष से जुड़ा होने की बात भी सामने आ रही है।

पीडब्लूडी के एक्सईएन समेत तीन अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर। बिना कार्य कराए फर्जी ढंग से भुगतान को लेकर सरकारी धन का गबन किए जाने के मामले में शिकायत पर कोर्ट के आदेश के बाद शहर कोतवाली पुलिस ने अधिशासी अभियंता सुनील दत्त, सहायक अभियंता सुशील मौर्या व अवर अभियंता संतोष कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। विंध्याचल थाना क्षेत्र के देवरी निवासी अंशुमान सिंह ने पीडब्लूडी के अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां वाद दाखिल किया। बताया कि लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सुनील दत्त, सहायक अभियंता सुशील मौर्या व अवर अभियंता संतोष कुमार द्वारा चिंदलिख से टेढ़वा संपर्क मार्ग व मल्लेपुर यादव बस्ती सम्पर्क मार्ग के लिए आवंटित धनराशि का बिना कार्य कराये फर्जी ढंग से भुगतान कराकर सरकारी धन का गबन किया गया। इसकी शिकायत जिलाधिकारी से किया गया। जांच में तीनों अधिकारियों के प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर निलंबन का कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। न्यायालय ने लोक धन गबन मामले में शहर कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का निर्देश दिया है।

व्यापारी कन्नौज लोकसभा सीट सपा गठबंधन को जितवाएँगे : अभिमन्यु

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश स्तरीय व्यापारी जोड़ो और भाजपा की पोल खोलो मुहिम के तहत आज कन्नौज में समाजवादी व्यापार सभा द्वारा व्यापारी संवाद का आयोजन हुआ जिसमें एक सुर में व्यापारियों ने वर्तमान भाजपा सरकार और कन्नौज के सांसद को उखाड़ फेंकने की हुंकार भरते हुए इंडिया गठबंधन को लोकसभा चुनाव में जितवाने का संकल्प लिया। समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष/प्रवक्ता और कानपुर मंडल प्रभारी अभिमन्यु गुप्ता संवाद में मुख्य अतिथि के रूप मौजूद रहे और कहा कि व्यापारियों की आवाज केवल अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी ने ही उठाई है। अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि वर्तमान कन्नौज सांसद ने केवल व्यापारियों को डराया है और उनके उत्पीड़न को प्रोत्साहित किया है। वर्तमान सांसद की भाषा शैली की पूरा व्यापारी समाज निंदा करता है। भाजप सरकार में कन्नौज के व्यापारिक महत्व को खत्म कर दिया गया। कन्नौज के व्यापारी इस लोकसभा चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देते हुए सपा और इंडिया गठबंधन को रिकॉर्ड मतों से जितवाएंगे। कन्नौज केव्यापारी सपा प्रमुख अखिलेश यादव को यहां का सांसद देखना चाहते हैं। अभिमन्यु गुप्ता ने कहा की कुछ दिनों में बड़ा व्यापारी सम्मेलन का आयोजन कर भाजपा के खिलाफ कन्नौज के व्यापारियों को लामबंद किया जाएगा।जीएसटी में अनेक संशोधनों से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार ने बगैर सोचे समझे अपने पूंजीपति मित्रों की मदद के लिए जल्दबाजी में जीएसटी लागू की। उत्पीड़न,अपराध और महंगाई से व्यापारी समाज त्राहि त्राहि कर रहा है। कन्नौज का व्यापारी वैश्य समाज अब एक होकर भाजपा को जवाब देगा।अभिमन्यु गुप्ता ने नए शामिल पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिए और तय किया कि कन्नौज लोकसभा में समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारी 40 बूथों की विशेष जिम्मेदारी लेंगे। प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता के साथ बैठक में सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष कन्नौज प्रियतेश सिंह तोमर, जिला उपाध्यक्ष व्यापार सभा साहिल खान, सपा कोषाध्यक्ष राजू यादव, प्रदेश सचिव व्यापार सभा विवेक श्रीवास्तव दीपू, काले खान, ऋषि राज अग्रवाल, विनय कुमार, प्रदीप तिवारी, साकिफ कुरैशी, अभिषेक गुप्ता, अनिल गुप्ता, राजेश अग्रवाल, रोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

रूठों के तेवर बदले, एक मंच पर दिखने लगे सपा के बागी

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

छिबरामऊ में फर्रुखाबाद रोड स्थित समाजवादी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में कई बिछड़े हुए मिले, गिले शिकवे दूर हुए और सपा से बागी होकर अलग स्वर अलाप रहे कई दिग्गज नेता एक मंच पर दिखाई पड़े। छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, छोटे सिंह पूर्व सांसद ब ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि आप सब के नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं। आप लोग चुनाव अभियान में जुट जाएं और राष्ट्रीय अध्यक्ष को जिताने का कार्य करें। लगातार जनता महंगाई की मार झेल रही है, बेरोजगारी चरम स्तर पर है। लगातार समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को पुलिस परेशान कर रही है अगर हमारा कार्यकर्ता परेशान किया जाएगा तो चुप नहीं रहेंगे। भाजपा पश्चिम में एक सीट नहीं जीत रही हम लोगों को संविधान बचाने के लिए लड़ना है। पूर्व विधायक ताहिर हुसेन सिद्दीकी और पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के एक मंच पर आने से एक बात बिल्कुल साफ है कि महज छिबरामऊ विधान सभा क्षेत्र ही नही फर्रुखाबाद जिले में भी इस मेल मिलाप का व्यापक असर पड़ेगा। ताहिर के छोटे भाई तहसीन सिद्दीकी फर्रुखाबाद के जिला पंचायत अध्यक्ष रहे है और चचेरा भाई जिले की भोजपुर विधासभा सीट से विधायक रहा है। जाहिर है तहसीन परिवार का दोनो जिलों में बड़ा दबदवा है और इस परिवार का सक्रिय हो जाना इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को बड़ी ताकत देगा। इस मौके पर अरविंद गिरी, जयकुमार तिवारी बाबा राम प्रकाश, प्रताप सिंह यादव, आकाश शाक्य, अंकुर सिंह यादव, मीडिया प्रभारी जानू खान, सत्येंद्र यादव सिकंदरपुर, दीपू यादव, गौरव पटेल, अमन खान, प्रदेश सचिव बंटी फारुकी, वबल प्रधान, पिंकी कश्यप, नीलू यादव, मुकेश कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

आनंद तो मानव के अंदर बसता है: आचार्य धनंजय मिश्र

जन एक्सप्रेस/औरैया। नगर के समीप ग्राम उमरी में चल रही भागवत कथा के छठवें दिन व्यास पंडित धनंजय मिश्र ने भगवत कथा सुनाते हुए रुक्मणी विवाह की कथा भक्तों को सुनाई इस कथा के अनुसार, रुक्मिणी एक बड़े राज्य की राजकुमारी थीं, जो मिथिला के राजा भीष्मक की पुत्री थीं। उनकी सुंदरता, परिपक्वता और गुणवत्ता के कारण, बहुत से राजकुमारों ने विवाह का प्रस्ताव उनके पास भेजा लेकिन रुक्मिणी का मन भगवान द्वारकाधीश श्रीकृष्ण पर आकर्षित था रुक्मिणी ने अपने मन की बात अपने पिता को बताइए और भगवान श्री कृष्ण से विवाह करने का निवेदन किया मगर उनके पिता ने भगवान श्री कृष्ण से उनका विवाह करने के लिए इनकार कर दिया और उनके विवाह के लिए एक स्वयंवर बुलाया जिसमें बहुत से देश के राजकुमारों ने प्रतिभाग किया रुक्मिणी ने अपने स्वयंवर में भी श्रीकृष्ण को ही चुना, लेकिन उसके चाचा राजा रुक्मा ने अपनी स्वीकृति से रुक्मिणी को कृष्ण के साथ नहीं भेजने का फैसला किया। इसके बाद, रुक्मी, रुक्मिणी के भाई, ने रुक्मिणी का विवाह उनकी इच्छा के विपरीत राजकुमार सिशुपाल से तय कर दिया। रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को लेकर एक प्लान बनाया और उन्हें अपने साथ भाग ले जाने के लिए प्रेरित किया श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी को अपने साथ ले जाकर विवाह किया और उन्हें अपनी पत्नी बनाया। इस कथा से हमें प्रेम और साहस की महत्वपूर्ण सीख मिलती है। आज की कथा में परीक्षित श्रीमती चंद्रप्रभा त्रिपाठी और श्री बृज किशोर त्रिपाठी के साथ रजनीकांत त्रिपाठी (बड़े) और देवकांत त्रिपाठी (छोटे) ने आए हुए सभी भगवत प्रेमियों को आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया और 23 अप्रैल को होने वाले भंडारे के लिए आमंत्रित किया।

डा. सी.आर. प्रसन्ना ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/मैनपुरी। सामान्य प्रेक्षक डा. सी.आर.प्रसन्ना ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जनपद के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदाताओं हेतु उपलब्ध मूल-भूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कहा कि मतदान से पूर्व सभी मतदान केंद्रों पर विशेषतौर पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध रहें, दिव्यांग मतदाताओं को अपना मतदान करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, सभी मतदान केंद्रों पर पीने के पानी,समुचित प्रकाश व्यवस्था,धूप से बचाव हेतु छाया की व्यवस्था, रैंप की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये, मतदान कार्मिकों के रूकने हेतु सभी केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था रहें। उन्होने भ्रमण के दौरान मतदाताओं से संवाद करते हुये कहा कि सभी मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को सुरक्षित माहौल के साथ-साथ मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी ।प्रेक्षक ने बूथ संख्या-260 प्राथमिक विद्यालय शरीफपुर,बूथ संख्या-261 प्राथमिक पाठशाला गनेशपुर,बूथ संख्या-262, 263 कम्पोजिट विद्यालय, पंचायत भवन तिमनपुर, बूथ संख्या-264 ऑगनबाड़ी केन्द्र प्रेमपुर, बूथ संख्या-265 कम्पोजिट विद्यालय कल्याणपुर, बूथ संख्या-266 कम्पोजिट विद्यालय हटऊ मुबारकपुर, बूथ संख्या-267 प्राथमिक पाठशाला नगला जुला, बूथ संख्या-268 प्राथमिक पाठशाला जखौआ, बूथ संख्या-269 प्राथमिक पाठशाला भरतपुरा, बूथ संख्या-270 प्राथमिक पाठशाला पनवाह, बूथ संख्या-271, 272 प्राथमिक पाठशाला नगला धनी, बूथ संख्या-279, 280 कम्पोजिट विद्यालय सराय लतीफ, बूथ संख्या-281 प्राथमिक पाठशाला नगला किन्दर, बूथ संख्या-282 डी.ए.वी. उग्चतर माध्यमिक विद्यालय लखैराखुर्द, बूथ संख्या-283 कन्या प्राथमिक पाठशाला लखैरा कलां, बूथ संख्या-284 प्राथमिक पाठशाला नगला छिद्दू, बूथ संख्या-285 कन्या प्राथमिक पाठशाला त्रिलोकपुरा, बूथ संख्या-291 कम्पोजिट विद्यालय बलरामपुर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी डा. सूर्यप्रताप आदि उपस्थित रहे।

भगवान नागेश्वर की शोभा यात्रा में थिरके भक्त

जन एक्सप्रेस/औरैया। दिबियापुर के विकास कुंज में निर्माणाधीन नागेश्वर महाराज की आज विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें विकास कुंज के सभी भक्त शोभायात्रा में शामिल रहे। सभी भक्तगण बैंड और डीजे की धुन पर थिरकते नजर आ रहे थे। सभी भक्तों की पीले ड्रेस में होने के कारण शोभायात्रा में एक अलग रंग और भक्ति झलक रही थी। भगवान राम लक्ष्मण सीता किशन कन्हैया गणेश भोले बाबा की मूर्तियों को रथ पर विराजमान करके प्रमुख मंदिरों पर ले जाया गया। जहां रास्ते में लोगों ने भक्तों के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था की थी कड़ी धूप में भी भक्तों का उल्लास कम नहीं हो रहा था। रास्ते में लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की इसके बाद शोभायात्रा वापस आई। अब प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत आगे का विधि विधान से कार्यक्रम किया जा रहा है 23 अप्रैल को रामचरितमानस का अखंड पाठ के साथ 24 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस मंदिर के लिए सभी लोग सहयोग दे रहे हैं वहीं विकास कुंज के लोगों में खासी खुशी व्याप्त है।इस मंदिर में भोले बाबा की असीम कृपा से राम दरबार राधा कृष्ण दुर्गा जी एवं शिव परिवार विराजमान हो रहे हैं ।जिसमें समस्त विकासकुंज व नगरवासी भागीदार होंगे। एडवोकेट आशुतोष दुबे ने सभी को प्रसाद ग्रहण करने का आमंत्रण दिया है। इस मंदिर के लिए उत्साहित उद्यमी सुशील कुमार दुबे ,रौनक दुबे ,धनंजय दुबे, नीरज दुबे,रमाकांत ,योगेश त्रिपाठी, नीतू शुक्ला देवेंद्र दुबे परमहंस पाण्डेय ,अजय मिश्रा, बीनू मिश्रा,विवेक दीक्षित,अनिल दीक्षित,दिवाकर पाण्डेय, विनय पाण्डेय कमलाकांत तिवारी कैप्टन योगेश त्रिपाठी आदि सभी ने मंदिर निर्माण पर सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया।

चुनाव का पर्व, देश का गर्व, 13 मई को वोट अवश्य दें: डीएम

* जिला निर्वाचन अधिकारी ने नवीन मंडी परिसर की सब्जी मंडी में लोग को वोट डालने के लिए किया प्रेरित

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा लोगों को जागरूक करने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा मंडी परिसर में सब्जी मंडी में लोगों के बीच जाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मतदाता जागरूकता हेतु लोगों के बीच जाकर जागरूक किया तथा आमंत्रण पत्र वितरण किये। उन्होने कहा कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए 13 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान अवश्य करें। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आप लोग याद रखें 13 मई को मतदान दिवस पर आप स्वयं जाएं और अपने परिवारजनों को भी बूथों साथ ले जाएं। कहा कि आप सभी लोग अपने पड़ोसियों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। पूर्व में ऐसा देखा गया है नगरीय क्षेत्र में अधिकांश मतदाता मतदान केंद्रों पर नहीं जाते हैं इसी दृष्टिकोण से हम आपके बीच आए हैं कि आप सभी लोग अपने मतदान केंद्रों पर अवश्य जाएं। कहा कि मतदान पर्ची आपके घर पहुंच जायेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रारंभ हो गया है कन्नौज संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है। कहा कि आप सब जागरुक मतदाता है 13 मई को सुबह 7:00 बजे अपने मतदान केंद्रों पर अवश्य जाएं और अपने परिवार को भी साथ में ले जाएं। अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर स्मृति मिश्रा, उपजिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम, उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर नवनीता राय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बिल्हौर नगरपालिका द्वारा बीआरसी कार्यालय परिसर में रेन हार्वेस्टिंग निर्माण में घटिया सामग्री

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर नगर पालिका द्वारा किस वर्ष के ठेकेदारों ने अंधेर गर्दी मचा रखी है ना ही नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अध्यक्ष कोई ध्यान दे रहे हैं जिसके चलते जो भी निर्माण कार्य हो रहा है घटिया सामग्री द्वारा कराया जा रहा है इसी कड़ी में बिल्हौर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप रेन हार्वेस्टिंग बनाया जा रहा है जिससे मानक के विरुद्ध निर्माण सामग्री प्रयोग किया गया ईट पीला है जिसकी सूचना पर अध्यक्ष इकलाख खा ने ईट मंगवाकर चेक कराया ईटा आपस में टकराने पर टूट गई ठेकेदार को बुलाकर सुधार करने के लिए कहा है। वहीं पर आखिरकार घटिया सामग्री से निर्मित कितने दिनों तक चलेगा यह विचारणीय विषय है आखिरकार नगर पालिका में यह अंधेरगर्दी कब खत्म होगी आखिरकार ठेकेदार किसके संरक्षण में काम कर रहे हैं। ठेकेदारों को अपनी फर्म ब्लैक लिस्टेड और भुगतान प्राप्त न होने का कोई डर नहीं है। एसडीएम रश्मि लंबा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन व्यतता के चलते उनसे बात नहीं हो सकती जिससे एक ज्ञात नहीं हो सका कि गुणवत्ता की जांच कब होगी।

बिल्हौर तहसील के कानूनगो प्रदीप त्रिपाठी का ऑडियो मैच, दूसरे कानूनगो का लेटर वायरल

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील के कर्मचारियों के ऑडियो और लेटर इन दिनों जिले में छाए हुए हैं शनिवार को कानूनगो प्रदीप त्रिपाठी व किसान पीड़ित उमाशंकर से पैसे का लेनदेन का पीड़ित के साथ ऑडियो वायरल हुआ था बाद में पीड़ित द्वारा दबाव में वीडियो भी बनवाया गया था इसको वायरल किया गया लेकिन एसडीएम रश्मि लंबा द्वारा और जिलाधिकारी द्वारा मामले को संज्ञान में लिया गया जिसकी ऑडियो और वीडियो की जांच बिल्हौर तहसीलदार तिमराज सिंह से कराई गई उसमें ऑडियो मैच हो गया है और अधिकारी ने बताया कि पीड़ित को बयान देने की आवश्यकता नहीं है अगर ऑडियो मैच ना होता तो बयान की जरूरत है वही पर्याप्त है। जिलाधिकारी को भेज दी गई है वहीं पर दूसरे कानून गो उमेश राय का लेटर वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की मांग की गई है इस संबंध में तहसीलदार तिमराज सिंह ने बताया कि उन्होंने कोई भी लिखित में अवकाश नहीं लिया था उन्होंने ग्रुप पर अपनी पत्नी की बीमारी का डॉक्टर का पर्चा जरूर डाला था और अपने क्षेत्र का कोई भी काम समय से नहीं किया है । बिना बताएं महीनो से क्षेत्र से गायब हैं ना फोन उठाते हैं जिसके चलते उनका वेतन रोक दिया गया था और वह आरोप प्रत्यारोप बेवजह लगा रहे हैं। जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेज दी गई है जल्द कार्रवाई होगी।

सब्जी मंडी पहुंचे डीएम,मतदान के लिए दुकानदारों, ग्राहकों को किया जागरुक

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

मतदान के प्रति आमजन में जागरुकता लाने के लिये डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला सुबह तडके मंडी पहुंच गये।यहां डीएम ने व्यापारियों और खरीदारों को मतदान के लिये प्रेरित किया। डीएम नगरीय क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत बढाने के लिये कमर कसे हुये हैं। इसे लेकर वह 4 दिन से लगातार नगरीय क्षेत्रों में रोजाना सुबह पहुंचकर मतदाताओं को जागरुक कर रहे है।डीएम अभी तक वार्ड वार मतदाता जागरूकता शिविर लगा चुके हैं। वह घर घर दस्तक दे मतदान के लिए आमंत्रण पत्र भी मतदाताओं तक पहुंचा चुके है।वह भीड़भाड़ वाले इलाके सब्जी मंडी में पहुंचे। यहां एडीएम आशीष कुमार सिंह के साथ माइकिंग के जरिये उन्होने मौजूद भीड़ को सम्बोधित किया।

कूड़ा घर बनने पर मजदूरों पर दबंगों का कहर, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । कानपुर

पनकी। कल्याणपुर में स्मार्ट कूड़ा घर बनने के विरोध में कई दिनों से बवाल चल रहा था जिसने शनिवार को बड़ा रूप ले लिया और सडक़ पर दबंगों ने हथौड़ा, कुल्हाड़ी लेकर मजदूरों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा।जानलेवा हमले में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए थे जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया।वहीं दो को मामूली चोटे आई थी। सडक़ पर लेबरों पर पिता दो पुत्रों द्वारा कुल्हाड़ी फरसे से हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। हालांकि पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सांई बिल्डर के सुपरवाइजर गौरव गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि बुद्धा पार्क से डेढ़ सौ मीटर दूर नगर निगम का स्मार्ट कूड़ा घर बन रहा है जिसका काम उनकी कंपनी कर रही है। जहां कूड़ा घर बन रहा है उसके सामने झुग्गी झोपड़ी डालकर रह रहे गंगाराम और उसके दो लडक़े आए दिन विरोध कर रंगदारी मांगते हैं। जिसको लेकर दो दिन पूर्व पुलिस शिकायत की गई थी। वहीं पुलिस मौके पर आई थी और समझाबुझा कर चली गई थी वहीं शनिवार को निर्माण के दौरान गंगाराम और उसके दोनों लडक़े हथौड़ा, फरसा और कुल्हाड़ी लेकर आए। राजन मिश्रा लेबरों के ठेकेदार वीरेंद्र त्रिवेदी मुकेश और रामनरेश पर हमला कर दिया। सभी जान बचाकर भागे तो दौड़ा कर सडक़ पर हथियार से हमला कर घायल कर दिया जिसमें राजन के सिर में गंभीर चोट आई है। झगड़े की सूचना पाकर मौके पर कल्याणपुर पुलिस ने गंगाराम को गिरफ्तार किया था। वही उसके लडक़ों की तलाश कर रही है। घायल राजन को इलाज के लिए अस्पताल भेजा था वहीं आरोपियों के खिलाफ आज कल्याणपुर पुलिस ने मारपीट और हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

तेल बनाने वाली फैक्ट्री में ट्रक की चपेट में आकर सुपरवाइजर की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

रनियां थाना क्षेत्र के मुबारकपुर लाटा में नेशनल हाइवे किनारे संचालित खाद्य तेल बनाने वाली फैक्ट्री में भूसी लेकर बायलर प्लांट में डालने जा रहे ट्रक की चपेट में आकर सुपरवाइजर की मौत हो गई। परिजनों ने शव फैक्ट्री में रखकर हंगामा करते हुए मुआवजे की मांग शुरू कर दी। करीब 11 घंटे बाद मुआवजे के आश्वासन पर फैक्ट्री प्रबंधन और परिजनों के बीच समझौता हो सका। गजनेर थाना क्षेत्र के रुआ गांव निवासी रणवीर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह (42) पुत्र जगन्नाथ औद्योगिक क्षेत्र रनियां के मुबारकपुर लाटा में संचालित खाद्य तेल बनाने वाली वैभव एडविल फैक्ट्री में सुपरवाइजर के तौर पर कार्यरत था। शनिवार रात करीब साढ़े बारह बजे वह कांटे के पास खड़ा था। इसी दौरान चालक कांटे पर भूसी लदा ट्रक तौल कराकर बायलर प्लांट जा रहा था। तभी चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए सुपरवाइजर रणवीर सिंह को रौंद दिया। जिससे सुपरवाइजर की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की पत्नी अनसूइया, पुत्र- गगन, साहिल, पुत्री आकांक्षा समेत अन्य बिलखते रहे। वहीं घटना से नाराज परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए फैक्ट्री परिसर में हंगामा शुरू कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। करीब ग्यारह घंटे बाद फैक्ट्री प्रबंधन व मृतक के परिजनों के बीच 16 लाख रुपये देने के आश्वासन पर आपसी समझौता हो गया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी रनिया महेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। फैक्ट्री प्रबंधन व परिजनों के बीच समझौता होने की बात कही जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मुबारकपुर लाटा में खाद्य तेल बनाने वाली फैक्ट्री संचालक नियम कायदे ताक पर रखकर काम कर रहे हैं। हालत यह है कि हाईवे की सर्विस लेन पर फैक्ट्री में आने वाले ट्रक व टैंकरों की कब्जा रहता है। जिससे वाहन व पैदल राहगीरों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ती है। साथ ही आए दिन हादसे भी होते रहते हैं। पूर्व में पुलिस ने सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने की चेतावनी भी दी थी, लेकिन अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका है। वहीं चिमनी से उठने वाला धुआं लोगों की सेहत भी बिगाड़ रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं।

प्राकृतिक आपदा में क्षतिग्रस्त हुये सरकारी भवनों का निर्माण शुरू

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

ग्रामीण इलाकों में प्राकृतिक आपदा से हुये नुकसान को दुरुस्त करने का अभियान शुरू हो गया है। ग्रामीण इलाकों में पिछले दिनों हुये आंधी तूफान से गिरे सरकारी भवनों का फिर से निर्माण शुरू हुआ है। मतदान से पहले क्षतिग्रस्त हुये सभी काम पूरा करने के निर्देश भी डीएम ने जारी किये हैं।कन्नौज में 5 दिन पहले आये आंधी तूफान से बॉर्डर से सटे गांवों में तगड़ा नुकसान हुआ था। कहीं पोलिंग बूथ की बाउंड्रीवाल ढह गयी थी तो कहीं भारी भारी पड़ सडक़ पर गिर पड़े थे।जिसके चलते गांव में जाने का रास्ता पूरी तरह बन्द हो गया था। चुनाव को देखते हुये डीएम ने सारी खामियां 13 मई से पहले दूर करने के निर्देश विकास विभाग व जिला पंचायत राज विभाग को दिये थे।ब्लॉक स्तर पर नुकसान का आंकलन कर अब दुरुस्तीकरण शुरू कराया गया है।

कांग्रेस ने लिया इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जिताने का संकल्प, आप भी साथ आई

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मकरंद नगर कन्नौज में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, कन्नौज लोकसभा चुनाव कोऑर्डिनेटर उमेश दीक्षित के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल की अध्यक्षता में लोकसभा कन्नौज के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजय दिलाने के संबंध में बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम के संचालन का कार्य अरविंद दुबे ने किया। बैठक में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रकांत यादव ने उपस्थित रहकर इंडिया गठबंधन को एक जुट होकर लोकसभा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का आवाहन किया। पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं को वर्तमान जुमले बाज पार्टी बीजेपी को हराने के लिए जन-जन तक राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान को नफरत के बाजार में खोलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी

को भारी बहुमत से जिताकर नया इतिहास बनाना है। कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करती है इतिहास गवाह है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव घोषणा पत्र में किए गए वादों को सत प्रतिशत निभाती है जबकि भाजपा सरकार ने 2014 और 2019 के चुनावी वादे अभी तक पूरे नहीं किए हैं। जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी से लेकर बूथ स्तर तक हमारा एक-एक कार्यकर्ता अपने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने के लिए तैयार है। कांग्रेस पार्टी देश देश हित में किसान, मजदूर, नौजवानों के लिए कार्य करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करती है जबकि भाजपा सरकार सत्ता के अहंकार में लोकतंत्र को खत्म करने का कार्य कर रही है। हम सभी को लोकतंत्र को बचाने के लिए इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय दिलाकर मोदी सरकार को सत्ता से हटाने का कार्य करना है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता जिला उपाध्यक्ष अविनाश दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष उषा दुबे, जिला उपाध्यक्ष तारिक बसीर ,पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद शाक्य, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष वीर सिंह, पूर्व एआईसीसी सदस्य किरन वर्मा, जिला महासचिव लोकसभा कोऑर्डिनेटर घनश्याम यादव, जुगल किशोर पाठक, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना सिंह, आकाश कटियार, पुष्पेंद्र पांडे, अंबुज शुक्ला ,जितेंद्र चौहान, इमरान अली ,शिवनारायण शर्मा, शाकिर अली ,गुड्डू गांधी ,संजीव दुबे मुन्ना , आदि लोगों ने सभा को संबोधित किया। मुख्य रूप से अशोक कनौजिया, शकील अहमद ,सत्येंद्र त्रिपाठी, लियाकत अली ,कमरुद्दीन, आशीष शुक्ला ,सत्य प्रकाश शर्मा, फैसल खान, एहसान उल हक ,विकास मिश्र ,निशांत मिश्रा ,शिवम मिश्रा ,विनय त्रिपाठी ,राजेश दिवाकर, प्रदीप सोनी ,वाशीजान ओवैसी, विजयलक्ष्मी दुबे ,इमरान खान, अखिलेश ,सरफराज हुसैन ,रिंकू तिवारी, अमर सिंह तिवारी, मोहम्मद असलम ,चेतन गुप्ता, संजीव दुबे, निलेश कनौजिया, अनुज जाटव ,प्रबल प्रताप ,राहुल, रामकृष्ण राजपूत, राकेश ,आशुतोष त्रिपाठी ,आशीष, राजेश ,ऋषभ सहित सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

पृथ्वी दिवस : करेंगे पृथ्वी की रक्षा तभी हमारी सुरक्षा

जन एक्सप्रेस । विशेष

पृथ्वी को हम सभी माँ कहकर पुकारते है। आज उसी माँ का दिवस है पृथ्वी दिवस। समस्त मानव एवं जीव-जंतु जिसकी गोद में अपना संपूर्ण जीवन बिताते है और अंत में उसी में समाहित हो जाते है, उस पृथ्वी के प्रति अपने सच्चे कर्तव्य को निभाने हेतु संकल्प का दिवस हैं- पृथ्वी दिवस। यह प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है। अनंत काल से हमारी पृथ्वी पुजीत रही है। माँ स्वरूप में पूजित पृथ्वी को हमसभी अपने पैर से स्पर्श करते है यह हमारी विवशता है। इसलिए शास्त्रों में सुबह उठते ही देवी पृथ्वी पर पैर रखने से पहले ही उनसे क्षमा मांगने को बताया गया है-

समुद्र-वसने देवि, पर्वत-स्तन-मंडिते।
विष्णु-पत्नि नमस्तुभ्यं, पाद-स्पर्शं क्षमस्व मे॥

राजीव नन्दन मिश्र

अर्थात समुद्र रुपी वस्त्र धारण करने वाली पर्वत रुपी स्तनों से मंडित भगवान विष्णु की पत्नी, हे माता पृथ्वी ! मुझे पाद (पैर) स्पर्श के लिए क्षमा करें। बना पैर रखे हमसब का कार्य असंभव है परंतु जो इस पृथ्वी पर पर्यावरण है उसको बचाना तो सम्भव है। पर्यावरण की रक्षा एवं सम्मान हमसभी का कर्तव्य रहा है जिसका पालन मानव वर्ग पूर्व से करता भी रहा है। हमारी सभ्यता केवल एक दिन की नहीं बल्कि प्रत्येक दिन इस धरा का पूजन व संरक्षण करने वाली रही है। परन्तु ऐसा क्या हुआ जिसके लिए पृथ्वी के लिए एक खास दिवस मनाने की जरूरत पड़ी, इसका इतिहास जानकर एवं वर्तमान देखकर दु:ख होता है।

रेडियोमेट्रिक डेटिंग की जानकारी के अनुसार हमारी पृथ्वी 4.5 अरब वर्ष पुरानी

पृथ्वी दिवस या अर्थ डे शब्दों को लोगों के बीच सबसे पहले लाने वाले जूलियन कैनिंग थे। 22 अप्रैल जूलियन कैनिंग का जन्म दिवस था। कैनिंग ने अपने जन्मदिवस को अर्थ डे के साथ मनाने का फैसला किया। गेलार्ड के पूर्व के अनेक प्रयास व कैनिंग के जन्मदिन - पृथ्वी दिवस को पहली बार सन 1970 में मनाया गया था। आज विश्व के लगभग 193 से अधिक देशों में इस अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस को मनाया जाता है। इस दिवस को एक वार्षिक कार्यक्रम के रुप में मनाने की शुरुआत पर्यावरणीय सुरक्षा का बेहतर ध्यान देने के लिये, राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करने के लिये प्रारम्भ हुई। पर्यावरणीय मुद्दे के साथ ही युद्ध-विरोधी आंदोलन को नियंत्रित करना, दूसरे जीव-जन्तु के लिये लोगों की जागरुकता बढ़ाने के लिये पृथ्वी दिवस की स्थापना की गयी थी। आज पृथ्वी दिवस विश्व के एक अरब से ज्यादा लोगों द्वारा एक साथ मनाया जाता है। रेडियोमेट्रिक डेटिंग की जानकारी के अनुसार हमारी पृथ्वी लगभग 4.5 अरब वर्ष पुरानी है।

पृथ्वी दिवस की स्थापना 1970 में सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने ही की

पृथ्वी व पर्यावरण के प्रति लोग अपने कर्त्तव्यों को दिनोंदिन भूलते गये। अमेरिकी पर्यावरण के चिंता किये बिना बड़े पैमाने पर ऑटोमोबाइल के माध्यम से उच्च मात्रा में सीसा गैस का उपभोग कर रहे थे। वे इस बात की जरा भी चिन्ता नहीं किये की इसका नुकसान प्राणी जगत को कितना भुगतना होगा। लोग जंगलो को अन्धाधुन्ध काटते गये। प्लास्टिक की उपयोगिता लोगों में बढ़ती गयी। इस प्रकार कई अन्य ऐसे कारण रहे जो पर्यावरण को क्षति ही पहुँचाने वाले थे। 1962 में राचेल कार्सन ने इसके विरुद्ध आवाज उठायी विस्कॉन्सिन सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन संयुक्त राज्य अमेरिका में बिगड़ते माहौल को लेकर चिंतित थे। जनवरी 1969 में, उन्होंने और कई अन्य लोगों ने सांता बारबरा, कैलिफ़ोर्निया में बड़े पैमाने पर तेल रिसाव की तबाही भी देखी। पृथ्वी दिवस की स्थापना 1970 में सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने ही की थी, जो पृथ्वी पर प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों के बारे में गहराई से चिंतित थे। परन्तु वे इस दिवस को आधिकारिक नाम नहीं दिए थे। नेल्सन ने इस दिवस की शुरूआत पर्यावरण के शिक्षा के रूप में की। वे पर्यावरण को लेकर लोगों में जागरूकता लाने का अथक प्रयास किए।

2024 के लिए थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक

पृथ्वी दिवस को दुनिया में सबसे बड़े धर्मनिरपेक्ष उत्सव के रूप में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है। जिसे हर साल मानव व्यवहार को बदलने और वैश्विक, राष्ट्रीय और स्थानीय नीति में बदलाव लाने के लिए कार्रवाई के दिन के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष इस दिवस को मनाने का कुछ विशेष थीम (विषय) होता है । गत वर्ष 2023 में इसका थीम हमारे ग्रह में निवेश करें (इन्वेस्ट इन आवर प्लेनेटझ) था। वर्तमान वर्ष 2024 के लिए थीम -ग्रह बनाम प्लास्टिक (प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक) है। इसे 54वीं वर्षगाठ के रूप में इस वर्ष मनाया जा रहा है।

2040 तक प्लास्टिक उत्पादन में 60 प्रतिशत की कमी लाना

यह पारिस्थितिक और मानव स्वास्थ्य दोनों की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालती है। 2024 का थीम 2040 तक प्लास्टिक उत्पादन में 60 प्रतिशत की कमी लाना, एकल-उपयोग प्लास्टिक के उन्मूलन और तेजी से फैशन के खिलाफ दृढ़ रुख की वकालत पर ध्यान केंद्रित करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आधारित है। पृथ्वी दिवस 2024 प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ लड़ने हेतु प्रतिबद्ध है। यह स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर प्रभावशाली बदलावों पर जोर देने हेतु भी उन्मुख है, जिसमें प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र संधि जैसी पहल का समर्थन करना भी शामिल है। कई शहर पृथ्वी दिवस को पृथ्वी सप्ताह के रूप में पूरे सप्ताह के लिए मनाते हैं।

जलवायु आपातकाल की आवाज उठ रही

पर्यावरण में ग्रीन हाउस गैसों के बढ़ने से जलवायु आपातकाल की स्थिति बढ़ रही है। बीते वर्षो में हमें चक्रवात, जंगल में आग,गर्म हवाएं, सूखा आदि प्राकृतिक आपदाएं बहुत ज्यादा देखने को मिली है ।विश्व के मौसम विज्ञानी तथा जलवायु विज्ञानी मौसम की घटनाओं पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को देख रहे है। वे इसकी चिंता से लोगो को अवगत करा रहे हैं। विश्व के कई देशों के युवाओं के द्वारा जलवायु आपातकाल की आवाज उठ रही और इसे समय रहते देश के सरकारों को समझना जरूरी है।

एयर क्वालिटी इंडेक्स इतना बढ़ जाता है की सांस ले पाना मुश्किल

पूरे सौरमण्डल में पृथ्वी ही ऐसा ग्रह हैं जिस पर जीवन संभव हैं। इस ग्रह पर पानी की अधिकता है और पानी की अधिकता के कारण ही इसे नीला ग्रह के नाम से भी जाना जाता है। प्रकृति द्वारा हमसब को पहाड़, नदियां, पर्वत, हरे-भरे वन और धरती के नीचे छिपी हुई अन्य-अन्य प्रकार के खनिज संपदा धरोहर के रूप में उपहार स्वरूप प्राप्त हुए हैं। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस सम्पदा को कैसे बचाए अर्थात यह तय करे कि कैसे इसकी रक्षा की जाए। आज शहरीकरण और औद्योगिक वृद्धि के कारण वातावरण दिनों दिन प्रदूषित होते चला जा रहा है। कई ऐसे शहर है जहां की एयर क्वालिटी इंडेक्स कभी-कभी इतना बढ़ जाता है की वहां सांस ले पाना मुश्किल हों जाता है।

मुंह धोने के लिए भी खरीदना पड़ रहा पानी

जल के प्रदूषण के कारण समस्त जल स्रोत नदियां, नहरें, झीलें समस्त भूमिगत जल स्रोत पूरे मानव अस्तित्व को खतरे में डाले जा रहा है। जल प्रदूषण के कारण कई ऐसे शहर है जो बूँद-बूँद पानी को तरस रहे है। अभी बेंगलुरू की तस्वीर देख कर समझा जा सकता है कि पानी को लेकर क्या स्थिति है ? वहाँ लोग नहाने के लिए तो क्या मुँह धोने के लिए तरस तरस गये है। वहाँ 5 रुपये में 20 रुपये प्रति लीटर पानी बिक रहा है। पर्यावरण के दूषित होने से कही अल्पवृष्टि कही अनावृष्टि, देखने को मिल रही है। उद्योगों की स्थापना तथा शहरों, सड़कों, राजमार्गों और बांधों के निर्माण के लिये वनों की काटने से वनस्पति के साथ-साथ जीव जन्तुओं का नाश होता है। इन सबका असर हमारी पृथ्वी पर होता है। हम अपनी मेहनत से धन तो कमा सकते हैं लेकिन प्रकृति की इन धरोहरों का जिनका दिनों-दिन ह्रास हो रहा है अगर समय रहते नहीं बचाये तो जो दुर्दशा हम सबकी हो रही है, उससे भी कही ज्यादा दुर्दशा होनी निश्चित है। हम सब कहते हैं कि हमसब विकास पथ पर बढ़ रहे है परंतु पृथ्वी और पर्यावरण के रक्षा के बिना यह विकास शून्य है। पर्यावरण समस्या से दु:खी होकर हेनरी डेविड के ने कहा, भगवान का शुकर है कि इन्सान उड़ नहीं सकता, नहीं तो यह पृथ्वी की तरह आकाश को भी गन्दा कर देता और उसे बर्बादी के कगार तक पंहुचा देता।

नदियों को जोड़ने की योजना का ख़ाका बनाया

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतीय स्तर पर नदियों को जोड़ने की योजना का ख़ाका बनाया। वे जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण को कैसे समृद्ध बनाया जाए इसपर भी बल दिए और अन्य कार्य किए। प्रत्येक वर्ष हम सभी अपना जन्मदिवस हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाते है कम से कम अपने जन्मदिवस पर ही सही एक पेड़ अवश्य लगाए। आइये हम सभी इस पृथ्वी दिवस पर यह संकल्प ले की हमसब मिलकर अपने प्राकृतिक विरासत की रक्षा किसी भी कीमत पर करेंगे। दुष्परिणामों से बचने के लिए हम सभी पृथ्वी और पर्यावरण को विवश न करे। सुंदर लाल बहुगुड़ा ने वर्षो पहले इस विरासत को समझते हुए चिपको आंदोलन प्रारम्भ किया था। उस आन्दोलन में अनेक लोगो ने उनका साथ दिया। जंगलो को कटाई से बचाने के लिए लोग पेड़ो से चिपक जाते थे। कार्बन डाइऑक्साइड के कम से कम उत्सर्जन हेतु भी प्रयास करना होगा। आज भी कई ऐसे पर्यावरण से जुड़े लोग है जो पर्यावरण की महत्ता समझ रहे और इसको बचाने के लिए प्रयासरत है केवल आवश्यकता है कि हमलोग उनका साथ दे।

कांग्रेस ने देश को खोखला किया : पीएम मोदी

राजस्थान के जालोर में कहा, देश का युवा दोबारा इस पार्टी का मुंह नहीं देखना चाहता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भीनमाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- कांग्रेस के इतने हाल खराब है भाइयों। अब देखिए कांग्रेस ने देश पर 60 साल तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, घरेलू गैस, बिजली-पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उनके इन्हीं पापों की सजा देश कांग्रेस को दे रहा है। देश का युवा इतने गुस्से में है कि वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता। मोदी ने भीनमाल (जालोर) में रविवार को 72 जिनालय के सामने स्थित ग्राउंड पर जनसभा को संबोधित किया। मोदी बोले- जिस पार्टी ने कभी 400 सीटें जीती थीं, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। आज कांग्रेस की हालत ये है कि उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। इन्होंने अवसरवादी इंडी अलायंस (इंडिया गठबंधन) बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले कट गई है। कहने को तो गठबंधन है, लेकिन अब हालत देखिए। कई राज्य हैं, जहां ये गठबंधन वाले ही आपस में लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा- इस लोकसभा के चुनाव में देश में पच्चीस प्रतिशत सीटें ऐसी हैं, जहां ये गठबंधन के लोग एक-दूसरे को मारने-काटने में लगे हैं। एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। अगर जिसमें चुनाव के पहले इतनी लड़ाई चल रही है तो चुनाव के बाद लूट के लिए कितनी ज्यादा लड़ाई लड़ेंगे, इसकी कल्पना कर सकते हैं।

मैं मेरे लिए भी वोट मांगने आया हूं: पीएम मोदी

सभा में मोदी बोले- लुंबाराम को वोट मतलब मोदी को मजबूत बनाने की गारंटी। आपके एक-एक वोट से मोदी की ताकत बढ़ेगी, मोदी को काम तेज करने की ताकत मिलेगी। देश को विकसित बनाना और राजस्थान को विकसित बनाने के काम करने में और आसानी होगी। आज मैं सिर्फ लुंबारामजी के लिए वोट मांगने आया हूं ऐसा नहीं है, आज मैं मेरे लिए भी वोट मांगने आया हूं।

कांग्रेस की नीयत ही नहीं रही कि लोगों को पानी मिले : पीएम मोदी

कांग्रेस की कभी नीयत नहीं रही कि किसानों को पानी मिले। उनके जीवन का सबसे बड़ा संकट समाप्त हो। इसका एक उदाहरण है, सालगांव बांध परियोजना, ये साढ़े 4 दशक पहले तब बनी थी जब हर जगह कांग्रेस ही कांग्रेस थी। लेकिन ये योजना कभी पूरी नहीं हुई, जमीन पर उतरी ही नहीं। उस समय अगर ये बांध बन जाता तो 30 लाख से भी कम की लागत आती। इस वक्त इसे बनाने में 250 करोड़ तक लागत पहुंची है। अब भाजपा सरकार इसे पूरा करवा रही है। गुजरात में सरदार सरोवर बांध नर्मदा नदी पर पंडित नेहरू ने शिलान्यास किया था, फिर कांग्रेस ने इसे लटकाए रखा, मोदी ने आकर उसे पूरा किया। मैं मुख्यमंत्री था तब मुझे मनमोहन सिंह सरकार के सामने उपवास पर बैठना पड़ा था। तब मैंने वहां सुजलाम सुफलाम योजना बनाई थी। मुझे खुशी है कि हमारे प्रयासों से आज नर्मदा का पानी बाड़मेर और जालोर जिले के डेढ़ हजार गांवों तक पहुंचा है।

'राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने पानी में भी घोटाला किया'

मैं जब से राजस्थान में आना शुरू किया, कोई भी ऐसा समय नहीं, जब मैंने पानी के विषय में सुना न हो। अभी मैं बैठा था हमारे उम्मीदवार महोदय तुरंत बोले- मोदी जी पानी मेरी पहली प्राथमिकता है। आपके इस सेवक ने किसान के हर खेत और हर बहन के घर तक पानी पहुंचाना अपना मिशन बनाया। इतिहास में पहली बार जल जीवन मिशन जैसा कार्यक्रम चल रहा है। सिर्फ 5 वर्ष में ही देश में 11 करोड़ से अधिक नए परिवारों को नल से जल दिया जा चुका है। लेकिन अफसोस है कि इसी दौरान राजस्थान में पांच साल तक कांग्रेस की सरकार ने पानी में भी घोटाला किया। अब भजनलाल सरकार घोटाले की जांच कर रही है। अब हम हर घर पाइप से पानी पहुंचाने के लिए कार्य कर रहे हैं। ये ट्रेलर है, अभी हमें राजस्थान के विकास को, देश के विकास को नई बुलंदियां देनी हैं। इस संकल्प को लेकर चल पड़ा हूं।

पीएम बोले, मेरा पल-पल आपके नाम

पीएम बोले- मोदी की गारंटी है, आपका सपना ही मेरा संकल्प है। मेरा पल-पल आपके नाम। मेरा पल-पल देश के नाम। कोरोना का इतना बड़ा महासंकट आया। एक तरफ हमने हर परिवार को मुफ्त टीका लगाया। दूसरी तरफ मुफ्त राशन की व्यवस्था की। ताकि गरीब का चूल्हा जलता रहे, गरीब का बच्चा भूखा न सोए। हमने वन नेशन वन राशन की योजना बनाई।

बेटे के रूप में मां-बाप की सेहत का ध्यान रखना दायित्व

पीएम ने कहा- आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का फायदा पूरे देश में मिल रहा है। मोदी ने ये गारंटी दी है हर परिवार में जो बुजुर्ग हैं, 70 साल से ऊपर की आयु के लोग हैं, उनको कह देना दिल्ली में अब आपका एक बेटा बैठा है। ऐसे सभी बुजुर्गों की बीमारी के इलाज में 5 लाख रुपए तक का खर्च आपका ये बेटा करेगा, बता देना। ये मोदी की गारंटी है। एक बेटे के रूप में मां-बाप की सेहत का ध्यान रखना मेरा भी दायित्व है। शुरुआती इलाज के लिए आपको दूर न जाना पड़े, इसके लिए राजस्थान में 10 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। सिरोही में मेडिकल कॉलेज बनने से बहुत फायदा हुआ है। जालोर में भी मेडिकल कॉलेज बनकर जल्द तैयार होगा। मोदी का मिशन है आने वाले दिनों में ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज बने।

मोदी बोले- मैं भी आप ही की तरह सामान्य परिवार से आया हूं

मैं भी आप ही की तरह सामान्य परिवार से आया हूं। मैंने भी परिवार में देखा न बिजली होती थी न पानी होता था, घर में रसोई का चूल्हा धुएं से भर जाता था। बचपन ऐसे ही बिताकर आया हूं, लेकिन जब आज यहां पहुंचा हूं तो मेरे दिल में यही रहता है कि बचपन में जो कठिनाई अपनी मां को भुगतते देखता था मैं ऐसी कठिनाई मेरे देश की एक भी माता-बहन को भुगतते नहीं देखना चाहता। इसलिए मैं आपके बेटे की तरह, आपके भाई की तरह आपके दुख-दर्द को मिटाने के लिए दिन-रात दौड़ रहा हूं। अभी तक राजस्थान के करीब 19 लाख दलित, गरीब, पिछड़े, आदिवासी परिवारों के पक्के घर बन चुके हैं और इसमें एक लाख पक्के घर जालोर और सिरोही में बने हैं। एक घर बनाना होता है तो कितनी तकलीफ होती है ये आप भी जानते हैं, अकेले इस इलाके में मोदी ने एक लाख घर बना दिए। ऐसा इसलिए दिल में एक दर्द पड़ा हुआ है। संवेदना पड़ी हुई है। इसलिए मोदी लालायित रहता है।

अधिकारियों की लापरवाही से उलझा उतरार ग्राम पंचायत का विकास कार्य

शिकायत कर्ता और प्रधान के बीच शिकायत के जरिए सह और मात का खेल जारी

✻ जांच के आदेशों पर त्वरित कार्यवाही न करना अधिकारियों की बड़ी खामी

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

उत्तर प्रदेश के सबसे चर्चित जिलों में शुमार बड़का जिला यानी प्रतापगढ़ की बाबागंज विकास खंड के अंतर्गत आने वाली नव सृजित ग्राम पंचायत उतरात में भ्रष्टाचार और कूट रचित दस्तावेजों का मामला एक बार फिर तूल पकड़ रहा है। जहां प्रधान के विरुद्ध शिकायत करने वाले शिवलाल यादव पर इस दौरान एक से अधिक अलग अलग मामलों में मुकदमे दर्ज हुए वहीं शिवलाल के भाई कन्हैया लाल यादव पर दो सौ करोड़ की अवैध संपत्ति अर्जित करने की शिकायत ईडी व विजिलेंस से प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव द्वारा की गई है। इधर शिकायत कर्ता शिवलाल यादव द्वारा की गई शिकायत का लोकायुक्त ने संज्ञान लेते हुए आगामी आठ मई तक जांच रिपोर्ट तलब की है। इन सब मामलों में एक बात साफ है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले का अंतिम निस्तारण किया जाना सुनिश्चित न हो पाने के कारण सिर्फ ग्राम पंचायत की जनता के साथ एक छलावा साबित हो रहा है।

प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव ने हर शिकायत पर पेश की अपनी सफाई

अब तक शिकायत कर्ता शिवलाल यादव द्वारा 200 से ज्यादा शिकायती पत्र विभिन्न अधिकारियों तक भेज जा चुके हैं, जिसमे 15 बार से अधिक जांच की जा चुकी है, जांच में विकास कार्यों व हमारे निवास से संबंधित कोई कमी नहीं पाई गई। शिकायत कर्ता व हमारे परिवार का पिछली तीन पीढ़ियों से विवाद चला आ रहा है, शिवलाल के घर के बगल में मेरा एक घर है जिसका विवाद चल रहा है उसी में समझौते के लिए तरह तरह की बेबुनियादी शिकायतें की जा रही हैं। इन शिकायतों से पिछले आठ माह से पंचायत के विकास कार्यों की गति धीमी हुई है जिससे नुकसान सिर्फ ग्राम पंचायत की जनता का हुआ है। शिकायत कर्ता शिवलाल यादव ने स्वयं खाद गड्ढे पर कब्जा कर रखा है जिसका मुकदमा भी तहसील प्रशासन द्वारा कराया जा चुका है। वहीं बिजली चोरी का मुकदमा भी शिकायत कर्ता के ऊपर दर्ज है।

शिकायत कर्ता शिवलाल ने बेबाकी से रखी अपनी बात

ग्राम प्रधान द्वारा जिस मकान को अपना बताया जा रहा हैं वह मकान नंबर 77 लोदीपुर में नहीं है, किसी भी जांच में शिकायत कर्ता को बुलाया नहीं गया। आरोपियों के धन बल के दबाव में जांच की गई। विकास कार्य गांव का नहीं बल्कि स्वयं प्रधान का बाधित हो रहा है, 2021 में चुनाव हुआ और 2022 से अबतक लगातार प्रधान के परिजनों द्वारा चार पहिया वाहन सहित अन्य प्रॉपर्टी नगद रूप में खरीदी गई। चुनाव से अब तक बनाई गई संपत्ति के साथ ही इनके आय व्यय का ब्योरा मांगा जाए तब पता चल जाएगा कि विकास कार्य ग्राम पंचायत का बाधित हो रहा है या स्वयं प्रधान का। प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव द्वारा शिकायती पत्र देते हुए मेरे भाई पर 200 करोड़ की अवैध संपत्ति का बेबुनियादी आरोप लगाया गया। जिसकी हम स्वयं चाहते हैं कि जांच हो और उसके बाद तथ्य सही न मिले तो विनोद यादव व प्रधान पर अपराधिक साजिश की कार्यवाही की जाए। गाटा संख्या 130 जिसमे कब्जा स्वयं प्रधान का है और आरोप मेरे ऊपर लगाया जा रहा है। जो मुकदमा खाद गड्ढे में कब्जे का लगाया गया है उसकी नक्शे के साथ बाहरी टीम से जांच कराई जाए तो वही मुकदमा प्रधान पर होगा। मेरे द्वारा की गई हर शिकायत तथ्यों और साक्ष्यों पर आधारित है।

अभिषेक और मैं सुरक्षित नहीं : ममता बनर्जी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

टीएमसी चीफ ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा उन्हें और उनके भतीजे अभिषेक को निशाना बना रही है। ममता बनर्जी ने ये भी कहा कि वह और अभिषेक सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं। टीएमसी चीफ ने भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी पर भी तीखा हमला बोला और बिना नाम लिए उन्हें गद्दार तक कह दिया।

ममता बनर्जी की लोगों से अपील- सावधान रहें

कुमारगंज में पार्टी उम्मीदवार और बंगाल सरकार के मंत्री बिप्लव मित्रा के समर्थन में रैली करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा मुझे और

✻ ममता बनर्जी ने दूरदर्शन को लोगो को भगवा रंग में रंगने का आरोप लगाया

अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं है, लेकिन हम भगवा पार्टी की साजिश से डरेंगे भी नहीं। हम सभी से अपील करते हैं कि वह टीएमसी नेताओं और बंगाल के लोगों के खिलाफ बनाई जा रही साजिश से सावधान रहें। ममता बनर्जी का यह बयान भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के उस बयान के बाद सामने आया है, जिसमें अधिकारी ने कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जिससे टीएमसी का शीर्ष नेतृत्व हिल जाएगा। दूरदर्शन का लोगो बदलने पर भी ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। ममता बनर्जी ने दूरदर्शन को लोगो को भगवा रंग में रंगने का आरोप लगाया। बंगाल सीएम ने आरोप लगाया कि चुनाव के बीच लोगो को भगवा रंग में रंगकर भाजपा धर्म की राजनीति कर रही है। बनर्जी ने कहा कि यह भाजपा के तानाशाही शासन की पहचान है और अगर वह सत्ता में वापस आए तो देश में चुनाव का कोई भविष्य नहीं होगा।

सुवेंदु अधिकारी पर बोला हमला

सुवेंदु अधिकारी पर तीखा हमला बोलते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि एक गद्दार है, जो अपने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा में शामिल हो गया। मैं उसे बताना चाहती हूं कि उसके चॉकलेट बम को हम कोई भाव नहीं देते। हम पटाखों से उनका मुकाबला करेंगे। हम पीएम केयर फंड की विसंगतियों के खुलासे के पटाखे, हर नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख भेजने के जुमलों के पटाखे से जवाब देंगे। वे सिर्फ झूठ फैलाते हैं।

कोकराझार से सांसद नबा सरानिया का नामांकन रद्द

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ने जा रहे कोकराझार के सांसद नबा कुमार सरानिया का नामांकन पत्र रविवार को रद्द कर दिया गया। रिटर्निंग ऑफिसर प्रदीप कुमार द्विवेदी ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरानिया का नामांकन पत्र अवैध पाया गया, इस वजह से यह कार्रवाई की गई। प्रदीप कुमार ने बताया कि 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन था। उस दिन तक 16 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। इसमें से 15 नामांकन वैध पाए गए। वहीं, वर्तमान सांसद नबा कुमार सरानिया का नामांकन अवैध पाया गया। रिटर्निंग ऑफिसर ने यह भी बताया कि नामांकन वापस लेने की आखिरी तिथि कल तक है।

अवैध अंग प्रत्यारोपण हो, तो रद्द करें अस्पताल का लाइसेंस, सरकार का सभी राज्यों को निर्देश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे अवैध रूप से देश में चल रहे अंग प्रत्यारोपण के मामलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि जो भी अस्पताल अवैध रूप से अंग प्रत्यारोपण या अंग प्रत्यारोपण के लिए बने कानून का उल्लंघन करता पाया जाए, उसके लाइसेंस को रद्द किया जाए।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को लिखा पत्र

भारत सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं के डायरेक्टर जनरल डॉ. अतुल गोयल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में पत्र लिखा है। इस पत्र में डॉ. गोयल ने कहा है कि सभी अंग प्रत्यारोपण के सभी आंकड़े मासिक आधार पर राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के साथ साझा किए जाने चाहिए। इनमें देश के नागरिकों के साथ ही विदेशी नागरिकों के आंकड़े भी होने चाहिए।

अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का निर्देश

स्वास्थ्य मंत्रालय ने पत्र में लिखा कि देश में विदेशी नागरिकों को होने वाले अंग प्रत्यारोपण के दर्ज मामलों में उछाल देखा गया है। ऐसे में इन मामलों की भी समीक्षा की जानी चाहिए। मानव अंग प्रत्यारोपण एवं ऊतक कानून,1994 कानून के तहत राज्य द्वारा नियुक्त टीम को अपने-अपने राज्यों में विदेशी नागरिकों को हुए अंग प्रत्यारोपण के मामलों की जांच की जानी चाहिए है। पत्र में डॉ. गोयल ने ये भी लिखा कि कानून का उल्लंघन हो तो सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए और अवैध अंग प्रत्यारोपण में शामिल अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने जैसी कार्रवाई की जानी चाहिए।

अंग प्रत्यारोपण के मामलों की जांच और समीक्षा के निर्देश

सरकार ने अंग दान देने वाले व्यक्ति और अंग दान लेने वाले व्यक्ति दोनों की आईडी बनाना अनिवार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही ऐसी व्यवस्था बनाने को कहा है, जिसमें सरकारी अधिकारी समय-समय पर अंग प्रत्यारोपण के मामलों की जांच और समीक्षा करते रहें। सरकार ने अंग प्रत्यारोपण के मामलों पर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। बीती 4 अप्रैल को हरियाणा के गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने एक होटल पर छापा मारकर एक रैकेट का भंडाफोड़ किया था, जिसमें पैसे के बदले लोगों की किडनी निकालकर उन्हें मरीजों में प्रत्यारोपित किया जा रहा था। जयपुर के दो निजी अस्पतालों में यह रैकेट चल रहा था। इस मामले में बांग्लादेश के नागरिकों को पैसों का लालच देकर उनकी किडनी निकाली जा रही थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)